# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 11-11-2022

# शादी का दबाव बनाने पर आशिक ने की थी सोनी की हत्या

**बीते रविवार को जंगल धूषण के पास मिली थी महिला की लाश**

- पिपराइच पुलिस ने हत्यारोपित को दबोचा, भेजा जेल
- महिला आशिक से शादी का बना रही थी दबाव
- घटना के दिन हुई थी आशिक से मारपीट : थानेदार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बीते रविवार को पिपराइच इलाके के जंगल धूषण स्थित डिग्री कॉलेज के पास एक कटरे में किराये के मकान में रहने वाली महिला की हत्या कर फेंकी गयी लाश मिली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या की पुष्टि हुई। महिला की पहचान गुलरिहा थाने के हरसेवकपुर नम्बर दो मुसलमान टोला निवासी सिकंदर खां की पुत्री शफीना के रूप में हुई थी। पुलिसिया जांच का दायरा बढ़ा तो मामला खुलकर सामने आया कि महिला पति को छोड़कर मायके गई और वहां पर विवाद के बाद वह किराये के मकान में रहने लगी, जहां संतोष नामक युवक से उसका संबंध हो गया। महिला संतोष से शादी करने का दबाव बनाया तो संतोष ने दावत के दौरान महिला का गला दबवाकर हत्या कर दी। पिपराइच थानेदार सूरज सिंह ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**पिपराइच प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के अनुसार गुलहरिया थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नं दो मुसलमान टोला निवासी सिकंदर खां की पुत्री शफीना उर्फ सोनी शादी शुदा थी लेकिन कुछ समय पूर्व अपने पति से झगड़ा कर मायके चली आई, मायके में उसकी जान पहचान मनीष से हो गई जिसको लेकर मायके में उसका परिजनों से विवाद हो गया तो वह अपने किसी परिचित के माध्यम से पिपराइच इलाके के जंगल धूषण गांव के ककरहिया निवासी घनश्याम निषाद के कटरे के समीप एक किराये के कमरे में रहने लगी। इस दौरान मनीष ने उसका परिचय संतोष से कराया तब शफीना ने मनीष से दूरी बना लिया और संतोष से नजदीकियां बढ़ गई। संतोष बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के थाना डुमरी के काला कुम्हियां गांव निवासी ट्रैक्टर चालक रामसुभाग के पुत्र संतोष चौधरी का आना -जाना रहता था। संतोष शफीना के साथ वैसे ही मौज मस्ती करना चाहता था जबकि शफीना उससे शादी के लिए दबाव बना रही थी।

घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला गला कसकर हत्या का निकला जिस आधार पर संतोष को काफी प्रयास के बाद गिरफ्तार किया गया। हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद हुआ।

पिपराइच थानेदार सूरज सिंह ने आज हत्यारोपी संतोष क्षेत्र के कोनी गांव के पास से गिरफ्तार किया । वह नेपाल भागने के फिराक में था। पुलिस से संतोष ने खुलासा किया है कि मेरे ही माध्यम से किराये पर कमरा मिला था। कमरा मिलने के बाद शाम को उसके पास जाता था लेकिन इस दौरान उसका संबंध कई लोगों से हो गया था। यह बात काफी नागवार गुजरती थी। चूंकि शादीशुदा होने की वजह से उससे शादी करना मुश्किल था। घटना के दिन शादी करने की बात को लेकर विवाद हुआ था। शादी के लिए वह दबाव बना रही थी जिससे आजिज आकर उसने दुपट्टे से गला कस कर शफीना की हत्या कर दी और शव को वही छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने आज संतोष को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

**घटना के दिन बना था मीट और चावल**

हत्यारोपी संतोष ने पुलिस को बताया कि घटना के दिन शफीना के क्वार्टर पर मीट और चावल बना था जब खाना खाने बैठे तब फिर शफीना ने शादी के लिए दबाव बनाया जिस पर कहासुनी हो गई। इस दौरान उसने मीट बर्तन सहित बाहर फेंक दिया तो मैंने चावल फेंक दिया। और मारपीट शुरू हो गई।

# एटीएम में घुसकर चोरी करने वाले को सीसीटीवी के सहारे दबोचा

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर पुलिस को एटीएम में घुसकर चोरी का प्रयास करने वाले आरोपी को सीसीटीवी फुटेज में कैद चेहरे के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



एचडीएफसी बैंक का एटीएम तोड़कर चोरी करने की कोशिश करने वाला विकास प्रताप सिंह शाहपुर पुलिस की गिरफ्त में।

गत 5 नवंबर को सुड़िया कुआ स्थित एचडीएफसी एटीएम में घुसकर चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त की पहचान सीसीटीवी व वीडियो फुटेज के आधार पर की गई। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि पांच नवम्बर को सुड़िया कुआ स्थित एचडीएफसी एटीएम में चोरी करने का प्रयास कर रहा था।

कैमरे में कैद फोटो के जरिये पुलिस गुरुवार को दिन में 11 बज कर 50 मिनट पर हड़हवा फाटक चौकी प्रभारी महेश चौबे ने मुखबिर की सूचना पर शिवमन्दिर बौलिया रेलवे कालोनी से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जिसकी पहचान गत 5 नवंबर को सुड़िया कुआ स्थित एचडीएफसी बैंक एटीएम में घुसकर कर चोरी का प्रयास करने वाले वांछित अभियुक्त विकास प्रताप सिंह उर्फ विक्की पुत्र स्व. उदय प्रताप सिंह उम्र 37 वर्ष, निवासी बनकटवा थाना पीपीगंज हाल मुकाम अशोक नगर बशारतपुर थाना शाहपुर गोरखपुर के रूप में हुई।

# दहेज हत्या आरोपी गिरफ्तार

**हरपुर- बुदहट(एसएनबी)।** हरपुर बुदहट पुलिस ने विवाहिता के दहेज हत्या में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कटसहरा निवासी मोहम्मद महबूब ने अपनी पुत्री सलमा खातून की शादी कटसहरा निवासी पीर मोहम्मद के साथ किया था। 24 जून 2022 को दहेज के लिए पति ने विवाहिता को जहर देकर मार डाला था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल के पति,ससुर,देवर सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों के तलाश में जुटी हुई थी। वृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक विज्ञानकर सिंह,उपनिरीक्षक राम बहादुर यादव,कांस्टेबिल अमित कुमार ,मोहित उपाध्याय संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गश्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि दहेज हत्या के तीन अभियुक्त ससुर पीर मोहम्मद,पति नूर मोहम्मद,शाह मोहम्मद अपने घर के पास खड़े है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँच गयी और दहेज हत्या में शामिल तीनो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय से जेल भेज दिया।

# पुलिस लाइन में नगर आयुक्त ने कराया छिड़काव

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने अपनी मौजूदगी में में पुलिस लाइन परिसर में तीन मैजिक गाड़ियों एवं एक बड़ी जेटिंग मशीन से एन्टीलार्वा, सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव कराया। साथ ही बड़ी गाड़ी से फागिंग तथा डस्टिंग का कार्य भी कराया। सफाई निरीक्षक राम विजय को नगर आयुक्त ने निर्देशित किया कि सप्ताह में एक बार पुलिस लाइन परिसर से कूड़ा उठवाने हेतु गाड़ी भेजना सुनिश्चित करें। पुलिस लाइन परिसर में भी प्रतिदिन डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की गाड़ी अनिवार्य रूप से भेजें।

# नाराज पत्नी ने पति पर दर्ज कराया केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कैंट इलाके के नहर रोड पर रहने वाले बिजलीकर्मी पति अपनी ही पत्नी के साथ अप्राकृतिक कुकर्म करता था। पत्नी के विरोध करने पर उसे ऐसा करने के लिए टार्चर कर मजबूर करता था। जब पत्नी ने इसकी शिकायत परिवार में की तो पति ने अपने छोटे भाई संग मिलकर महिला की बुरी तरह पिटाई भी की। देवर ने भी भाई के साथ मिलकर अपनी भाभी से बदसलूकी की। महिला की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पति और देवर के खिलाफ अप्राकृतिक कुकर्म, छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने बताया, केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पीड़िता बोली, देवरानी से फरियाद करने पर देवर ने पति के साथ मिलकर घर में की पिटाई**

**दुपट्टा फाड़ दिया, पीटते हुए कमरे में बंद करने लगे, पड़ोसी के घर भागकर बचाई जान**

### 2012 में हुई थी शादी

शहर के कैंट इलाके के रहने वाले एक रिटायर्ड असफर की बेटी की शादी साल 2012 में कैंट इलाके के एक मोहल्ले में हुई थी। महिला के दो मासूम बच्चे भी हैं। लेकिन शादी के बाद ही महिला का पति उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक कुकर्म करता था, जबकि महिला इसका लगातार विरोध करती थी। इसे लेकर आए दिन दोनों में लड़ाई भी होती थी। लेकिन पति उसे इसके लिए टार्चर करता था और रोजाना उसके साथ यह घिनौनी हरकत करता रहा।

### देवरानी को बताई तो पति व देवर ने पीटा

7 अक्टूबर की रात भी आरोपी पति ने अपनी पत्नी के साथ जबरिया अप्राकृतिक कुकर्म किया और विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा भी। अगले दिन सुबह 8 अक्टूबर की सुबह महिला ने यह बात परिवार में अपनी देवरानी को बताई। इस तरह से परिवार में सभी को इस बात की जानकारी हो गई। लेकिन जब पति को इसकी जानकारी हुई की पत्नी ने यह बात परिवार में बता दी है तो वह अपने भाई के साथ घर पहुंचा और पत्नी की बुरी तरह पिटाई की।

महिला का आरोप है कि पति के साथ देवर ने भी उसकी पिटाई की और गंदी नियत से महिला के कपड़े भी फाड़े। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए और किसी तरह महिला वहां से निकलकर अपने मायके पहुंची। मर्हिला ने मायके पहुंचकर परिवार वालों को घटना की जानकारी दी।

### पति और देवर के खिलाफ केस दर्ज

महिला के पिता के मुताबिक, घटना के एक दिन बाद ही पुलिस में भी इसकी लिखित शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने तत्काल केस नहीं दर्ज किया। बाद में मामला अधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद गुरुवार को इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति और देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# ट्रांसपोर्टर से सामान बुक कराके बेचने वाले तीन जालसाज गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर पहले ट्रांसपोर्टर से सामान बुक करता था और फिर रास्ते में सामान बेच देता था। ट्रांसपोर्टर जब ट्रक की पड़ताल करता तो नंबर प्लेट के आधार पर ट्रक किसी और की निकलती थी। गोरखपुर के ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर कैंट पुलिस ने गुरुवार को तीन जालसाजों को गिरफ्तार कर लिया।

**नकदी, सामान व ट्रक बरामद**

उनके पास से पुलिस ने 72 हजार रुपए कैश, सामान और ट्रक बरामद कर लिया है। तीनों के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान, मो अयूब हमद, निवासी चमकनी गाड़ीपुरा थाना रामचन्द्रमिशन शाहजहांपुर, रियाजुद्दीन और आकाश, निवासी माथन थाना पिसावा, सीतापुर के रूप में हुई है।



कैंट थाने में गिरफ्तार फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर ट्रांसपोर्ट से सामान बुक कर बेचने वाले अभियुक्त।

**गोरखपुर पहुंचते ही बदल दिया ट्रक का नंबर :** पुलिस के मुताबिक, ट्रक मालिक रियाजुद्दीन के पास एक ट्रक नंबर यूपी 3 ए टी 5186 है, जिसे वह इस यूपी से बंगाल और बिहार में चलाता है। इस ट्रक का खलासी आकाश है। बीते दिनों दोनों ने मिलकर बंगाल में माल की डिलेवरी करके आते समय एक ढाबे से पहले मोबाइल चोरी किये। इसके बाद ट्रक लेकर गोरखपुर आए और यहां आते ही जालसाजों ने ट्रक का नंबर बदकर यूपी 3 ए टी 4485 कर दिया जो किसी और के ट्रक का नंबर है।

**13 सितंबर को शुक्ला ट्रांसपोर्ट से बुक किया माल :** यहां 13 सितंबर को गीडा स्थित शुक्ला ट्रान्सपोर्ट पर चोरी के मोबाइल से जाससाजों ने फोन किया और ट्रांसपोर्टर बृजमोहन से कहा, सीतापुर-लखनऊ या उधर की कोई बुकिंग हो तो बताएं। ट्रांसपोर्टर भी माल बुक करने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद जालसाजों ने ट्रांसपोर्टर के पास गलत नंबर की ट्रक का गाड़ी का कागज और गलत ड्राइविंग लाइसेंस (जो राम गोविन्द के नाम से) बना कर जमा कर दिया।

**पाइप और घरेलू सामान लेकर फरार हो गए जालसाज :** ट्रांसपोर्टर बृजमोहन पाइप का काम करते हैं, उन्हें काफी कीमती पाइप हल्दवानी भेजना था। इसके साथ ही घरेलू सामान जनरेटर, फ्रीज, आलमारी, चारपाई, गद्दा, बेड, कुलर, कुर्सी, मेज समेत ट्रक पर लोड कराकर बुक कर दिया, लेकिन ड्राइवर और खलासी रास्ते में से सारा सामान लेकर फरार हो गए। पहले तो ट्रांसपोर्टर ने काफी तलाश की, लेकिन जब ट्रक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने कैंट थाने में केस दर्ज कराया। कैंट पुलिस टीम ने तभी से जालसाजों की तलाश कर रही थी।

**1.50 लाख में कबाड़ी को बेचा था सामान :** गुरुवार को सर्विलांस के जरिए पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और खलासी रियाजुद्दीन और आकाश को सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों की निशानदेही पर सामान भी बरामद हो गए। सभी सामान ड्राइवर और खलासी ने शाहजहांपुर के एक कबाड़ी मो. अयूब को 1.50लाख रुपए में बेचा था। पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार कर सभी सामान बरामद कर लिया।

# खिलौना लेने गयी किशोरी से दुराचार की कोशिश

कुसम्ही बाजार (एसएनबी)। खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात 7 बजे अपना खिलौना लेने गई नाबालिग लड़की से उसी गांव का युवक जबरन अपने घर में ले जाकर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। किशोरी के पिता मौके पर पहुंचने के वाद वह फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया।

**पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लिया**

प्राप्त विवरण के अनुसार एक थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दंपत्ति जो बुढ़िया माता मंदिर पर खिलौने का दुकान लगाती है। मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के दिन लड़की की मां राजघाट पर लगने वाले मेले में खिलौना बेचने गई थी शाम को कुछ खिलौना बच गया था तो गांव का ही लड़के पिकअप चलाता है को बचा हुआ खिलौना घर पहुंचाने को कहा युवक ने खिलौना लेकरअपने घर रात 7 बजे पहुंचा और लड़की के पिता को फोन कर खिलौना ले जाने को कहा लड़की के पिता ने अपनी लड़की को खिलौना लाने भेजा चुकी पिकअप जिस जगह खड़ी थी वहां पर आरोपी के जानवर बांधे जाते हैं उस घर पर कोई अन्य सदस्य नहीं रहता है रात होना और सुनसान देखकर आरोपी युवक ने लड़की का मुंह दबाकर जबरन अपने घर में लेकर चला गया कुछ देर बीत जाने पर जब लड़की घर नहीं पहुंची तो लड़की के पिता ने युवक को फोन किया जब फोन नही उठा तो आशंका हुई और दौड़ते हुए युवक के घर पहुंचा तो देखा कि खिलौना गाड़ी के पास पड़ा है और लड़की नहीं है तो मोबाइल का टर्च जलाकर घर में घुसा तू देखा की युवक लड़की का मुंह बांधकर दुष्कर्म का प्रयास कर रहा है।

# ट्रक का नंबर बदलकर उड़ा देते थे लाखों का माल, तीन अरेस्ट

**कैंट पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को सीतापुर से पकड़ा ट्रांसपोर्टर को लगाते थे चूना**



पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (10 Nov):** कैंट थाना पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को सीतापुर से अरेस्ट किया है. यह गैंग ट्रक का नंबर प्लेट बदलकर पहले ट्रांसपोर्टर से सामान बुक करता था और फिर रास्ते में सामान बेच देता था. ट्रांसपोर्टर जब ट्रक की पड़ताल करता तो नंबर प्लेट के आधार पर ट्रक किसी और का निकलता था. ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर कैंट पुलिस ने गुरुवार को तीन जालसाजों को अरेस्ट कर लिया. उनके पास से पुलिस ने 72 हजार रुपए कैश, सामान और ट्रक भी बरामद कर लिया है. तीनों के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है. पकड़े गए बदमाशों की पहचान, मो. अयूब हमद, निवासी चमकनी गाड़ीपुरा थाना रामचंद्रमिशन शाहजहांपुर, रियाजुद्दीन और आकाश, निवासी माथन थाना पिसावा, सीतापुर के रुप में हुई है.

## गोरखपुर पहुंचते ही बदल दिया ट्रक का नंबर

पुलिस के मुताबिक, ट्रक मालिक रियाजुद्दीन के पास एक ट्रक है, वह इस ट्रक को यूपी से बंगाल और बिहार में चलाता है. ट्रक का खलासी आकाश है. बीते दिनों दोनों ने मिलकर बंगाल में माल की डिलेवरी करके आते समय एक ढाबे से पहले मोबाइल चोरी किया. इसके बाद यह ट्रक लेकर गोरखपुर आए और यहां आते ही ट्रक का नंबर बदल दिया. जोकि किसी और के ट्रक का नंबर है.

## 1.50 लाख में बेचा सामान

गुरुवार को कैंट थाना प्रभारी शशि भूषण राय और सर्विलांस के जरिए पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और खलासी रियाजुद्दीन और आकाश को सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया. कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों की निशानदेही पर सामान भी बरामद हो गए. यह सभी सामान ड्राइवर और खलासी ने शाहजहांपुर के एक कबाड़ी मो. अयूब को 1.50 लाख रुपए में बेचा था.

# साइबर सेल ने वापस दिलाए ठगी के रुपए

GORAKHPUR (10 Nov): साइबर सेल और क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के शिकार 4 लोगो के 1.54 लाख रुपए उनके खातों में गुरुवार को वापस करा दिए. साइबर सेल के अनुसार ऑर्डर डिलीवरी न होने पर गूगल से कस्टमर केयर का नंबर खोजने पर फर्जी कस्टमर केयर द्वारा लिंक भेज कर एक व्यक्ति के खाते से 69,998 की निकासी हुई थी. जिसकी शिकायत रवि अग्रवाल निवासी पिपराइच ने की थी. पुलिस ने उनके खाते में 60,000 वापस कराया. इसी प्रकार रिश्तेदार बनकर लिंक भेज कर राजघाट निवासी पुरुषोतम दुबे के खाते से 44,997 रुपये निकाले गए थे. पुलिस ने पूरी रकम वापस कराई. इसके अतिरिक्त 2 और लोगों की रकम वापस कराई गई.

# पत्नी के साथ कुकर्म करता था पति, एफआईआर

GORAKHPUR (10 Nov): कैंट एरिया में पति का पत्नी के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है. पत्नी के विरोध करने पर उसे ऐसा करने के लिए टार्चर कर मजबूर करता था. पत्नी ने जब इसकी शिकायत परिवार में की तो पति ने अपने छोटे भाई संग मिलकर बुरी तरह पिटाई की. देवर ने भी भाई के साथ मिलकर अपनी भाभी से बदसलूकी की. महिला की शिकायत पर पुलिस ने गुरुवार को आरोपी पति और देवर के खिलाफ अप्राकृतिक कुकर्म, छेड़खानी और मारपीट का केस दर्ज कर लिया है. इंस्पेक्टर कैंट शशि भूषण राय ने बताया, केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है.

## 2012 में हुई थी शादी

कैंट एरिया निवासी एक रिटायर्ड असफर की बेटी की शादी 2012 में कैंट इलाके के एक मोहल्ले में हुई थी. महिला के दो मासूम बच्चे भी हैं. लेकिन शादी के बाद ही महिला का प्रति उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक कुकर्म करता था, जबकि महिला इसका लगातार विरोध करती थी. इसे लेकर आए दिन दोनों में लड़ाई भी होती थी. लेकिन पति रोजाना उसके साथ यह घिनौनी हरकत करता रहा.

## देवरानी को बताया सच

7 अक्टूबर की रात भी आरोपी पति ने अपनी पत्नी के साथ जबरिया अप्राकृतिक कुकर्म किया और विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा भी. अगले दिन सुबह 8 अक्टूबर की सुबह महिला ने यह बात परिवार में अपनी देवरानी को बताई. इस तरह से परिवार में सभी को इस बात की जानकारी हो गई.

# आईजीआरएस पर सुनवाई में महराजगंज अव्वल, प्रदेश में गोरखपुर की 17वीं रैंक

**जिले की 9 तहसील में सबसे खराब सदर तहसील की रैंकिंग**

amarendra.pandey@inext.co.in

GORAKHPUR (10 Nov): समस्याओं के समाधान के लिए शुरू हुआ आईजीआरएस पोर्टल अब परेशानी ज्यादा बन गया है. परेशानी पब्लिक के साथ गवर्नमेंट सिस्टम के लिए भी. शिकायतों के निस्तारण के लिए की जाने वाली रैंकिंग में कई जिलों का ग्राफ सुधरने के बजाय बिगड़ रहा है. यही वजह है गोरखपुर मंडल के अंतर्गत आने वाला महराजगंज जिले को प्रदेश में फर्स्ट रैंक आई है. जबकि गोरखपुर व वाराणसी जिले को 17वीं रैंक मिली है, लेकिन जब बात गोरखपुर जिले के सात तहसीलों की रैंकिंग की बात की जाए तो सबसे खराब परफॉर्मेंस सदर तहसील की है. पिछले तीन महीनों से लगातार रैंकिंग खराब आ रही हैं.

### नगर निगम सर्वाधिक लापरवाह

जिलों की स्टेट लेवल रैंकिंग से सामने आया कि नगर निगम में सबसे ज्यादा शिकायतों के आने पर निस्तारण में हीलाहवाली की जाती है. इस कारण समय सीमा के भीतर आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण नहीं हो पाता.

### 16 कर्मियों की कटेगी एक दिन की सैलरी

आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में समय सीमा का ख्याल नहीं रखने वाले 16 कर्मचारियों-अधिकारियों के एक दिन की सैलरी काटने के लिए डीएम कृष्णा करुणेश ने निर्देशित किया है. डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल के प्रभारी एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता को निर्देश जारी कर कहा है कि आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाले शिकायतों के निस्तारण में समय सीमा का ख्याल रखें और विभागों को प्रतिदिन निस्तारण के लिए कॉल करवाई जाएं. आईजीआरएस पर काम करने वाली टीम में ईडीएम नीरज श्रीवास्तव, ई-गवर्नेंश अंकिता गुप्ता, आशीष कुमार, राघवेंद्र प्रताप सिंह, धीरज श्रीवास्तव, फरहान, शिवम शुक्ला, मो. मुजम्मिल, रंजीत यादव, सौरभ व आशुतोष राय की सक्रियता बढ़ा दी गई है.






जनसुनवाई पोर्टल पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण में डिफाल्टर जिस भी विभाग के पास होगा. उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इसके लिए निर्देशित कर दिया गया है. इसकी मॉनिटरिंग कराई जाएगी, ताकि अच्छी रैंकिंग आ सके.

**कृष्णा करुणेश,**
डीएम गोरखपुर

**केस 01**

वार्ड नंबर 18 के पार्षद प्रतिनिधि राकेश निषाद ने बताया कि दीपू शिव सिंह छेत्री मुख्य मार्ग के खराब होने पर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत 2018 से लगातार दर्ज कराई गई है, लेकिन निस्तारित नही कराया गया है. जबकि इसके लिए सीएम के जनता दर्शन में एप्लीकेशन दिया. उसके बाद कमिश्नर, डीएम, जीडीए वीसी से भी मिलकर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई है. लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है.

**केस 02**

मालवीय नगर कूड़ाघाट के रहने वाले डॉ. आशुतोष कुमार दीक्षित ने बताया कि उनके मोहल्ले में मुख्य सड़क पर खुदाई हुई थी, पाइप लाइन भी पड़ गई. सड़क को बेतरतीब तोड़ दिया गया. लेकिन संबंधित ठेकेदार ने कई जगहों पर गिट्टी डालकर तारकोल से घटिया पैचिंग कर दिया. इसकी शिकायत (40016621817139) आईजीआरएस पोर्टल पर की गई, लेकिन निस्तारण में हीलाहवाली हुई. ऐसे पोर्टल बनाने का क्या फायदा जब निस्तारण में पीछे हो.

### 9 तहसील की परफॉर्मेंस रिपोर्ट

| तहसील | अक्टूबर की रैंक | सितंबर की रैंक | अगस्त की रैंक |
|---|---|---|---|
| कैंपियरगंज | 42 | 45 | 76 |
| चौरीचौरा | 112 | 61 | 1 |
| सहजनवां | 30 | 92 | 36 |
| गोला | 137 | 104 | 17 |
| खजनी | 209 | 141 | 100 |
| बांसगांव | 30 | 174 | 9 |
| सदर | 229 | 205 | 100 |

### आईजीआरएस में जिलों की रैंकिंग

| जिला | रैंक |
|---|---|
| मेरठ | 64 |
| लखनऊ | 37 |
| कानपुर शहर | 75 |
| आगरा | 61 |
| वाराणसी | 17 |
| गोरखपुर | 17 |
| बरेली | 61 |
| प्रयागराज | 47 |

**17** वीं रैंक मिली है, लेकिन जब बात गोरखपुर जिले के सात तहसीलों की रैंकिंग की बात की जाए तो सबसे खराब परफॉर्मेंस सदर तहसील की है. पिछले तीन महीनों से लगातार रैंकिंग खराब आ रही हैं.

**16** कर्मचारियों-अधिकारियों के एक दिन की सैलरी काटने के लिए डीएम कृष्णा करुणेश ने निर्देशित किया है.

# मुंबई से फोन आया तो एटीएम बचाया

**GORAKHPUR (10 Nov):** मुंबई से फोन आने पर शाहपुर थाना पुलिस ने एचडीएफसी बैंक के एटीएम को टूटने से बचा लिया. आरोपित पुलिस की गाड़ी देख फरार हो गया. फुटेज की मदद से पुलिस ने गुरुवार की सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया. दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया. प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि पांच नवंबर की सुबह करीब चार बजे सुड़िया कुआं स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में एक युवक घुस गया. वह एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास करने लगा. इस दौरान एचडीएफसी बैंक के मुंबई स्थित मुख्यालय को अलर्ट मिला, जिसकी जानकारी कंट्रोल रूम से शाहपुर पुलिस को दी गई. पुलिस पहुंची तो गाड़ी को देख आरोपित फरार हो गया. अज्ञात विरुद्ध एटीएम को क्षतिग्रस्त कर चोरी का प्रयास करने मुकदमा दर्ज कर फुटेज की मदद से पुलिस छानबीन कर रही थी.

# पुलिस ने चार का पैसा वापस दिलाया

गोरखपुर। जिले में साइबर सेल व क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के शिकार चार लोगों के 1 लाख 54 हजार 698 उनके खातों में वापस करा दिए।

साइबर सेल के अनुसार ऑर्डर डिलीवरी न होने पर फर्जी कस्टमर केयर द्वारा लिंक भेजकर एक व्यक्ति के खाते से 69 हजार 998 की निकासी हुई थी। रवि अग्रवाल निवासी थाना पिपराइच ने शिकायत की थी। पुलिस ने उनके खाते में 60 हजार रुपये वापस कराए। वहीं राजघाट निवासी पुरुषोतम के खाते से 44 हजार 997 रुपये वापस करा दी। वहीं खजनी के केशभान के 29,701 रुपये भी वापस करा दिए। शाहपुर थाना के सरस्वतीपुरम निवासी रिटायर्ड दरोगा मदन सिंह 20 हजार रुपये वापस दिलाये।

# मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश

गोरखपुर। मारपीट व हत्या का प्रयास करने के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगन्नाथ ने चिलुआताल के जंगल महुअवा निवासी इरशाद व सुभान तथा पोखरभिंडा करीमनगर निवासी राजेश्वर पर केस दर्जकर विवेचना का आदेश पुलिस को दिया है।

# पति पर अप्राकृतिक रेप का दर्ज कराया मुकदमा

- देवर पर लगाया छेड़खानी व मारपीट का आरोप
- बिजलीकर्मी की पत्नी की तहरीर पर दर्ज हुआ केस

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट थाना क्षेत्र के नहर रोड इलाके में रहने वाले एक बिजलीकर्मी की पत्नी ने पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म व देवर पर छेड़खानी, मारपीट का केस दर्ज कराया है। आरोप है कि पति के अप्राकृतिक दुष्कर्म की शिकायत देवरानी से करने पर देवर ने पति के साथ मिलकर बेरहमी से पीटा। कमरे में बंद करने की कोशिश की तो भागकर पड़ोसी के घर जान बचाई। कैंट पुलिस ने बुधवार को अप्राकृतिक दुष्कर्म, छेड़खानी व मारपीट की धाराओं में पति व देवर पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़िता ने तहरीर में लिखा है कि पति शादी के बाद से ही अप्राकृतिक तरीके से संबंध बनाते थे लेकिन, लोकलज्जा के डर से चुप रहती थी। सात नवंबर की रात में पति ने एक बार फिर अप्राकृतिक संबंध बनाने की कोशिश की और विरोध पर मारा पीटा। इसकी शिकायत अगली सुबह देवरानी से की तो देवर को घटना की जानकारी हो गई। इसके बाद देवर ने पति को बुला लिया और दोनों ने मिलकर बेरहमी से पीटा और कमरे में बंद करने की कोशिश की।

# दहेज हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

गोरखपुर। हरपुर-बुदहट पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में पीर मोहम्मद, नूर मोहम्मद, शाह मोहम्मद निवासी कटसहरा थाना हरपुर-बुदहट गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक यह तीनों भाई हैं। पुलिस काफी समय से इन तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में जुटी हुई थी।

# दो बाइक चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

भटहट। गुलरिहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरकुलहां व पिपरी के रहने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तरकुलहां गांव से मंगलवार रात में पड़ोस के घरों से दो बाइक चोरी हो गयी थी। बुधवार सुबह एक बाइक झाड़ियों में मिल गई थी।

# खनन में जेसीबी व दो ट्रैक्टर सीज

कैम्पियरगंज। खड़खड़िया में जेसीबी से रात में मिट्टी खनन की शिकायत पर तहसीलदार राकेश कन्नौजिया ने देर रात छापेमारी कर एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर कैम्पियरगंज थाने को सुपुर्द कर दिया। खड़खड़िया में कई दिनों से रात के अंधेरे में जेसीबी से अवैध मिट्टी खनन चल रहा था।

### कालेसर, बोक्टा, कसरौल समेत डेढ़ दर्जन स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, आए दिन यहां होते हैं हादसे फिर भी रोकथाम के उपाय नहीं

# 18 डेंजर स्पॉट निगल गए दो सौ लोगों की जान

खूनी सड़कें 2

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। हाईवे समेत शहर की लगभग एक दर्जन सड़कें ऐसी हैं जिन पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। सुबह-शाम इनसे होकर गुजरना मौत का सामना करने जैसा लगता है। ये स्थल रोजाना लोगों का खून पी रहे हैं लेकिन इस पर रोकथाम के कोई उपाय आज तक नहीं किए जा सके। जबकि मामूली खर्च से इन डेंजर स्पॉट को दुरुस्त कर लोगों की यात्रा को सुरक्षित और आरामदायक बनाया जा सकता है।

एनएचएआई और यातायात विभाग की नजर में जिले में कालेसर, बोक्टा, कसरौली समेत 18 डेंजर स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। हाईवे ही नहीं, शहर के अंदर की सड़कें भी जानलेवा बन चुकी हैं। शहर के अंदर ही करीब एक दर्जन स्थल ऐसे हैं जिन पर आए दिन हादसे होते रहते हैं। नहर रोड ढलान, अमरूद मंडी तिराहा, पैडलेगंज चौराहा आदि कई स्थान तो ऐसे हैं जिनको पार करते समय रूह कांप जाती है। दिन में भले ही ये स्थान खाली दिखें लेकिन शाम होते ही इन पर वाहनों के बेतरतीब रेला लोगों की मुसीबत को बढ़ा देता है।

खतरनाक बन चुके इन स्थलों को सुरक्षित बनाने की दिशा में जिम्मेदारों ने कोई पहल नहीं की। जबकि इन पर थोड़ी-थोड़ी भी कवायद होती तो इन्हें डेंजर फ्री बनाया जा सकता था।



सहजनवा के पास स्थित कालेसर में आए दिन हादसे होते है।

## बस्ती में हैं 22 ब्लैक स्पॉट

परसा हज्जाम, परसा जाफर चैराहा, गोटवा, कप्तानगंज चौराहा, भदावल, महूघाट, बबुरहवा चौराहा, रामजानकी तिराहा, पववस चौराहा, विक्रमजोत, पटखापुर चौराहा, पालीटेक्निक चौराहा के अलावा सबदेईया कला, चैनपुरवा ओवरब्रिज के पूर्वी छोर, पटेल चौराहा, संसारीपुर चौराहा, बडहर तिराहा, मझौआ चौराहा, अमहट पुल, हडिया ओवर ब्रिज, बड़ेवन ओवरब्रिज पर रेलिंग टूटी है।

## संतकबीरनगर के स्थल

टेमारहमत, बूधा कला, कांटे, भुजैनी, भुवरिया, सरैया, नेदुला, मेंहदावल बाईपास चौराहा, डीघा, सोनी होटल, रैना पेपर मिल, दुर्गा मंदिर मगहर, बनकटिया, खटियावा, नंदौर, बेलहर खुर्द, नेतवापुर, सिरसी। इसके अलावा संतकबीरनगर जिले की ग्रामीण सडके भी हादसे को दावत देती हैं। इनकी मरम्मत नहीं होती है।

## कहीं राहगीर दोषी, कहीं जिम्मेदार सुस्त

गोरखपुर। अपने चारपहिया वाहन से मोहद्दीपुर से लखनऊ जा रहे आनंद शर्मा ने बताया कि पैडलेगंज से होकर अक्सर गुजरना होता है। यहां चारों तरफ से तेज रफ्तार वाहनों की खेप आ जाने से समझ में ही नहीं आता है कि किधर से वाहन निकालें।

बताया कि लाल बत्ती की व्यवस्था शुरू हो जाने से थोड़ी राहत तो मिली है लेकिन जिस तरह से लोग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं उसके चलते खतरे अभी भी वैसे ही बरकरार हैं।

बिछिया निवासी राजेंद्र सिंह ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था लागू होने से लोग नियमों का पालन तो करने लगे हैं लेकिन सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इन रास्तों पर कॉशन बोर्ड व रोड साइन बोर्ड आदि लगा देने से इन हादसों को काफी हद तक रोका जा सकता है।

## हादसे के कारण

- वाहन चलाते समय लापरवाही बरतना
- अचानक किसी वाहन को ओवर टेक करना
- मोड़ पर सड़कों की चौड़ाई कम होना
- रोड साइन बोर्ड और सिंबल का अभाव

## ये होने चाहिए उपाय

- सुरक्षा के लिए रोड साइन, स्पीड ब्रेकर बनवाने चाहिए
- एक्सीडेंट वाली जगहों पर बैरियर लगवाए जाएं
- सड़कों के मोड़ पर चमकने वाला चिन्ह बनाना जरूरी होता है
- सड़कों के किनारे जगह-जगह सड़क सुरक्षा संबंधी स्लोगन लगाए जाने चाहिए
- सड़कों की इंजीनियरिंग सुधारने के लिए समय-समय पर कार्रवाई होनी चाहिए।
- लोगों के अंदर जागरुकता का संचार करना चाहिए

## हाईवे के डेंजर स्पॉट

- **दाना पानी रेस्टोरेंट** : लखनऊ हाइवे पर गीडा क्षेत्र में स्थित दाना-पानी रेस्टोरेंट के पास तेज रफ्तार में वाहन नीचे उतरते हैं। भारी वाहन उतरने की जगह पर ही सड़क पार करने के लिए कट बना है। इसकी वजह से दुर्घटना होती है।
- **कालेसर जीरो प्वाइंट** : शहर से लखनऊ जाने वाले और लखनऊ से बिहार की तरफ जाने वाले वाहन कालेसर जीरो प्वाइंट पर एक दूसरे को पार करते हैं। जिसकी वजह से यहां हादसा होता है। लोहा बैरियर लगा हादसों को रोका जा सकता है।
- **बोक्टा चौराहा** : लखनऊ हाईवे पर यह छोटा सा बाजार है। सड़क किनारे लगने वाले बाजार में लोग साइकिल से और पैदल पहुंचते हैं। जिसकी वजह से आए दिन सड़क पार करते समय हादसा होता है।
- **कसरौल** : सहजनवा क्षेत्र में स्थित कसरौल चौराहा पर कट है। इसे पार करते समय हमेशा हादसा होता है। ब्रेकर व दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र का बोर्ड लगाकर लोगों को सजग किया जा सकता है।
- **भीटी रावत** : शहर और सोनौली की तरफ से आने वाले वाहन लखनऊ जाने के लिए यहां एक लेन में मिलते हैं। सजग न होने व तेज रफ्तार की वजह से अक्सर टक्कर हो जाती है।
- **कौनी तिराहा** : हाइवे पर चढने या उतरने के लिए कोई अंडरपास या ओवरब्रिज नहीं है। इसकी वजह से हाइवे पर चढ़ते समय वाहन आपस में टकरा जाते हैं। पिछले दो साल में यहां सबसे ज्यादा हादसे हो चुके हैं।
- **महावनखोर** : सोनौली हाइवे से सटा घना कस्बा है। सड़क पार करते समय अक्सर पैदल, साइकिल व बाइक सवार तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ जाते हैं।
- **रामनगर कडजहां** : कुशीनगर व देवरिया जाने वाले वाहन जब हाइवे से उतरते हैं तो चौकी के सामने शहर की तरफ आने वाले वाहन को क्रॉस करते हैं। रफ्तार तेज होने की वजह से दुर्घटना होती है।

## शहर के डेंजर स्पॉट

1 **मोहद्दीपुर चौराहा** : चौराहे पर गोलंबर का निर्माण नहीं हो सका है। रात में चारफाटक रोड पर बने शॉपिंग माल की लाइट्स जलती हैं। सामने से आने वाले वाहन चालक चार फाटक की ओर से आ रहे वाहनों को देख लेते हैं। रेल म्यूजियम से सीधे मोहद्दीपुर की ओर जाने वाले वाहन चालकों को चारफाटक से आने वाले वाहन नहीं दिखाई पड़ते।

2 **नहर रोड ढलान** : नौसढ से पैडलेगंज हाईवे से उतरकर एक सड़क नहर रोड होते हुए दाऊदपुर चौराहे तक जाती है। इस मोड पर चारो तरफ से तेज रफ्तार वाहन गुजरते हैं। हाईवे के दोनों तरफ ढलान सड़क होने के चलते राहगीर वाहनों की गति बढ़ाकर हाईवे पर चढ़ते हैं। इससे आए दिए यहां पर हादसे होते रहते हैं।

3 **पीएसी कैंप चौराहा** : जेल बाईपास रोड पर पीएसी कैंपस कॉलोनी से सड़क आकर मिलती है। पीएसी कैंपस से पुल पार कर मेन रोड पर आने वाले लोग तेजी से वाहन लेकर हाइवे पर चढ़ते हैं। सड़कों पर कोई ब्रेकर या रोड साइन बोर्ड न होने से वहां अक्सर एक्सीडेंट की आशंका बनी रहती है। आए दिन यहां पर विवाद होते रहते हैं।

# एटीएम में घुसकर चोरी का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार

- सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने की पहचान
- बैंक के हेडक्वार्टर से दी गई चोरी की सूचना

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। एचडीएफसी बैंक के एटीएम में घुसकर चोरी का प्रयास करने के आरोपित एक युवक को गुरुवार को शाहपुर पुलिस ने दबोच लिया है। एटीएम के सीसीटीवी फुटेज से पहचान के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्र ने बताया कि पांच नवम्बर की भोर में 4 से 5 बजे के बीच सुड़िया कुंआ स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में घुसकर एक व्यक्ति एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास कर रहा था। एचडीएफसी बैंक के हेडक्वार्टर मुम्बई से चोरी के अलर्ट की सूचना दी गई जिस पर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन आरोपित फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज से आरोपित की पहचान विकास प्रताप सिंह पुत्र स्व. उदय प्रताप सिंह निवासी बनकटवा थाना पीपीगंज व हाल पता अशोकनगर बशारतपुर थाना शाहपुर के रूप में हुई। उसे बौलिया कालोनी से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### कैंट पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार कर गैंग का किया खुलासा

# ट्रक का नंबर बदलकर बेच दिया ट्रांसपोर्टर का सामान

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कैंट पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को गुरुवार को गिरफ्तार कर एक गैंग का खुलासा किया। यह गैंग ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर पहले ट्रांसपोर्टर से सामान बुक करता था और फिर रास्ते में सामान बेच देता था। ट्रांसपोर्टर जब ट्रक की पड़ताल करता तो नंबर प्लेट के आधार पर ट्रक किसी और का निकलता था। ट्रांसपोर्टर की शिकायत पर कैंट पुलिस ने गुरुवार को तीन जालसाजों को गिरफ्तार कर उनके पास से 72 हजार रुपये नकदी, सामान व ट्रक बरामद किया है। तीनों के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी व जालसाजी का केस दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

सीओ कैंट श्याम बिंद ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों की पहचान, मो. अयूब हमद, निवासी चमकनी गाड़ीपुरा थाना रामचन्द्रमिशन शाहजहांपुर, रियाजुद्दीन और आकाश, निवासी माथन थाना पिसावा, सीतापुर के रूप में हुई। सीओ ने बताया कि ट्रक मालिक रियाजुद्दीन के पास एक ट्रक नंबर यूपी 34 एटी 5186 है। वह इस ट्रक को यूपी से बंगाल और बिहार में चलाता है। ट्रक का खलासी आकाश है।

बीते दिनों दोनों ने मिलकर बंगाल में माल की डिलीवरी करके आते समय एक ढाबे से पहले मोबाइल चोरी किया। इसके बाद ट्रक लेकर गोरखपुर आए और यहां आते ही जालसाजों ने ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर यूपी 34 एटी 4485 कर दिया जोकि किसी और के ट्रक का नंबर है।



ट्रक का नंबर बदलकर सामान बेचने वाले आरोपी। • हिन्दुस्तान

## पाइप और घरेलू सामान लेकर फरार हो गए

ट्रांसपोर्टर बृजमोहन पाइप का काम करते हैं, उन्हें काफी कीमती पाइप हल्द्वानी भेजना था। इसके साथ ही घरेलू सामान जेनरेटर, फ्रिज, आलमारी, चारपाई, गद्दा, बेड, कूलर, कुर्सी, मेज आदि ट्रक पर लोड कराकर बुक कर दिया। ड्राइवर और खलासी रास्ते से सारा सामान लेकर फरार हो गए। पहले तो ट्रांसपोर्टर ने काफी तलाश की, लेकिन जब ट्रक का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने कैंट थाने में केस दर्ज कराया। कैंट पुलिस टीम तभी से जालसाजों की तलाश कर रही थी।

## 1.50 लाख में कबाड़ी को बेचा था सामान

गुरुवार को सर्विलांस के जरिये पुलिस ने ट्रक ड्राइवर और खलासी रियाजुद्दीन और आकाश को सीतापुर से गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों की निशानदेही पर सामान भी बरामद हो गए। ये सभी सामान ड्राइवर और खलासी ने शाहजहांपुर के एक कबाड़ी मो. अयूब को डेढ़ लाख रुपये में बेचे थे। पुलिस ने कबाड़ी को गिरफ्तार कर सभी सामान बरामद कर लिया।

## 13 सितंबर को शुक्ला ट्रांसपोर्ट से बुक किया माल

13 सितंबर को गीडा स्थित शुक्ला ट्रान्सपोर्ट पर चोरी के मोबाइल से जालसाजों ने फोन किया और ट्रांसपोर्टर बृजमोहन से कहा, सीतापुर-लखनऊ की तरफ कोई बुकिंग हो तो बताएं। ट्रांसपोर्टर भी माल बुक करने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद जालसाजों ने ट्रांसपोर्टर के पास गलत नंबर के ट्रक का कागज और गलत ड्राइविंग लाइसेंस (जोकि राम गोविन्द के नाम से) बनाकर जमा कर दिया।

# शादी का झांसा देकर किराएदार से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर** : शादी करने का झांसा देकर मकान मालिक के बेटे ने किराएदार से दुष्कर्म किया। गर्भ ठहरने पर युवती ने शादी करने का दबाव बनाया तो पिटाई कर दी। पेट में गंभीर चोट लगने से गर्भपात हो गया। युवती की तहरीर पर दुष्कर्म, गर्भपात कराने व मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि इंजीनियरिंग कालेज क्षेत्र में किराए पर रहने वाली युवती बुधवार की सुबह थाने पहुंची। प्रार्थना पत्र देकर उसने बताया कि मकान मालिक के बेटे ने शादी करने का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। गर्भ ठहरने पर उसने शादी करने के लिए बोला तो आनाकानी लगा। दबाव बनाने पर पिटाई कर दी जिससे गर्भपात हो गया। घटना के बाद स्वजन ने उसकी शादी दूसरे जगह तय कर दी। एक माह पहले चुपके से उन्होंने सगाई कर ली। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर गुरुवार की सुबह सिंघडिया निवासी सूरज निषाद को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

## पति पर अप्राकृतिक दुष्कर्म देवर पर छेड़खानी का मुकदमा

जासं. गोरखपुर : बिजलीकर्मी के विरुद्ध उसकी पत्नी ने अप्राकृतिक दुष्कर्म व देवर पर छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शिकायत करने पर देवरानी ने भी मारपीट की। कैंट थाना पुलिस आरोप की जांच कर रही है। कैंट थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर महिला ने बताया कि उसके पति शारीरिक शोषण करते हैं। विरोध करने पर उसे प्रताड़ित करते हैं। लोकलज्जा के डर से वह चुप रहती थी। सात नंवबर की रात में पति ने हैवानियत की। अगले दिन देवर को घटना की जानकारी दी तो उसने छेड़खानी की। विरोध करने पर पत्नी के साथ मिलकर पिटाई कर दी। किसी तरह जान बचाकर वह घर से बाहर निकली। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पांच पर हत्या का केस, एक गिरफ्तार

हाटा/ गगहा (गोरखपुर)। गगहा क्षेत्र की ग्राम पंचायत महुराई के सिंघला टोला में हुई बुजुर्ग चंद्रावती की हत्या के बाद से गांव में सनसनी है। चंद्रावती की बेटी संगीता ने अपने भाई रामकरन, भाभी मेवाती व भतीजे मुकेश व राकेश के साथ गांव के ही अशोक शुक्ला पर हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

संगीता के पति गामा यादव ने बताया कि चंद्रावती का बेटा देखभाल नहीं करता था। वह बेटी के साथ रहने लगी थी। सिंघला में उनके हिस्से की कुछ जमीन है। यहां नेवासे पर रहती थी, मूल घर गोला क्षेत्र के छितौना में है। जहां उसके नाम से जमीन है।

# दहेज हत्या व चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार, जेल

**जासं, गोरखपुर** : दहेज हत्या व बाइक चोरी के आरोप में हरपुर-बुदहट और गुलरिहा पुलिस ने पांच आरोपितों को गुरुवार को गिरफ्तार किया। सभी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

हरपुर-बुदहट संवाददाता के अनुसार थाना पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपित कटसहरा निवासी पीर मोहम्मद, नूर मोहम्मद और शाह मोहम्मद को उनके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी विज्ञानकर सिंह ने बताया कि तीनों आरोपितों पर मोहम्मद महबूब ने अपनी बेटी सलमा खातून की हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से उनकी तलाश चल रही थी। वहीं, भटहट संवाददाता के अनुसार गुलरिहा थाना पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपित तरकुलहां निवासी नितिन साहनी और पिपरी निवासी पृथ्वी पाल को गिरफ्तार कर बाइक भी बरामद कर ली है।

# नंबर प्लेट बदल माल बेचने वाले तीन गिरफ्तार

**जासं, गोरखपुर:** कैंट पुलिस ने तीन शातिर जालसाजों को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। यह जालसाज ट्रक की नंबर प्लेट बदलकर पहले ट्रांसपोर्टर से सामान बुक करता था और फिर रास्ते में सामान बेच देता था। ट्रांसपोर्टर जब ट्रक की पड़ताल करता तो नंबर प्लेट के आधार पर ट्रक किसी और की निकलती थी। आरोपितों के पास से पुलिस ने 72 हजार रुपए नगद, सामान और ट्रक भी बरामद कर लिया है। तीनों के खिलाफ चोरी, धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने की थी शफीना की हत्या

- पश्चिम चंपारण के रहने वाले आरोपित को पुलिस ने भेजा जेल
- छह नवंबर की शाम को टिन शेड के कमरे में मिला था शव

**जागरण संवाददाता, पिपराइच** : शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने दुपट्टे से गला दबाकर महिला की हत्या की थी। वारदात के बाद वह फरार हो गया। सर्विलांस की मदद से पिपराइच थाना पुलिस ने गुरुवार की सुबह बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त दुपट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपित ने अपना अपराध स्वीकार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि छह नवंबर की शाम को पिपराइच के जंगल धूसड़ स्थित कटरा के पीछे स्थित टिनशेड के कमरे में 35 वर्षीय महिला का शव मिला। सर्विलांस की मदद से उसकी पहचान गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो मुसलमान टोला निवासी शफीना के रूप में हुई। छानबीन में पता चला कि दो वर्ष पहले शफीना की शादी दुर्गाबाड़ी क्षेत्र में हुई थी। पति से विवाद होने पर वह अकेले ही रहने लगी। औराही गांव के रहने वाले आटो चालक मनीष कुशवाहा ने जंगल धूसड़ में स्थित घनश्याम निषाद से बात करके कटरे के पीछे टिनशेड का कमरा दिलाया था। पश्चिम चंपारण (बिहार) के डुमरी थाना क्षेत्र स्थित कुम्हियां गांव निवासी संतोष चौधरी का यहां आना-जाना था। जान पहचान बढ़ने पर दोनों साथ रहने लगे। शफीना एक सप्ताह से संतोष पर शादी करने का दबाव बना रही थी। पीछा छुड़ाने के लिए छह नवंबर की रात दुपट्टे से गला दबाकर संतोष ने हत्या कर दी। सर्विलांस की मदद से गुरुवार की सुबह उसे कोनी तिराहे के पास गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि पादरी बाजार में किराए पर कमरा लेकर मजदूरी करता था। जंगल धूसड़ आते-जाते शफीना से उसकी नजदीकी बढ़ गई।



पिपराइच पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपित ● जागरण

# अपहरण करने के आरोपी के घर कुर्की का नोटिस

हरपुर बुदहट। इलाके के एक गांव में ननिहाल से किशोरी को बहला फुसला कर अपहरण करने के आरोपी के घर बृहस्पतिवार को पुलिस ने कुर्की का नोटिस चस्पा किया।

उसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। लेकिन वह पकड़ से दूर है। हाजिर न होने पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। ब्यूरो

# मुंबई से आई कॉल ने बचा ली एटीएम में चोरी की घटना

## सीसीटीवी कैमरे की मदद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** शाहपुर इलाके में एटीएम चोरी की घटना को मुंबई से आई कॉल की मदद से पुलिस ने बचा लिया। वहीं, सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपी की पहचान कर बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान पीपीगंज के बनकटवा निवासी विकास प्रताप सिंह उर्फ विक्की के रूप में हुई। विकास वर्तमान में शाहपुर के अशोकनगर बशारतपुर में रहता है। प्रभारी निरीक्षक शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि पांच नवंबर की सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच शाहपुर के सुड़िया कुंआ स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम में एक युवक घुस गया।




एटीएम तोड़ने के प्रयास में सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर की फुटेज। संवाद

**शाहपुर पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई थी**

वह एटीएम को तोड़कर चोरी का प्रयास करने लगा। इस दौरान बैंक के मुख्यालय मुंबई से पुलिस को सूचना दी गई। तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के सायरन को सुनकर आरोपी फरार हो गया।

पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई। एटीएम के सीसीटीवी फुटेज व आसपास के अन्य कैमरों में चोर की तस्वीर मिली। जिसके आधार पर पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

# लूट के मोबाइल फोन, नकदी के साथ दो गिरफ्तार

**गोरखपुर।** तिवारीपुर पुलिस लूट के मोबाइल फोन व नकदी के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों की पहचान राजघाट के तुर्कमानपुर निवासी आयान इब्राहिम व घोसीपुरवा निवासी जोयेब खान के रूप में हुई। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन व छह हजार रुपये बरामद किए गए। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बड़हलगंज व कैंट पुलिस ने दुष्कर्म के एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बड़हलगंज के बेईली गांव निवासी संदीप भारती व सिंघड़िया के सूरज कुमार निषाद के रूप में हुई। दोनों आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। सूरज पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का केस कैंट थाने में दर्ज किया गया था। ब्यूरो

# युवक से मारपीट, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

हरपुर बुदहट। इलाके के भेउसा गांव में बुधवार शाम पेड़ काटने के विवाद में युवक की पड़ोसियों ने पिटाई कर दी। पुलिस ने गांव के विनय, संजय सहित चार लोगों पर मारपीट व धमकी देने का केस दर्ज कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, बुधवार शाम संतोष दुबे खेत की ओर आए पेड़ की डाली को काटने के लिए पड़ोसियों से कहे। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने पिटाई कर दी। घटना की जानकारी होने पर आस पास के लोग पहुंचे और बीच बचाव किए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# साइबर पुलिस ने 1.54 लाख लौटाए

गोरखपुर। जिले के साइबर सेल व क्राइम ब्रांच ने ऑनलाइन ठगी के शिकार चार लोगों के 1 लाख 54 हजार 698 रुपये उनके खातों में बृहस्पतिवार को वापस करा दिया। साइबर सेल के अनुसार, ऑर्डर डिलिवरी ना होने पर गूगल से कस्टमर केयर का नंबर खोजने पर फर्जी कस्टमर केयर द्वारा लिंक भेज कर एक व्यक्ति के खाते से 69 हजार 998 की निकासी हुई थी, जिसकी शिकायत पिपराइच निवासी रवि कुमार अग्रवाल ने की थी। पुलिस ने उनके खाते में 60 हजार वापस कराया। इसी प्रकार रिश्तेदार बनकर लिंक भेजकर राजघाट निवासी पुरुषोत्तम दुबे के खाते से 44 हजार 997 रुपये निकाले गए थे। पुलिस ने उनके खाते में पूरी रकम वापस करा दी। वहीं फोन करके धोखे से एनीडेस्क एप डाउनलोड कराकर खजनी के केशभान के खाते से निकाले गए 29,701 रुपये भी वापस कराए गए। ब्यूरो

# हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

गोरखपुर। मारपीट व हत्या की कोशिश के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जगन्नाथ ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के जंगल महुअवा निवासी इरशाद, सुभान व पोखर भिंडा करीमनगर निवासी राजेश्वर उर्फ राजू सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश प्रभारी निरीक्षक कैंट को दिया है।

कोर्ट में जंगल महुअवा निवासी वादी शफीउल्लाह की ओर से उमापति उपाध्याय एडवोकेट का कहना था कि घटना 28 जुलाई 2022 की दोपहर लगभग दो बजे की है। वादी मुकदमे के सिलसिले में कलेक्ट्री कचहरी जा रहा था।

जैसे ही वह गेट पर पहुंचा इरशाद, सुभान व राजेश्वर उर्फ राजू व तीन अज्ञात लोगों ने घेर कर मारा पीटा। इरशाद और सुभान से जान मारने की नियत से वादी का गला दबा दिया। इस दौरान राजेश्वर ने वादी की जेब से 12 सौ रुपये भी निकाल लिया। ब्यूरो

# सामान बुक कर हड़पने वाले ट्रक मालिक सहित तीन पकड़े गए

## सामान लेकर जाने के लिए खलासी ने चोरी के मोबाइल से की थी बुकिंग

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने सामान बुक कर जालसाजी करने के आरोप में ट्रक मालिक, खलासी और सामान खरीदने वाले कबाड़ी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया।

खलासी ने चोरी के मोबाइल फोन की मदद से गोरखपुर के ट्रांसपोर्ट से सामान हल्द्वानी ले जाने के लिए बुककर जालसाजी की थी। उसने नंबर प्लेट भी बदल दिया था, ताकि पकड़ा न जा सके, लेकिन पुलिस ने जांच के आधार पर तीनों को दबोच लिया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान सीतापुर जिले के पिसावा थाना क्षेत्र के माथन निवासी रियाजुद्दीन, यहीं के खलासी आकाश व शाहजहांपुर के गाड़ीपुरा थाना क्षेत्र के चमकनी निवासी मोहम्मद अयूब के रूप में हुई। सीओ कैंट श्यामदेव विंद ने कैंट थाने में प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। सीओ ने बताया कि ट्रक मालिक रियाजुद्दीन का ट्रक है एवं पूरे उप्र से बंगाल, बिहार में चलता है।

ट्रक का खलासी आकाश के मन में रुपये कमाने की बात आई और उसने पश्चिम बंगाल से आते समय एक ढाबे से मोबाइल फोन चोरी कर लिया और फिर उसने ट्रक नंबर प्लेट बदल कर फर्जी लगा दिया।

इसी चोरी के मोबाइल फोन से उसने गीडा के शुक्ला ट्रांसपोर्ट से संपर्क किया और हल्द्वानी सामान ले जाने की बुकिंग की। जेनरेटर, फ्रिज, अलमारी, चारपाई, गद्दा, कूलर व अन्य घरेलू सामान लादकर वह निकला, लेकिन लापता हो गया। पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू की। सर्विलांस की मदद से ट्रक चालक सीतापुर से पकड़ा गया।

फिर मालिक तक पहुंचकर सामान बरामद किया गया। कुछ सामान उसने शाहजहांपुर में बेचने की बात बताई, जिसके बाद पुलिस वहां से कबाड़ का काम करने वाले अयूब को गिरफ्तार कर ली। अभियुक्तों के पास से अलमारी, कुर्सी, मेज, गद्दा, फ्रिज, वाशिंग मशीन, जेनरेटर, कूलर, टेबल, चारपाई व अन्य सामान के साथ ही 72 हजार नकद बरामद किया गया।

### यह हुआ था

**13 सितंबर** को शुक्ला ट्रांसपोर्ट से बुकिंग के बाद सामान लादकर ट्रक चालक गया था। इसके बाद से ही वह लापता हो गया। पीड़ित ने पहले खुद कोशिश की, लेकिन जब कहीं से कुछ पता नहीं चला तो उसने 19 सितंबर को कैंट थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में लगी थी। मोबाइल चोरी का इस्तेमाल हुआ था और नंबर प्लेट भी फर्जी था, इस वजह से आरोपी पकड़ में नहीं आ रहे थे। पुलिस ने सर्विलांस और फिर सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच की और आरोपी पकड़े गए।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

राष्ट्रीय सहारा 11/11/22

B

# शिक्षा मित्र के घर हुई चोरी के 48 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं



कमरों में बिखरे आभूषणों के थैले व बक्सों का चित्र।

भाटपाररानी(एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के लाखोपार गांव निवासी शिक्षा मित्र श्रवण विश्वकर्मा पुत्र स्व. गुलाब चन्द्र विश्वकर्मा के घर के मुख्य दरवाजे का ताला लगा कुण्डी काटकर चोर बीती रात मकान दाखिल होकर घर में रखा पांच लाख से अधिक के कीमती आभूषण,नकदी व महंगी साड़ियां व कपड़े भी चुरा ले गये। घटना की जानकारी बुधवार को सुबह जब परिजन घर पहुंचे तब हुई। जिसकी तत्काल सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घर के कोने-कोने को बारीकी से तहकीकात करने के उपरान्त कुत्ता बुलाकर सुराग लगाने का प्रयास कर रही थी। हालांकि घटना के 48 घंटे बाद भी पुलिस ने चोरी का मुकदमा पंजीकृत नही किया है। परिजनों द्वारा पुलिस को दी गयी तहरीर में शिक्षा मित्र श्रवण विश्वकर्मा ने लिखा है कि वह 7 नवम्बर को सायं 4 बजे अपने परिवार के साथ कुशहरी देवरिया पूर्णिमा स्नान के लिए चला गया था। वहां से आज ही सुबह जब लौटकर घर पर आया तो मुख्य दरवाजे का ताला कटा हुआ देख पत्नी मकान के अंदर कमरों की तरफ बदहवास भागकर देखा तो सभी कमरों के ताले की घुड़ी कटी हुई थी और घर के अंदर रखा जेवरात गायब था। परिजनों ने बताया कि मंगलसूत्र, हार, सोने की चेन, सोने की अंगूठियां , कान के झूमके, दो अदद सोने की चेन व चांदी के पायजेव व अन्य कीमती सामान व 20 हजार रूपये नकदी व आभूषणों की कीमत तकरीबन 5 लाख थी अज्ञात चोर चुरा ले गये। घरों में इधर उधर बिखरे सामानों के देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता था कि चोरों ने पूरी रात घर के कोने कोने को खंगाला फिर आराम से सुबह होने से पूर्व निकल गये। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस ने घर के चारों तरफ खेतों व आस-पास के इलाकों में सुराग तलाशने की कोशिश जुटी थी।

**7/8 की रात चोरों ने बंद घर के मुख्य गेट का ताला काटकर घुसे थे अंदर**

**घटना के शीघ्र पर्दाफास के लिए पुलिस ने कसी कमर**

इस बावत पूछे जाने पर थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि घटना के वक्त परिजन स्नान करने गये थे जिसका फायदा उठाकर चोर घर में घुस गये। घटना स्थल की जांच के लिए फोरेसिंक टीम बुलाया गया है।कुछ सुराग हाथ लगे है जल्द ही घटना का पर्दाफास कर दिया जायेगा।

राष्ट्रीय सहारा दि. 11/11/22

# रिश्वत लेने के वायरल वीडियो में कोषागार का लेखाकार निलंबित

देवरिया।

सहारा न्यूज ब्यूरो

निदेशक, कोषागार उत्तर प्रदेश नील रतन कुमार द्वारा कोषागार देवरिया में लेखाकार के पद पर कार्यरत शारदेश कुमार सिंह को उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 के नियम 7 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने तथा गंभीर आरोप के दृष्टिगत उक्त नियमावली के नियम 4 के अधीन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। जांच पूर्ण होने की अवधि तक शारदेश कुमार सिंह कोषागार गोरखपुर से संबद्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि लेखाकार शारदेश कुमार सिंह का कोषागार में जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के एवज में पैसा लेने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिलाधिकारी जितेंद प्रताप सिंह ने वरिष्ठ कोषाधिकारी कुलदीप सरोज को आरोपी लेखाकार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा कार्यवाही करने में हिलाहवाली की जा रही थी। प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टलरेंस की नीति के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने पत्र के माध्यम से पूरे प्रकरण से निदेशक कोषागार को अवगत कराया, जिसके क्रम में लेखाकार को निलंबित कर दिया गया है।

जिलाधिकारी जितेंद प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टलरेंस की नीति है। रिश्वत लेने वालों पर विधि सम्मत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# 25 हजार का इनामी जालसाज गिरफ्तार

**तरकुलवा(एसएनबी)।** फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले 25 हजार के एक इनामिया जालसाज को तरकुलवा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। वह मदनपुर थानाक्षेत्र के कुसुमहा गांव का रहने वाला है। पकड़े गए जालसाज को पुलिस ने




न्यायालय में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मदनपुर थानाक्षेत्र के कुसुमहा के रहने वाले दीपक सिंह उर्फ दीपू सिंह पुत्र उपेंद्र सिंह(29 वर्ष) लोगों को फर्जी पासपोर्ट बना कर देता था। आरोप है कि वह थानाक्षेत्र के कंचनपुर चौराहे के निकट एक दुकान में फर्जी पासपोर्ट तैयार करने का कार्य करता था। लगभग छह माह पूर्व इसकी सूचना पर तरकुलवा पुलिस ने छापेमारी कर उसकी दुकान से कुछ फर्जी पासपोर्ट और पासपोर्ट बनाने का सामान बरामद किया था। इस मामले में आरोपित के विरुद्ध तरकुलवा थाने में धारा 420, 46, 468, 471 आईपीसी व 12( 1) बी पासपोर्ट अधिनियम के तहत जुलाई माह में मुकदमा पंजीत किया गया था। आरोपी तभी से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा उसकी गिरफ्तारी के लिए रू.25000 का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर की सूचना पर जिसे पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वालों में एसआई रामसहाय यादव, कांस्टेबल रामाशीष यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे ।

# अवैध देशी शराब के साथ एक धराया

**बनकटा/अकटहीबाजार।** बनकटा थाना क्षेत्र मठियां तिराहा के पास से बुधवार सायं को 134 सीसी अवैध देशी शराब हिरो होन्डा पैसन प्लस यूपी-52 एन 8631 मोटर साइकिल के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की शिनाख्त अशोक यादव निवासी हरनाथपुर थाना मैरवा जनपद सिवान बिहार के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाले टीम मे उपनिरीक्षक लवकुश कुमार कांस्टेबल शशि प्रकाश शिवकुमार कुशवाहा अमित शामिल रहे। इस बावत थानाध्यक्ष बनकटा बरजोर सिंह ने बताया कि आबकारी अधिनियम धारा 60 एवं मोटर साइकिल पर मोटर अधिनियम की धारा 207 के तहत कार्रवाई कर दी गई है।

# पिकअप पर लदे पशुओं को पुलिस ने पकड़ा

**भागलपुर (एसएनबी)।** गो वंशीय पशु लदे पिकप को पुलिसकर्मियों ने वाहन चेकिंग के दौरान दबोच लिया। वाहन चालक पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहा। गुरूवार की सुबह मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर पुलिस चौकी के सामने चेकिंग के दौरान बलिया जनपद की तरफ से पुल पारकर आ रही पिकप को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो चालक तेज गति से लेकर भागने लगा। वाहन रूकता न देख चौकी पर तैनात कांस्टेबल सन्तोष यादव ने कील लगे लोहे के प्लेट को पिकप के आगे फेंक दिया। जिससे पिकप का टायर फट गया और पुलिस चौकी से 200 मीटर आगे चालक पिकप खड़ा कर भाग गया। चौकी प्रभारी शैलेष कुमार ने वाहन को कब्जे में लेकर मईल थाने लाये। पिकप से पशुओं को नीचे उतारा गया तो 10 पशुओं में तीन पशुओं की मृत्यु हो गयी थी। चिकित्सीय परीक्षण के बाद पशुओं को कान्हा हाउस भेज दिया गया। पुलिस ने वाहन स्वामी व अज्ञात चालक के विरूद्ध गो वध निवारण अधिनियम और पशु क्रूरता के तहत मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि. 11/11/22

# रिश्वत लेते वीडियो वायरल के मामले में लेखाकार सस्पेंड

## कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। कोषागार कार्यालय में पेंशन प्रमाण पत्र जमा करने के नाम पर रिश्वत प्रकरण का वीडियो वायरल होने के बाद कोषागार निदेशक ने संबंधित लेखाकार को निलंबित कर दिया है। प्रकरण की जांच चलने तक लेखाकार को गोरखपुर कोषागार कार्यालय में संबद्ध किया गया है।

3 नवंबर को कोषागार कार्यालय के लेखाकार शारदेश कुमार सिंह का जीवित प्रमाण पत्र के नाम पर रुपये लेते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था। इस मामले में जिलाधिकारी ने 7 नवंबर को कोषागार निदेशक को पत्र भेजा था। वीडियो में प्रथम दृष्ट्या लेखाकार पैसा लेते दिखाई दे रहे हैं। जिलाधिकारी ने निदेशक से मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त प्रकरण में संबंधित लिपिक के खिलाफ कार्रवाई का अनुरोध किया था। निदेशक कोषागार नील रतन कुमार ने संबंधित लेखाकार को निलंबित करते हुए कोषागार कार्यालय से गोरखपुर से संबद्ध करते प्रकरण की जांच अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन गोरखपुर मंडल को सौंपा है।

> लेखाकार को निदेशक द्वारा रिश्वत लेते हुए वायरल वीडियो के मामले में निलंबित करते हुए गोरखपुर कार्यालय में संबंध कर दिया है। प्रकरण की जांच अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन गोरखपुर करेंगे।
>
> **कुलदीप सरोज**, मुख्य कोषाधिकारी

हिन्दुस्तान दि. 11/11/22

## मदनपुर क्षेत्र के दीपक सिंह पर घोषित था 25 हजार का इनाम

# फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले गिरोह का सरगना दबोचा

देवरिया/तरकुलवां, हिन्दुस्तान टीम। फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनाकर लोगों को विदेश भेजने के वाले गिरोह के सरगना को तरकुलवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जिसमें से मास्टर माइंड समेत तीन लोग फरार चल रहे थे। पुलिस ने मास्टर माइंड पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

### तीन आरोपित हैं फरार

पुलिस की छापेमारी में दुकान से मिले संदिग्ध पासपोर्ट के मामले में पांच पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें नरेन्द्र, रजत और विवेचना में प्रकाश में आया नाम विजय मौर्या फरार है। तीनों मदनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।



पुलिस की गिरफ्त में दीपक सिंह

तरकुलवा थानाक्षेत्र के सिधावे मोड़ पर एक दुकान में पासपोर्ट में हेराफेरी कर लोगों को विदेश भेजने और पासपोर्ट की वैधता समाप्त हो जाने पर फर्जी तरीके से उसका नवीनीकरण करने का काम किया जाता था। तरकुलवा पुलिस ने 17 जुलाई को दुकान पर छापेमारी कर तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिधावे के रहने वाले संदीप चौहान को दबोचा था। मौके से दो छायाप्रति पासपोर्ट, दो मोहर, सोलह पासपोर्ट, दो प्रिंटर, एक सीपीयू और एक मानीटर मिला था। दबोचे गए जालसाज संदीप ने पूछताछ में पुलिस को गिरोह के अन्य सदस्यों रजत दुबे उर्फ गुड्डू पुत्र बालेंद्र निवासी बारीडीह थाना मदनपुर, दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र उपेंद्र सिंह, नागेंद्र उर्फ शुभम पुत्र रवींद्र प्रताप दुबे निवासीगण कुसुमहा थाना मदनपुर एवं विजय प्रताप पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात के बारे में जानकारी दिया था।

पुलिस ने पांचो के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471 व 12(1 बी ) पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने उसे समय संदीप को जेल भेज दिया था। पुलिस मामले के शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के छापेमारी करने लगी। विजय प्रताप ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में मास्टर माइंड दीपक सिंह उर्फ दीपू , नागेन्द्र और रजत दूबे फरार चल रहे थे। जिस पर एसपी ने दीपक सिंह पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मामले की विवेचना में विजय मौर्या का नाम भी प्रकाश में आया है। तरकुलवा पुलिस ने इनामी बदमाश दीपक सिंह को मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को कोन्हवलिया मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने के बाद उसे पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसएस आई रामसहाय यादव और कांस्टेबल रामअशीष यादव शामिल रहे।

## चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज

**भटनी :** चार दिन पहले पोखरा पार में हुए विवाद के मामले में पुलिस ने गुरुवार को चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। गांव की करीता देवी ने कहा है कि मेरे ही गांव के कुछ लोगों से विवाद हो गया। इस बीच उन लोगों ने मुझे व मेरी बेटी की पिटाई की। इस मामले में पुलिस ने विक्रम शर्मा, रामबाबू शर्मा, चंदा देवी व बरसीपार छावनी टोला सलेमपुर की रहने वाली गुड़िया देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## किराना की दुकान में चोरी

**रुद्रपुर :** क्षेत्र के अवस्थी चौराहा स्थित किराना की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी समेत हजारों का सामान उड़ा दिया। गांव के रहने वाले मोहम्मद इसराइल की चौराहे पर दुकान है। उनके दुकान का ताला तोड़कर चोर 35 सौ रुपये नकद समेत अन्य सामान उड़ा दिया। (जासं)

दैनिक जागरण दि० 11/11/22

# गोवंश लदी पिकअप पकड़ाया, तस्कर गिरफ्तार

जासं, भागलपुर, देवरिया: पुलिस चौकी के सामने गोवंश लदी पिकअप को पुलिस ने पकड़ लिया। पिकअप में 10 गोवंश लदे थे, जिसमें तीन की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। शेष दो तस्कर भागने में सफल रहे।

पुलिस गुरुवार की सुबह भागलपुर चौकी के सामने वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बलिया जनपद की तरफ से पुल पर तेज गति से आ रही पिकअप को पुलिस ने रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर पिकअप लेकर चालक भागने लगा। सिपाही संतोष यादव ने लोहे के कील लगे प्लेट को वाहन के सामने फेंक दिया। जिससे पिकअप का टायर फट गया। चौकी से दो सौ मीटर दूर ले जाकर वाहन छोड़कर तस्कर खेत के रास्ते भागने में सफल हो गए। पुलिस ने भाग रहे तस्करों का पीछा किया। एक तस्कर को लार रोड स्टेशन के पास से पकड़ लिया। पकड़ा गया आरोपित शमशाद अहमद मऊ जनपद के हलधरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम नसीराबाद खुर्द का रहने वाला है।

चौकी प्रभारी शैलेश कुमार पिकअप को कब्जे में लेकर मईल थाने लाए। गोवंश को वाहन से उतारा गया, जिसमें 10 गायें व बछड़े शामिल थे। तीन गोवंश की मृत्यु हो गई थी। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद गोवंश को गोशाला भेज दिया गया। वाहन स्वामी, चालक व पकड़े गए आरोपित शमशाद के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम में एसओ संदीप सिंह, हेका योगेश यादव, विजय शंकर यादव, शैलेंद्र कुमार, बलवंत आदि शामिल रहे।

## 25 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा: 25 हजार के इनामी फर्जी पासपोर्ट बनाने के फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने बुधवार की शाम क्षेत्र के कोन्हवलिया गांव से गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मदनपुर थानाक्षेत्र के कुसुम्हा गांव का रहने वाला दीपक सिंह उर्फ दीपू पुत्र उपेंद्र सिंह लोगों को फर्जी पासपोर्ट बनाकर देता था। वह कंचनपुर के निकट दुकान में फर्जी पासपोर्ट तैयार करने का कार्य करता था। पुलिस ने छह माह पूर्व छापेमारी कर दुकान से कंप्यूटर, प्रिंटर मशीन, कागजात व मुहर सहित अन्य सामान बरामद किया था। तरकुलवा पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध धारा धोखाधड़ी व पासपोर्ट अधिनियम के तहत जुलाई में मुकदमा पंजीकृत किया था। तब से वह फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपित फर्जी पासपोर्ट के मामले में वांछित था। जिसके पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

# शराब के साथ एक गिरफ्तार

जार्स, बनकटा: मठिया तिराहा के समीप से पुलिस ने गुरुवार को युवक को 134 अदद देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने नाम अशोक यादव निवासी हरनाथपुर थाना मैरवा जिला सिवान बिहार बताया। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

**बाइक से गिरकर घायल : लार :** अजना निवासी व ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष रणधीर सिंह गुरुवार की शाम बाइक से गिरकर घायल हो गए। इलाज के लिए उन्हें सीएचसी लार पहुंचाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**पुरानी रंजिश में मारपीट : सलेमपुर :** कोतवाली के बरसीपार मंगल टोला में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। गांव के श्रीकांत यादव ने सात लोगों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

अमर उजाला दि. 11/11/22

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** तरकुलवा पुलिस ने कोंहवलिया मोड़ से बुधवार की देर रात एक पच्चीस हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर जालसाजी आदि धाराओं में केस दर्ज है।

तरकुलवा पुलिस ने तीन माह पहले थाना क्षेत्र के सिधावे मोड़ पर एक दुकान में फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश भेजने के मामले में छापामारी की थी। इसमें भारी मात्रा में फर्जी पासपोर्ट, प्रिंटर तथा अन्य दस्तावेज बरामद हुए थे। पुलिस ने इस मामले में थाना क्षेत्र के धर्मागत पट्टी गांव निवासी संदीप चौहान, मदनपुर थाना क्षेत्र के विजय प्रताप यादव तथा मदनपुर थाना क्षेत्र के कुसमहा गांव निवासी दीपक सिंह के खिलाफ जालसाजी और पासपोर्ट अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

इसमें पुलिस ने दो आरोपियों संदीप चौहान व विजय प्रताप को तीन माह पहले ही गिरफ्तार कर लिया था लेकिन दीपक सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था। इस मामले में एसपी ने फरार आरोपी पर 25000 का इनाम घोषित किया था। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि 25000 का इनामी दीपक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पुलिस ने आरोपियों के घर चस्पा कराया नोटिस



मईल। क्षेत्र के अड़िला गांव में बृहस्पतिवार को कुशीनगर जनपद की पुलिस पहुंची। जहां न्यायालय से फरार चल रहे आरोपियों के घर नोटिस चस्पा कराया। पडरौना थाने के एसआई आनंद शंकर सिंह ने बताया कि अड़िला गांव निवासी गुड्डी देवी की तहरीर पर रजनीकांत मालवीय, श्यामानंद, उर्मिला देवी, मिथिलेश और चंदन पर दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज है। उन्होंने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर नोटिस चस्पा कराया गया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# चोरी की साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

**कुशीनगर।** कसया पुलिस ने गुरुवार को नगर में एक कोचिंग के पास से चोरी की साइकिल के साथ एक उचक्के को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान विपिन गौंड निवासी जोकवा बाजार थाना तुर्कपट्टी के रूप में हुई है।

# गोवध के मुकदमे में वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** तमकुहीराज पुलिस ने गुरुवार को तरयामोड़ के पास से गोवध व पशु क्रूरता से सम्बन्धित मुकदमे में वांछित दिलीप कुमार निवासी ग्राम शाहपुर अवरांव थाना आलापुर जनपद अम्बेडकर नगर को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नीरज राय, निरीक्षक विनय कुमार सिंह, सिपाही अमित चौधरी व राजीव कुमार शामिल रहे।

# किशोरी को अगवा कर गैंगरेप, दो हिरासत में

- पीड़िता के पिता ने पुलिस को दी तहरीर
- आरोपियों ने पीड़िता को 5 दिन बिहार में रखा

बरवापट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। बरवापट्टी थाना क्षेत्र में किशोरी को अगवा कर गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर छानबीन की जा रही है। दोषियों पर केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बरवापट्टी थाने पर तहरीर देकर एक गांव के व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसकी 14 साल की बेटी 2 नवंबर की शाम को शौच के लिए घर से बाहर गयी थी। रास्ते से पड़ोसी के दो रिश्तेदारों ने उसे अगवा कर लिया। उसके मुंह व आंख को पकड़े से ढक दिया था ताकि वह शोर न मचा सके। तहरीर में आरोप लगाया है कि बेटी को अगवा करने के बाद दोनों आरोपी उसे अज्ञात जगह ले गए। वहां से बिहार के रंगललही गांव के एक घर में किशोरी को बंद कर दिया। 5 दिनों तक दोनों ने दुष्कर्म किया। 7 नवम्बर की शाम को जब युवती की हालत खराब हो गयी तो आरोपियों ने किशोरी के पिता को फोन कर मूड़ाडीह बुलाया। वहां से रंगललही गांव आने कहा। गांव में पहुंचने पर रात 9 बजे किशोरी को उसके पिता के पास छोड़ कर आरोपी फरार हो गए। पिता अपनी पुत्री को लेकर लौटे और दवा इलाज कराने के बाद गुरुवार को बरवापट्टी थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की।इस सम्बंध में थानाध्यक्ष बरवा पट्टी जितेंद्र कुमार टंडन ने बताया कि गैंगरेप की तहरीर मिली है। पुलिस इसकी छानबीन में लगी हुई है। दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता का बयान दर्ज किया जा रहा है। दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।



पडरौना नगर के जूनियर हाईस्कूल परिसर में ई-रिक्शा चालकों को जागरूक करते टीएसआई सत्य शान्याल शर्मा ● जागरण

# ई-रिक्शा चालकों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी

● नगर के जूनियर हाईस्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

● चालकों में पर्चा वितरित, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने के निर्देश

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** यातायात माह के तहत गुरुवार को नगर स्थित जूनियर हाईस्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निरीक्षक यातायात सत्य सान्याल शर्मा ने ई-रिक्शा चालकों को सुरक्षित यातायात की जानकारी दी और इसके अनुपालन के लिए कहा।

यातायात निरीक्षक ने कहा कि वाहन चलाते समय सड़क किनारे लगे संकेतकों की अनदेखी खतरनाक हो सकती है। संकेतकों पर अंकित गति निर्धारण का अनिवार्य रूप से पालन करें।

निर्धारित गति से तेज वाहन न चलाएं। ठंड आ गई है। सुबह-शाम अब कोहरे की समस्या रहेगी। ऐसे में वाहनों पर रिफ्लेक्टर का होना नितांत आवश्यक है। सभी चालक अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर अवश्य लगवाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। अगर आवश्यक है तो सड़क किनारे वाहन रोक मोबाइल का प्रयोग करें। वाहन खड़ा करते समय आगे-पीछे व आसपास देख लें। पार्किंग स्थलों पर ही वाहन पार्क किए जाएं। नशे का सेवन कर वाहन न चलाएं। क्षमता से अधिक यात्री न बैठाएं। ओवरलोड वाहनों से दुर्घटनाओं की आशंका रहती है।

कार्यक्रम में चालकों में जागरूकता से जुड़े पर्चे भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान अनिल, राजकुमार, विनोद, आरजू, रहमतुल्लाह, इम्तेयाज, साहिल आदि चालक मौजूद रहे।

# घटना के हर पहलू की बारीकी से करें छानबीन : एसपी



अर्दली रुम के दौरान समीक्षा करते एसपी धवल जायसवाल ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि विवेचना में शिथिलता अपराध को बढ़ावा देने के समान है। घटना होने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही गुणात्मक आधार पर अविलंब आवश्यक साक्ष्य व तथ्य संकलित करना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसके लिए घटना के हर पहलू की बारीकी से छानबीन आवश्यक है। ताकि किसी भी स्तर पर चूक या लापरवाही की संभावना न रहे। चूक अपराधी के बचाव में सहायक होती है।

वे अपने कार्यालय में गुरुवार को कुबेरस्थान, नेबुआ-नौरंगिया, खड्डा व हाटा के विवेचकों को संबोधित कर रहे थे। पुलिस अधीक्षक ने चारों थानों में लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। कहा कि निर्धारित तीन महीने से अधिक समय से लंबित विवेचनाएं हर हाल में जल्द से जल्द निस्तारित की जाएं।

कहा कि विवेचना में आरोपितों के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य एकत्रित किए जाएं, जिससे कि अपराधी बचने न पाएं और उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले। इस बात ध्यान रखें कि विवेचना पूरी तरह गुण-दोष पर आधारित हो। एसपी ने आइजीआरएस, जन शिकायत तथा महिला हेल्प डेस्क पर आए प्रार्थना-पत्रों को भी प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए।

# बैकों की सुरक्षा का पुलिस ने लिया जायजा

**फाजिलनगर :** कस्बा के सरकारी व निजी क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसी कैमरे की स्थिति का प्रभारी निरीक्षक अपराध ने पुलिस टीम के साथ जायजा लिया। बैंक में आए ग्राहकों से पूछताछ किया और बेवजह बैंक परिसर में मिले लोगों को चेताया। शाखा प्रबंधक बृजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने रूटीन जांच करके सुरक्षा से संबंधित जरूरी बातें बताई। इंसपेक्टर अपराध उमेश सिंह ने कहा कि लोग अपनी पहचान से संबंधित जरूरी दस्तावेज़ रखें। (जासं)

# बैकों की सुरक्षा का पुलिस ने लिया जायजा

**फाजिलनगर :** कस्बा के सरकारी व निजी क्षेत्र के बैंकों और सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था तथा सीसी कैमरे की स्थिति का प्रभारी निरीक्षक अपराध ने पुलिस टीम के साथ जायजा लिया। बैंक में आए ग्राहकों से पूछताछ किया और बेवजह बैंक परिसर में मिले लोगों को चेताया। शाखा प्रबंधक बृजेश मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने रूटीन जांच करके सुरक्षा से संबंधित जरूरी बातें बताई। इंसपेक्टर अपराध उमेश सिंह ने कहा कि लोग अपनी पहचान से संबंधित जरूरी दस्तावेज़ रखें। (जासं)

# पशु तस्करी में एक गिरफ्तार

**जासं,तरयासुजान :** तमकुहीराज पुलिस ने तमकुही कस्बे में तरयासुजान मोड़ से गुरुवार को फरार पशु तस्कर को दबोच लिया।उसकी पहचान दिलीप निवासी शाहपुर अवरवां थाना आलापुर जिला अंबेडकरनगर के रूप में हुई।एसएचओ नीरज राय मातहतों संग कस्बे में गश्त पर थे। तरयासुजान मोड़ के पास पुलिस देख एक संदिग्ध बाजार की तरफ भागने लगा।पुलिसकर्मियों ने उसे दौड़ाकर पकड़ा।एसएचओ ने बताया कि उसके विरुद्ध गोवध निवारण तथा पशु क्रूरता अधिनियम का मुकदमा पंजीकृत है।

# मनबढ़ों ने स्कूल जा रही छात्रा सहित भाइयों को पीटा

**जागरण संवाददाता, नेबुआ नौरंगिया:** अपने दो भाइयों के साथ स्कूल जा रही छात्रा से गुरुवार की सुबह आठ बजे चिरगोडा गांव के समीप मनबढ़ों ने बदसलूकी की। विरोध करने पर छात्रा सहित भाइयों को जमकर पीटा। छात्रा घर पहुंच घटना के बारे में बताई तो स्वजन थाने पहुंचे। दूसरी ओर मामला दो समुदायों के बीच के होने के कारण गांव में तनाव खड़ा हो गया। इसको देखते हुए गांव में पुलिस तैनात की गई है। देर शाम आठ बजे आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। मनबढ़ों पर बुधवार की रात कार सवार से मारपीट करने के मामले में भी पुलिस ने केस दर्ज किया है।



मनबढ़ो के स्वजन से पूछताछ करते दारोगा दीपक सिंह व अन्यपुलिसकर्मी• जागरण

- दो समुदायों के बीच का मामला होने को लेकर गांव में तनाव, पुलिस तैनात
- छात्रा से बदसलूकी करने का भी आरोप, गिरफ्तारी के लिए दबिश

नेबुआ नौरंगिया थाना के अकबरपुर तेजवलिया गांव की कक्षा 11 की छात्रा रिशु, कक्षा आठ व दस में पढ़ने वाले भाई व्यास यादव व गोविंद के साथ चिरगोडा स्थित इंटर कालेज पढ़ने जा रही थी। मुस्लिम बस्ती बड़वा छापर के समीप शकील, सैमुल्लाह, जैनुद्दीनन, वजीर, रियाजुद्दिन, इजहार, गुलजार और एक अज्ञात मनबढ़ युवक रोककर अपशब्द बोलते हुए छात्रा के साथ दुर्व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर छात्रा सहित भाइयों की बेरहमी से पिटाई कर दी। इस दौरान पहले ही स्कूल पहुंची कक्षा सात की छात्रा रुक्मणि बहन व भाइयों को पिटता देख पहुंची तो दबंगों ने उसे भी नहीं छोड़ा। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने को लेकर गांव में तनाव बढ़ गया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने घायलों को कोटवा अस्पताल भेजवाया। पिता रमेश यादव की तहरीर पर पुलिस आरोपितों के विरुद्धद मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। इससे पूर्व बुधवार की रात भी इन मनबढ़ों द्वारा ही पडरौना जा रहे कार सवार बलकुडिया निवासी राकेश उर्फ पप्पू जायसवाल को पीटा गया था। इस मामले में भी देर शाम ही अलग से केस दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मनबढ़ों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही। जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**फरार मनबढ़ों के घर से पुलिस उठा लाई कार**

मनबढो के खोजबीन में लगी पुलिस जब उनके घर पहुंची तो वे फरार मिले। इस दौरान एक आरोपित के दरवाजे पर खड़ी कार को पुलिस थाने ले आई। वाहन सीज करने की चेतावनी भी दी।

# मनमाने ढंग से दबिश दी तो नपेंगे पुलिसकर्मी

## महराजगंज जिले में दबिश के दौरान फजीहत के बाद एसपी हुए सख्त

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। जिले में पुलिस मनमाने ढंग से दबिश नहीं दे सकेगी। इस कार्रवाई के लिए पुलिसकर्मियों को तय नियमों का पूरा पालन करना होगा। महराजगंज जिले के घुघली थाना क्षेत्र में दबिश के दौरान कुशीनगर पुलिस की फजीहत हुई है। ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए एसपी ने सख्त हिदायत दी है। एसपी धवल जायसवाल ने साफ कहा है कि मनमानी दबिश देने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई तय है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार की सुबह खड्डा थाना के कार्यवाहक थानेदार प्रमोद कुमार सिंह, एसआई पंकज सिंह, कांस्टेबल राहुल और बृजेश ने घुघली बुजुर्ग (महराजगंज) में एक फल कारोबारी के घर दबिश दी। पुलिस कार्रवाई के दौरान कारोबारी घर में नहीं मिला।

इस दौरान हंगामा होने पर पुलिस टीम घिर गई। व्यापारी और पुलिस टीम को कार छोड़कर मौके से भागना पड़ा। इस मामले में कुशीनगर पुलिस की खूब फजीहत हुई।

मामला सामने आने पर एसपी धवल जायसवाल ने चारों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इस प्रकरण में खड्डा के दो व्यापारियों के खिलाफ घुघली में मुकदमा भी दर्ज हुआ। तभी से खड्डा पुलिस सुर्खियों में है। ऐसी गलती दोबारा न हो, इसको देखते हुए एसपी ने सख्ती बरती है।

इस संबंध में एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि पुलिस की हर कार्रवाई के लिए गाइडलाइन तय है। किसी तरह की मनमानी सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसको देखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं।

# MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

epaper
हिन्दुस्तान



एसएसबी की टीम ने ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी स्क्रैप बरामद की। • हिन्दुस्तान

# स्क्रैप के साथ एक गिरफ्तार

दूठीबारी। भारत नेपाल सीमा बॉर्डर पर तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। सीमा पर तैनात एसएसबी की स्पेशल टीम ने मुखबिर के सूचना पर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चंदन नदी के समीप से एक नेपाली ट्रैक्टर ट्राली लू 2 त 1913 पर लदी एक हजार पचास किलोग्राम स्क्रैप (स्टील पाइप) व दो सौ किलाग्राम स्टील तार समेत एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान जितेंद्र पुत्र विश्वनाथ निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द बताया गया।

# 40 पेटी नेपाली पाउडर के साथ दबोचा

कोल्हुई। कोल्हुई क्षेत्र के जोगियाबारी चौकी क्षेत्र से पुलिस ने एक पिकअप पर लदे 40 पेटी नेपाली पाउडर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसओ अभिषेक सिंह, एसआई गंगाराम यादव व मनोज कुमार हाइवे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। एक पिकअप को रोक जांच की तो नेपाली ब्रांड का पाउडर बरामद हुआ। आरोपित की पहचान बरगदवा के मनोज कुमार के रूप में हुई है।

# लोक अदालत कल, निस्तारण पर जोर

महराजगंज, निज संवाददाता। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जनपद न्यायाधीश/जिला विधिका सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जयप्रकाश तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को नवीन भवन दीवानी न्यायालय सभागार में बैठक हुई। जनपद न्यायाधीश ने राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी न्यायिक अधिकारियों से अपने-अपने न्यायालय के अधिक से अधिक वादों का चिह्नांकन/निस्तारण सुनिश्चित करने का सलाह दी।



जनपद न्यायाधीश जयप्रकाश तिवारी ने लोक अदालत को सफल बनाने पर जोर दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/न्यायाधीश असगर अली ने कहा कि 12 नवंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, अधिकरण बाह्य न्यायालय फरेन्दा, कलक्ट्रेट के अलावा सभी तहसीलों व राजस्व न्यायालयों में किया जायेगा। बैठक में अपर जनपद न्यायाधीश सुन्दर लाल, विशेष अनन्य विशेष न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, राष्ट्रीय लोक अदालत पवन कुमार श्रीवास्तव, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय- प्रथम अनिल कुमार सेठ, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय कमलेश्वर पांडेय, श्रीराम सिटी के प्रबंधक व वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमशंकर दूबे, अखिलेश कुमार पटेल, ज्योति कुमार श्रीवास्तव, सत्यप्रकाश सिंह, जितेन्द्र पांडेय और रणविजय सिंह शामिल रहे।

# फोन कॉल में उलझाकर ऑनलाइन पैसा हड़प रहे साइबर जालसाज

**ठगी**

महराजगंज, निज संवाददाता। अगर आप ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली से जुड़े हैं। मोबाइल के ई-वालेट से भी ट्रांजेक्शन करते हैं तो हमेशा सतर्क रहिए। क्योंकि डिजिटल लेनदेन जितना सुविधादेह जनक है, थोड़ी सी चूक में बड़ी परेशानी का भी सबब बन रही है। किसी को भी अपनी जानकारी ना बताएं। ओटीपी शेयर ना करें। वरना आप भी साइबर अपराधियों का शिकार बन सकते हैं।

साइबर अपराधी फोन कॉल में उलझाकर मोबाइल में साफ्टवेयर इंस्टाल कर उसे रिमोट पर ले ले रहे हैं। फिर उसके जरिए खाते से पैसा निकाल ले रहे हैं। कुछ ओटीपी पूछ आनलाइन ट्रांजेक्शन कर ले रहे हैं।



- जनवरी से अब तक साइबर अपराध से जुड़े 337 मामले आ चुके
- हनी ट्रैप में भी लोगों को फंसा कर ब्लैकमेल कर रहे हैं

**हनी ट्रैपिंग के जाल में भी फंस रहे हैं लोग**

साइबर सेल के मुताबिक हनी ट्रैप के कई मामले आ चुके हैं। शिकायत के बाद जिस खाते में भुगतान हुआ था उसे होल्ड कराया गया गया है। साइबर अपराधी अधिकांश फर्जी दस्तावेज पर खोले गए खाते का इस्तेमाल कर रहे हैं। एक व्यवसायी के फोन पर अनजान कॉल आया है। फोन करने वाली लड़की थी। कुछ सेकेंड के वीडियो कॉल को एडिट कर साइबर अपराधी उसे अश्लील बनाकर ब्लैकमेल करने लगे।

"साइबर सेल आनलाइन फ्राड की शिकायतों में त्वरित कार्रवाई कर रही है। कई लोगों के खाते में वापस पैसा आ गया है। आनलाइन जालसाजी से बचने के लिए जरूरी है कि आप अपनी निजी जानकारी किसी को ना बताएं। इसके बाद भी अगर कहीं चूक हो जाए तो फौरन साइबर सेल को सूचना दें। हर थानों में साइबर हेल्प डेस्क है।

-डॉ. कौस्तुभ, एसपी

महराजगंज पुलिस की साइबर सेल ने आनलाइन धोखाधड़ी के शिकार दस लोगों का कुल 5 लाख 27 हजार रुपया वापस कराया है, लेकिन अभी भी कई लोग ऐसे हैं जो साइबर अपराधियों के मकड़जाल में आकर कंगाल हो चुके हैं। जिन दस लोगों के साथ आनलाइन फ्राड हुआ था, वह लोग भी साइबर जालसाजों के बातों में उलझ कर अपनी बैंकिंग से जुड़ी जानकारी शेयर किए थे। साइबर सेल में तैनात हेड कांस्टेबल प्रफुल्ल यादव का कहना है कि जब तक लोग अपनी निजी जानकारी किसी दूसरे से शेयर नहीं करेंगे तब तक कोई भी जालसाज खाते से आनलाइन पैसा नहीं निकाल पाएगा। साइबर सेल में जनवरी से लेकर अभी तक 337 मामले आ चुके हैं। इसमें से केवल 62 मामले लंबित हैं। अन्य सभी मामले निस्तारित हो चुके हैं।

**भुगतान के नाम हड़प लिया तीस हजार:** शहर के एक दवा कारोबारी के पास फोन कर जालसाज ने जिले के एक अफसर के घर के सामने दवा भेजने को कहा। दवा भेजने के बाद वहां तैनात सुरक्षा कर्मी अंदर नहीं जाने दिए। इस पर अफसर बने जालसाज ने एक दूसरा नंबर दिया। कहा कि यह मेरे एकाउंटेंट का नंबर है। इस पर फोन कर भुगतान ले लीजिए। उस नंबर पर कॉल करने के बाद एकाउंट वेरीफिकेशन के नाम पर साइबर जालसाज ने तीन बार में करीब तीस हजार रुपया भुगतान करा लिया। गलती का एहसास होने के बाद दवा व्यवसायी ने फौरन साइबर हेल्प लाइन पर फोन कर खाता होल्ड कराया।

# मारपीट के मामले ने तूल पकड़ा, प्रधान ने दर्ज कराया मुकदमा

**विवाद**

परतावल, हिन्दुस्तान संवाद। श्यामदेउरवा क्षेत्र के परतावल ब्लाक कार्यालय में पिछले महीने लक्ष्मीपुर जरलहिया के प्रधान व रोजगार सेवक के बीच हुई मारपीट के मामले ने तूल पकड़ लिया है। एक दिन पहले बुधवार को रोजगार सेवक ने तहरीर देकर प्रधान सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

वहीं गुरुवार को प्रधान ने तहरीर देकर रोजगार सेवक सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। परतावल ब्लाक के लक्ष्मीपुर जरलहिया के ग्राम प्रधान श्याम पांडेय ने बताया कि बीते महीने 21 अक्टूबर को एक शिकायत की जांच करने एडीओ को आपरेटिव उनके ग्राम सभा में आए थे। जांच करने के बाद उन्होंने ब्लाक कार्यालय पर बुलाया। जब वे ब्लाक पहुंचे तो पहले से मौजूद रोजगार सेवक व उसके भाइयों ने मिलकर उन्हें पटक दिया और बुरी तरह से मारे-पीटे। एसओ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि प्रधान की तहरीर पर रोजगार सेवक शिब्बन लाल यादव, शिवेन्द्र यादव, रोहित यादव व हीरा यादव के खिलाफ धारा 323, 385, 427, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# छात्रों को किया गया जागरूक

सोनौली। सोनौली स्थित आइडियल पब्लिक स्कूल में कोतवाल महेंद्र कुमार यादव ने महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो एवं 1090 महिला हेल्प लाइन के बारे में बच्चों को जागरूक किया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, केस

बृजमनगंज, हिन्दुस्तान संवाद। बृजमनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दुबौलिया टोला कोइरीपुर में बुधवार की रात एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही तहरीर के आधार पर मृतका के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ देहज हत्या का केस दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के बाद फरेंदा सीओ कोमल प्रसाद मिश्र भी मौके पर पहुंच गए। बृजमनगंज के ग्राम सभा दुबौलिया टोला कोइरीपुर निवासी बृजश की 20 वर्षीया पत्नी सुमित्रा की बुधवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जानकरी मृतका के मायके वालों को दी। बेटी की मौत की सूचना पाते ही सिद्धार्थनगर निवासी रामजीत प्रजापति देर रात मौके पर पहुंचे, ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को नामजद तहरीर दी। एसओ बृजमनगंज अश्वनी मौर्य ने बताया कि मृतका के पिता रामजीत प्रजापति की तहरीर पर मृतका सुमित्रा के पति बृजेश, सास जसमता देवी, ससुर श्यामदेव, जेठ पप्पू व जेठानी उर्मिला के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

### विशेष न्यायाधीश ने सबूतों के आधार पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई

# रेप के मामलों में दो को 10 वर्ष की सजा

- चौक में 2013 व श्यामदेउरवां में 2014 में हुई थीं घटनाएं
- सजा के अलावा दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। दुष्कर्म के दो मामलों में कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी पाए जाने के बाद सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय विनय कुमार सिंह द्वितीय की अदालत ने दोनों मामलों में आरोपियों को दस-दस साल की सजा सुनाई है।

पहला मामला चौक क्षेत्र के एक गांव में 2013 का है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादी मुकदमा ने चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 अप्रैल-13 को उसकी कक्षा आठ में पढ़ने वाली बेटी को उसके विद्यालय का ही शिक्षक रवि प्रताप मिश्र एक महिला के सहयोग से बहला-फुसलाकर भगा ले गया। विवेचना के बाद विवेचक ने आरोपी रवि प्रताप मिश्र व सोनबरसी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचार के दौरान विशेष लोक अभियोजक विजय नारायन सिंह ने दस गवाहों व दर्जनों दस्तावेजी साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर धारा 363, 366 भादवि के तहत रवि प्रताप मिश्र व सोनबरसी को सात-सात साल के कारावास और रवि प्रताप मिश्र को दुष्कर्म के आरोप में दस वर्ष के कारावास और 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। दूसरा मामला श्यामदेउरवा क्षेत्र के एक गांव में 2014 का है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार वादिनी ने श्यामदेउरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 14 वर्षीया बेटी को गांव की ही विन्ध्यवासिनी देवी, रमाकांत व खदेरू बहला-फुसलाकर 18 अगस्त-14 को इंद्रजीत गुप्ता के साथ भगा दिये। विवेचक ने इंद्रजीत गुप्ता के विर्दध 363, 366, 376, 504, 506 भादवि और खदेरू, रमाकांत व विन्ध्यवासिनी के विरुद्ध धारा 363, 366 भादवि के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने सात गवाहों व दर्जनों दस्तावेजी साक्ष्यों को प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर आरोपी खदेरू गुप्ता, रमाकांत व विन्ध्यवासिनी को दोषमुक्त करते हुए इंद्रजीत गुप्ता को दस वर्ष के सश्रम कारावास व बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# बैरिया व सुंडी घाट से हो रही खाद की तस्करी



बैरिया घाट के रास्ते धान नेपाल ले जाते लोग ● जागरण

**जागरण संवाददाता, नौतनवा** : भारत-नेपाल की खुली सीमा के पगडंडी रास्तों से उर्वरक व धान की तस्करी शुरू हो गई है। नौतनवा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बाबूपैसिया के नोमेंस लैंड बैरिया घाट व सुंडी घाट के पास से भारी पैमाने पर धान व उर्वरक नेपाल भेजी जा रही है। अभी दो दिन पूर्व ही नौतनवा पुलिस ने छपवा से चंडी थान तक अभियान चला कुल 40 बोरी तस्करी के लिए जा रही उर्वरक को पकड़ा है। बावजूद इसके तस्कर बेखौफ हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक बैरिया घाट से प्रतिदिन 1000 बोरी बोरी चावल और सोनौली कोतवाली क्षेत्र के रजिया घाट से प्रतिदिन 500 बोरी चावल व धान कैरियरों के माध्यम से नेपाल पहुंचाई जा रही है। गौर करने वाली बात यह है जिन स्थानों से तस्करी हो रही है।

वहां एसएसबी के 66 वीं बटालियन के जवान गश्त व चौकसी के दावे करते हैं। पुलिस भी उन रास्तों पर सघन वाहन चेकिंग के दावे करती है। बावजूद तस्करी अब भी जारी है। वहीं बैरिया घाट से मक्के की खेप नेपाल से भारत में लाई जा रही है। एसडीएम दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि शीघ्र ही

# किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा

**जागरण संवाददाता,सिंदुरिया :** नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने दो के विरुद्ध अपहरण व एससी-एसटी का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई अपहृत किशोरी के पिता की तहरीर पर की गई है।

सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली अपहृत किशोरी के पिता ने बताया कि उनकी पुत्री छह नवंबर को घर से सिंदुरिया पैसा निकालने गई थी, उसके बाद से नहीं लौटी। उसकी मां को फोन पर सूचना मिली कि कोतवाली थानाक्षेत्र के सवना निवासी श्यामसुंदर व गबडुवा निवासिनी बासहिबा ने फुसलाकर भगा ले गया। थानाध्यक्ष नासिर हुसैन ने बताया कि अपहृता के पिता की तहरीर पर आरोपित श्यामसुंदर व बासहिबा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

जासं, सोनौली : सोनौली पुलिस ने अभियान चलाकर छात्रों को यातायात नियमों के पालन के लिए जागरूक किया। कस्बा के आइडियल पब्लिक स्कूल में गुरुवार को थाना प्रभारी महेंद्र यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो व 1090 महिला हेल्प लाइन के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही यातायात माह नवंबर के दृष्टिगत यातायात के नियमों के बारे में बताया गया।

सड़क पर चलने नियम तथा सुरक्षा के मानक उपकरणों में हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने के लिए जागरूक किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री जुनैद अहमद, सर्वेश पांडेय, संदीप पांडेय , इंद्रजीत यादव व समीर अहमद आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में खनुआ चौकी प्रभारी राम रतन यादव ने हेड कांस्टेबल परमहंस, कांस्टेबल सूर्य प्रकाश व कांस्टेबल मनोहर सिंह के साथ खनुआ-नौतनवा मार्ग पर वाहनों की जांच की। पांच वाहन यातायात नियम के विरुद्ध मिले। जिनका चालान किया गया। एसपी डा. कौस्तुभ का कहना है कि सभी थाना कि पुलिस को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म मामले में शिक्षक को 10 वर्ष का कारावास

- वर्ष 2013 के मामले में विशेष न्यायाधीश ने सुनाया फैसला
- छात्रा को भगाने में सहयोग करने वाली महिला को सात वर्ष की सजा

**जासं, महराजगंज:** चौक थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2013 में कक्षा आठ की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में दोषी पाये जाने पर विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने शिक्षक व एक महिला को क्रमश : 10 व सात वर्ष की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने अर्थ दंड से भी दंडित किया है। अर्थ दंड न जमा करने पर आरोपितों को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

न्यायाल में दाखिल पत्रावली के अनुसार किशोरी के पिता ने चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 अप्रैल 2013 को उनकी पुत्री को विद्यालय के ही अध्यापक रवि प्रताप मिश्र गांव की महिला सोनबरसी के सहयोग से फुसलाकर भगा ले गया है। विवेचना के पश्चात विवेचक ने दोनों के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष लोक अभियोजक विजय नरायण सिंह ने 10 गवाह व दर्जनों दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर सोनबरसी को सात वर्ष तथा शिक्षक रवि प्रताप मिश्र को धारा 376 आइपीसी के तहत को 10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही साथ 30,000 रुपये के अर्थ से दंडित किया है।

**दुष्कर्म के आरोपित को 10 वर्ष का कारावास:** महराजगंज: श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में वर्ष 2014 में नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगा के जाने व दुष्कर्म करने के मामले मे अभियुक्त इन्द्रजीत गुप्ता को विशेष-न्यायाधीश विनय कुमार सिंह द्वितीय ने 10 वर्ष के सश्रम कारावास के साथ ही बीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

पत्रावली से मिली अनुसार पीड़िता ने श्यामदेउरवा मे रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री को गांव के ही विन्ध्यवासिनी देवी पत्नी रमाकान्त, रमाकान्त व खदेरु पुत्रगण रामदेव गुप्ता बहला-फुसला कर प्रार्थनी की पुत्री को 18 अगस्त 2014 को इन्द्रजीत गुप्ता के साथ भगा दिये हैं। विवेचक द्वारा इन्द्रजीत गुप्ता के विरुद्ध एवं खदेरु गुप्ता, रमाकान्त व विन्ध्यवासिनी देवी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने सात गवाह एवं दर्जनों दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने खदेरु गुप्ता, रमाकान्त एवं विन्ध्यवासिनी देवी को दोषमुक्त करते हुए इन्द्रजीत गुप्ता को सजा सुनाई है।

# 17 लोगों के विरुद्ध शांतिभंग की कार्रवाई

**जासं, महराजगंज** : जिले की पुलिस ने विभिन्न मामलों में शांति भंग की आशंका व भविष्य में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए विभिन्न थानों में 17 लोगों को शांति भंग की धारा में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायालय ले जाया गया, जहां से उन्हें जमानत दे दी गई।

**गुमशुदा युवक को पुलिस ने स्वजन से मिलाया**: ठूठीबारीः रात्रि गश्त के दौरान ठूठीबारी कोतवाल जेपी सिंह यादव को एक युवक घूमता मिला। पूछताछ में उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं पाई गई। उसने अपना नाम प्रदीप कुमार, ग्राम-करीम नगर टोला करमहियां थाना कैम्पियरगंज गोरखपुर बताया। संबंधित ग्राम प्रधान को सूचना दी। कोतवाली पहुंची युवक की माता संगीता देवी को उसे सौंप दिया गया।

## एक नजर में

# 112 वाहनों का चालान

महराजगंज : यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पुलिस ने गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में 112 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा चार लापरवाह वाहन चालकों से 3500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया है। (जासं)

# नेपाली पाउडर के साथ एक गिरफ्तार

**जासं,आनंदनगर:** कोल्हुई पुलिस ने जोगियाबारी मार्ग पर गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे 5700 पाउच नेपाली पाउडर के साथ आरोपित मनोज कुमार निवासी शीशगढ़ टोला खैरटवा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

# वर्दी व वेतन की मांग को लेकर चौकीदारों ने दिया धरना

- मांगे पूरा नहीं होने पर संगठन ने दी आंदोलन की चेतावनी
- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन चौकीदारों ने डीएम को सौंपा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** वर्दी व वेतन की मांग को लेकर ग्राम चौकीदार संघ ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना दिया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन संगठन ने जिलाधिकारी को सौंपकर अपने हक की आवाज बुलंद की।

संघ के जिलाध्यक्ष बाले खान ने कहा कि चौकीदारों को स्थायी किया जाए। थाने पर प्रतिदिन जीडी के अनुसार ड्यूटी लगाने का आदेश किया जाए। चौकीदारों को खाकी वर्दी, पैंट, शर्ट, लाल टोपी, जूता, बेल्ट दिया जाए, ताकि जनता की नजर में वह पुलिस का अंग के रूप में नजर आएं। राजनीतिक दलों के लोग भी अब गमछा लगा रहे हैं। इस महंगाई में भी चौकीदारों को मात्र 2500 रुपये प्रतिमाह मिल रहा है। इसे बढ़ाकर 18500 प्रतिमाह किया जाए। स्थायीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाए। ऐसा नहीं होता है, तो सभी चौकीदार अगले माह से वृहद धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। प्रदेश सचिव शिवकुमार कन्नौजिया, जिला उपाध्यक्ष इंद्रजीत, जिला सचिव रामनाथ, प्रेमकुमार नायक, सोधई यादव, शिवराज, प्रवीण कुमार, लाल बहादुर, अंगल, रामायन आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



धरनास्थल पर बैठे चौकीदार संगठन के पदाधिकारी ● जागरण

# लोक अदालत के लिए जिला जज ने दिए निर्देश

**जासं, महराजगंज** : दीवानी न्यायालय में शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। गुरुवार को जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी सफलता के लिए निर्देश दिए।

जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वह अपने-अपने न्यायालय में अधिकाधिक वादों को चिह्नित करते हुए लोक अदालत में निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफल हो सके। सभी न्यायिक अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वह अपने स्तर से अधिकाधिक वादों का निस्तारित कराने का प्रयास करेंगे। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव असगर अली के अलावा अन्य न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे।



दीवानी न्यायालय सभागार में बैठक को संबोधित करते जिला जज जयप्रकाश तिवारी ( दाएं से तीसरे) ● जागरण

# नेपाली स्क्रैप के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, ठूठीबारी:** भारत-नेपाल सीमा बार्डर पर तैनात 22वीं वाहिनी एसएसबी ठूठीबारी की स्पेशल टीम ने गुरुवार की दोपहर कोतवाली क्षेत्र के चंदन नदी के समीप से एक नेपाली ट्रैक्टर ट्राली पर लदी एक हजार पचास किलोग्राम स्क्रैप (स्टील पाइप) व दो सौ किलो ग्राम स्टील तार समेत एक युवक को गिरफ्तार किया है।

आरोपित की पहचान जितेंद्र पुत्र विश्वनाथ निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द के रूप में हुई है। बीओपी इंचार्ज जयंता घोष ने बताया कि चंदन नदी के पास से बरामद तस्करी के स्क्रैप, ट्रैक्टर ट्राली व आरोपित युवक को कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है।

# साइबर ठगी के 5.27 लाख रुपये पुलिस ने कराए वापस

**जागरण संवाददाता, महराजगंज** : साइबर ठगी के शिकार मामले में 10 लोगों के रुपये वापस कराने में महराजगंज साइबर सेल पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। कुल पांच लाख 27 हजार 975 रुपये पुलिस ने पीड़ितों को वापस कराया है। रुपये खाते में आते ही लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

साइबर सेल के प्रभारी गिरीश चंद्र राय ने बताया कि साइबर सेल की टीम ने मुख्य आरक्षी प्रफुल्ल यादव, आरक्षी विश्वजीत पांडेय, सत्येन्द्र मल्ल, लाल बहादुर यादव, महिला आरक्षी गुंजन यादव की मदद से 10 लोगों के रुपये वापस कराए हैं। रुपये वापस पाने वाले पीड़ितों में पनियरा निवासी विवेक कुमार मद्धेशिया का 32 हजार, सिंदुरिया के मेडिकल स्टोर संचालक राम प्रताप गुप्ता का डेढ़ लाख, कोल्हुई निवासी भानुप्रताप सिंह का 60 हजार,

**जालसाजों ने झांसे में लेकर लोगों से की थी रुपये की ठगी, पीड़ितो को खाते में वापस मिले रुपये खिल गए चेहरे**

बहुआर निवासी अखिलेश का 14 हजार 500, भैया फरेंदा निवासी राज नरायन पटेल का 91 हजार 999 रुपये, पुरंदरपुर निवासी सोनू श्रीवास्तव का पांच हजार, खुटहा बाजार निवासी कन्हैया वर्मा का 54 हजार 496 रुपये, बृजमनगंज बाजार निवासी किशन कुमार गुप्ता का 50 हजार, फरेंदा निवासी पिंकी जायसवाल का 97 हजार व निचलौल निवासी अनिल कुमार का 69 हजार 800 रुपया वापस कराया गया है। इन सभी ने जालसाजी का शिकार होने के तुरंत बाद साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई थी।

## सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**सोनौली।** स्थानीय आइडियल पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी महेंद्र कुमार यादव ने सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक किया। हेल्पलाइन नंबरों से कैसे सहायता ली जाती है, इसके बारे में भी बताया। यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वाहन चलाने के दौरान सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस दौरान सर्वेश पांडेय, संदीप, इंद्रजीत यादव, समीर अहमद आदि मौजूद रहे। संवाद

# दो वांछित गिरफ्तार

**महराजगंज।** ऑपरेशन बज्र के तहत कोठीभार पुलिस ने इस्राइली नागरिक को कटहरी कला थाना कोठीभार के सबया तिराहा बड़हरा मोड़ से बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। उसका चालान कर दिया गया है। इसी क्रम में नुरलैन अंसारी पुत्र मुर्तुजा अंसारी निवासी बरवा रतनपुर थाना खड्डा जनपद कुशीनगर को कटहरी से गिरफ्तार कर चालान किया गया। इन दोनों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। यह जानकारी उप निरीक्षक कोठीभार अखंड प्रताप सिंह ने दी। संवाद

# दुष्कर्म के मामलों में दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास

**महराजगंज।** चौक थाना क्षेत्र के एक गांव में वर्ष 2013 में कक्षा आठ की छात्रा से उसके विद्यालय के शिक्षक द्वारा दुष्कर्म किया गया था। इसमें गांव की महिला ने मदद की थी।

मामले में आरोपी अध्यापक को दोषी पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश विनय कुमार सिंह ने उसे दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30,000 रुपये का अर्थदंड लगाया है। विशेष लोक अभियोजक विजय नारायण सिंह ने दस गवाह व दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की।

न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई। इसी क्रम में वर्ष 2014 में श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में एक गांव में दुष्कर्म के मामले के अभियुक्त को दस साल का सश्रम कारावास से दंडित किया गया है। विशेष लोक अभियोजक विनोद सिंह ने दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर सजा की मांग की। न्यायालय ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई। संवाद

# गुमशुदा युवक को परिजनों से मिलाया

**ठूठीबारी।** कोतवाली पुलिस की टीम ने एक महीने से गुमशुदा युवक को उनके परिजनों से मिलाया। रात्रि गश्त के दौरान पुलिस टीम को युवक घुमता हुआ मिला। समीप जाकर पूछताछ में उनकी मानसिक स्थिति सही नहीं मिली।

नाम पता पूछने पर अपना नाम प्रदीप कुमार ग्राम-करीम नगर टोला करमहियां थाना-कैम्पियरगंज जनपद-गोरखपुर बताया। इस सूचना पर संबंधित ग्राम प्रधान से वार्ता कर परिजनों को जानकारी दी गई। जिसमें गुमशुदा की माता संगीता देवी की उपस्थित में मानसिक विक्षिप्त प्रदीप को सौंप दिया गया। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 11-11-2022

# साइबर अपराध से बचने की दी गयी जानकारी

**विक्रमजोत(एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव के निर्देश पर चलाए जा रहे साइबर क्राइम रोकथाम अभियान के तहत छावनी के थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चौकी प्रभारी ओमप्रकाश मिश्र की देखरेख में कांसटेबल राहुल सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद बाल शिक्षा निकेतन फूलडीह में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी गयी।

श्री सिंह ने विद्यार्थियों एवं अध्यापको को साइबर अपराध की परिभाषा, साइबर अपराध के कारण, रोकथाम आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा बेबसाइट के साथ-साथ हेल्पलाइन नंबर 112, 108, 102, 101, 1090, 1098 आदि के बारे में भी जानकारी दिया। यातायात माह के तहत सभी से नियमो का पालन करने की अपील किया। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, प्रतिदिन स्कूल से घर आने के तौर-तरीके भी बताए। इस मौके पर प्रबंधक प्रभात सिंह, संरक्षक प्रशांत सिंह, प्रधानाचार्य कौशल किशोर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न में दस पर एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थाने पर लिखित तहरीर देकर पीड़िता खुशबुन्निशा ने आरोप लगाया कि उसके पति शाह आलम तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा दहेज में बुलेट मोटरसाईकिल तथा दो लाख रूपये नकद की मांग को लेकर तरह तरह से प्रताड़ित किया गया। मांग पूरी नही हुई तो लोगो ने मिलकर उसे मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

मामले में लालगंज पुलिस ने आरोपी पति शाह आलम पुत्र अब्दुल अजीज, ससुर अब्दुल अजीज, सास सहेरा पत्नी अब्दुल अजीज, ननद डाली, लाली, गुलजार पुत्रीगण अब्दुल अजीज, जेठ नूर आलम, जेठानी साहिन पत्नी नूर आलम, देवर मोहम्मद आजम अब्दुल अजीज, नन्दोई रिजावन निवासीगण कटसहरा थाना हरपुर बुदहट जिला गोरखपुर के विरूद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बकरी चराने गयी किशोरी से छेड़खानी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** खेत में बकरी चराने गयी लड़की के साथ आरोपी युवक द्वारा छेड़खानी किया गया। जिसका विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा।।

मुण्डेरवा थानान्तर्गत कुम्हिया मिश्रौलिया गांव निवासिनी एक महिला ने पुलिस में तहरीर देकर यह आरोप लगाया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी खेत में बकरी चराने गयी हुई थी। इस दौरान गांव निवासी रिंकू उसकी लड़की के साथ छेड़खानी करने लगा तथा पीछा करते हुए घर तक चला आया। जिसका विरोध करने पर जाति सूचक गालियां देते हुए लड़की तथा उसकी मांग को जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी रिंकू पुत्र त्रियुगी चौबे निवासी कुम्हिया मिश्रौलिया थाना मुण्डेरवा के विरूद्ध धारा 354 क, 354घ, 504 आईपीसी एवं 7/8 पाक्सो अधिनियम के साथ ही व 3(1) (द)(ध) व 3(2) 5(क) एससी एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# आंकिक शाखा के प्रभारियों के साथ डीआईजी ने की समीक्षा बैठक

**सिद्धार्थनगर जनपद का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर फटकार**

**बस्ती (एसएनबी)।** परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय के सभागार में परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के आंकिक शाखा के अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

समीक्षा बैठक के दौरान जनपद बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर के अधिकारी/कर्मचारीगण से परिचय प्राप्त किया गया। परिक्षेत्र के जनपदो के आंकिक शाखा के समीक्षा के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों के देयको की भुगतान , जीपीएफ, एवं प्रान नम्बर आवंटन के संबंध में समीक्षा की गयी। जिसमें डीआईजी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन कर्मियों का प्रान नंबर आवंटन नहीं है एवं जिन कर्मियों का आवंटन है उनकी कार्यवाही 15 दिवस में पूर्ण कर ली जाए एवं यह भी निर्देशित किया गया कि जिन अधिकारियोंकेजीपीएफ फोर्थ से थर्ड में स्थानांतरित होना है उक्त की भी कार्यवाही 15 दिवस में पूर्ण कर लिया जाए एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के देयको की भुगतान समय से सेवानिवृत्त तिथि तक प्रत्येक दशा में कर दिया जाय। समीक्षा के दौरान सिद्धार्थनगर जनपद का कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर फटकार लगायी गयी। इस दौरान परिक्षेत्र तीनों जनपदों के आंकिक शाखा के प्रभारी व उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ परिक्षेत्रीय कार्यालय के नोडल अधिकारी एकाउन्टेंट राज नारायण राय भी उपस्थित रहे।



बस्तीः समीक्षा बैठक करते डीआईजी। फोटो : एसएनबी

# बहला फुसला कर लड़की भगाया, मुकदमा

**बस्ती ।** बहला फुसला कर लड़की को भगाने तथा परिजनों द्वारा लड़की को वापस ले जाने के लिए आरोपी के घर जाने पर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। सोनहा थानान्तर्गत सेम्हो गांव निवासी एक महिला ने पुलिस में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी को आरोपी छोटू बहला फुसला कर भगा ले गया। लड़की को लेने जब वह आरोपी के घर सन्तकबीर नगर पहुंची तो आरोपी छोटू तथा उसके परिजनों द्वारा गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने आरोपी छोटू, अलाउद्दीन, लड्डू, लाला, निजामुद्दीन निवासीगण अमाय थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर के विरूद्ध केस दर्ज किया गया।

## उलाहना देने पर घर में घुसकर पिटाई, चार पर केस

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के उमरिया गांव की रहने वाली सुधा पाण्डेय के खेत में लगा पिलर अभियुक्त विनोद द्वारा तोड़कर फसल को नुकसान कर दिया गया। इसी बात को उलाहना लेकर सुधा जब अभियुक्त के घर गयी तो उसे विनोद, करूणेश्वर, बब्बन तथा बब्बन का भान्जा गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता सुधा पाण्डेय पत्नी मुन्ना पाण्डेय निवासिनी उमरिया थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनोद पुत्र रामअजोर, करूणेश्वर मिश्रा पुत्र विसेश्वर मिश्रा, बब्बन पाण्डेय पुत्र परमात्मा उर्फ कुलबुल पाण्डेय सेमरा चीगन थाना कलवारी तथा बब्बन का भान्जा सुभम के विरूद्ध केस दर्ज किया है।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, क्रास केस

**बस्ती** । वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के औराडीहा गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर अभियुक्तो ने एकराय होकर हरीश चौहान की पत्नी इन्द्रावती तथा बेटी सीमा को गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित हरीश चौहान पुत्र जिआऊ चौहान निवासी औराडीहा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सुनील, अनिल, कल्लू पुत्रगण रामनिवास निवासीगण औराडीहा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के सुनील चौधरी पुत्र राम नेवास चौधरी ने भी पुलिस को पत्र देकर आरोप लगाया कि मोनू ने उसे पुरानी रंजिश में गालियां व धमकी देते हुए मारापीटा है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी मोनू पुत्र हरीश निवासी औराडीहा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## खेत बंटवारे के विवाद में महिला की पिटाई, दो नामजद

**बस्ती** । कलवारी थाना क्षेत्र के सेमरापूरे प्रसाद गांव में इन्द्रमणि तथा भाई विनोद कुमार के बीच खेत की जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर इन्द्रमणि सिंह की पत्नी सुनीता से विनोद व विनोद की पत्नी वन्दना से वाद विवाद हो गया। जिसके बाद दोनो ने मिलकर सुनीता को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सुनीता के पति इन्द्रमणि सिंह पुत्र मुहीमदत्त निवासी सेमरापुरे प्रसाद थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार पुत्र मुहिमदत्त सिंह, वन्दना सिंह पत्नी विनोद सिंह निवासीगण ग्राम सेमरा पूरे प्रसाद थाना कलवारी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## गोशाला से गोवंश गायब, मुकदमा दर्ज

**बस्ती** । अस्थाई गोशाला से तीन पशु गायब हो गये। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। कार्यवाही रूधौली थाने की पुलिस ने की है। रूधौली थाना क्षेत्र के बहजां गाव स्थित अस्थाई गौशाला से तीन राशि गोवंश पशु गायब हो गये। जिसकी जानकारी गांव में आग की तरह फैल गयी। इसी बीच सूचना ग्राम प्रधान रीता चौधरी के पास भी पहुंची। मामले में रीता चौधरी पत्नी विनोद चौधरी ग्राम प्रधान बजहां थाना रूधौली ने पुलिस में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। रूधौली पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए खोजबीन में जुट गयी है। मामले को संज्ञान में लेते हुए खंड विकास अधिकारी द्वारा गुरुवार को अस्थाई गो आश्रय स्थल पर पहुँचकर ग्राम सचिव व तैनात कर्मचारीयों को निर्देशित किया कि गो आश्रय स्थल के चारों तरफ बने गड्ढे को जेसीबी के माध्यम से खुदाई कराकर और अधिक गहरा कर दे और चारो तरफ लगे पिलर की मरम्मत करवा दे और तारवाडा को और बेहतर कर दें। वही बीडीओं ने रात में गो आश्रय स्थल के रखरखाव व रखवाली हेतु दो सफाई कर्मचारी की तैनाती के लिए एडीओ पंचायत शैलेन्द्र त्रिपाठी को निर्देशित किया है और केयर टेकर के लिए अतिरिक्त कक्ष है। पशु शेड और बढ़ाए जाने का निर्देश दिया है। वही ग्राम प्रधान रीता चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध पशु चोरी की मुकदमा पंजीत कर लिया है।

# तीन अन्तरजनपदीय टप्पेबाज गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना कोतवाली पुलिस टीम व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही द्वारा 3 अन्तर्जनपदीय टप्पेबाज अभियुक्तों को गिरफ्तार कर रूपये 17,300 व 2 अदद मोटरसाइकिल बरामद कर जेलभेजा गया।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय मय पुलिस टीम, प्रभारी चौकी रौतापार उप निरीक्षक संतोष कुमार सिंह मय पुलिस टीम व प्रभारी स्वाट टीम उप निरीक्षक उमाशंकर त्रिपाठी मय स्वाट टीम द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गोरया पुल से आगे150 मीटर की दूरी पर मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को धक्का देकर महिला/पत्नी के गले से सोने के चेन खींचकर भागने के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 507/2022 धारा 356 भादवि व 19 अक्टूबरको थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बैंक आफ इंडिया शाखा कटरा पानी टंकी के सामने से रुपये 2,85,000 निकालकर बैग में रखकर मोटरसाइकिल से अपने कार्यालय बड़ेबन की तरफ जा रहे व्यक्ति कोएसबीआईकोर्ट एरिया बैंक के सामने मोटरसाइकिल सवार 3 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा टक्कर मारकर बैग में रखे पैसे को निकाल लेने के संबंध में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 562/2022 धारा 379 भादवि से सम्बंधित 3 अभियुक्तोंमोनू पुत्र राम नवल,अर्जुन पुत्र पुन्वासी,विनोद पुत्र भूरे को अमहट पुल के पास स्थित शराब की दुकान के पास से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय बस्ती रवाना किया गया।

**रु.17,300 व 2 अदद बाइक बरामद**



बस्ती : गिरफ्तार टप्पेबाजों की जानकारी देते एसपी। फोटो : एसएनबी

# दुष्कर्म का फरार आरोपी धराया

**बस्ती/ छावनी(एसएनबी)।** बीते 31 अक्टूबर को छावनी थानान्तर्गत डुहवा मिश्र जाने वाली कच्ची नहर के पास भैस चरा रही एक युवती को अके ला पाकरगाजा के नशे में धुत युवक ने जबरिया दुष्कर्म किया और युवती के बेहोश हो जाने के बाद वहां से फरार हो गया। इस मामले में पीड़ित परिवार की शिकायत पर छावनी पुलिस ने अज्ञात युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया।

थानाध्यक्ष दुर्गेश पांडेय की टीम ने घटना का खुलासा करने का प्रयास जारी रखा। पुलिस कार्यालय में अखबार नबीसों से रूबरू हुई पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 31 अक्टूबर को आरोपी अभय पांडेय उर्फ करिया पुत्र जगत नारायण पांडेय निवासी बड़हर कला थाना हर्रैया गांजा पीने के बाद ग्राम डुहवा मिश्र जाने वाली कच्ची नहर मार्ग होते हुए आ रहा था कि एक लडकी उसेभैंस चराते हुए मिली । आरोपी ने बताया कि उसने पहलेफब्तियां कसते हुए पूछा भैंस मारती तोनही है। तब वह लडकी बिना कुछ बोले दूसरी तरफ मुह करके खडी हो गयी। गांजे के नशे में धुत आरोपी नेलड़की को पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास शुरू किया। किशोरी ने जब विरोध जताया तो उसेदो-तीन थप्पड़ मारा और उसका मुंह दबा दिया उसके साथ जबरन सम्बन्ध बनाना चाहा। जब संबंध बनाने में नाकाम रहा तो उसने युवती के अन्दरूनी पार्ट में हाथ डाल दिया तब तक वह अचेत अवस्था में हो गयी, युवती के बेहोश होने पर आरोपी उसे छोड़कर भाग गया।

पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गये आरोपी ने घटना को स्वीकार किया। उसने बताया कि घटना के बाद वह दिल्ली चला गया था। कुछ दिन बीतने के बाद वह गांव आया। गुरूवार को भी वह दिल्ली जाने की फिराक में था तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# साइबर क्राइम की जानकारी दी

विक्रमज़ोत। छावनी पुलिस ने साइबर क्राइम कंट्रोल अभियान के तहत फूलडीह स्थित स्वामी विवेकानंद बाल शिक्षा निकेतन स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया। चौकी इंचार्ज विक्रमजोत ओमप्रकाश मिश्र व आरक्षी राहुल सिंह ने स्कूल में छात्रों को साइबर क्राइम के बारे में बताया।

# छात्राओं को यातायात का पढ़ाया पाठ

बस्ती। बेगम खैर गर्ल्स इंटर कालेज में गुरुवार को यातायात को लेकर छात्राओं को जागरूक किया गया। सुरक्षित यातायात के नियम बताए गए।

एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने कहा कि दुर्घटना में अधिकांश मौतें हेलमेट न लगाने वालों की होती है। बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाएं। टीएसआई कामेश्वर सिंह एवं महिला थाना प्रभारी भाग्यवती पांडेय ने कहा कि सड़क को सदैव जेब्रा क्रासिंग से ही पार करें। इसके अलावा अन्य स्थान पर सड़क पार करते समय दायें व बायें अवश्य देखें। प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें।

# गोशाला से बछड़े चोरी, अज्ञात पर केस

- रुधौली थाने के बजहा गोशाले का मामला
- प्रधान की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

रुधौली, हिसं। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बजहा में बने अस्थाई गौशाला से तीन बछड़ा चोरी होने पर रुधौली पुलिस ने प्रधान के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बजहा ग्राम पंचायत में बने अस्थाई गोशाले पर उन्नीस पशु थे। गौशाला पर ब्रह्मदत्त पाण्डेय एवं इन्द्रकेश को पशुओं के देखरेख के लिए रखा गया है। छह नवंबर की रात में तीन बछड़ों के चोरी हो जाने पर गो सेवकों ने इसकी सूचना प्रधान रीता चौधरी को दी। बछड़ों के चोरी होने की सूचना पर ग्रामीणों ने आसपास काफी खोजबीन किया, लेकिन तीनों बछड़े नहीं मिले। प्रधान प्रतिनिधि विनोद चौधरी ने खण्ड विकास अधिकारी सुनील कौशल को इसकी सूचना देते हुए रुधौली थाने पर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर छानबीन किया। गुरुवार को पुलिस ने प्रधान रीता चौधरी के तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी सुनील कौशल, एडीओ पंचायत शैलेंद्र त्रिपाठी तथा अन्य लोग गौशाला पर पहुंचकर दूसरी बार निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी सुनील कुमार कौशल ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी रिंगभान को तत्काल मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर देने का निर्देश दिया गया था, लेकिन देर से तहरीर दी गई। उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# गांव में पसरा सन्नाटा, नामजद फरार

**हि फॉलोअप**

- गोवध मामले में चार पुलिस कर्मी हो चुके हैं निलंबित
- दरोगा सहित 38 पर दर्ज है मुकदमा, 12 की हुई है गिरफ्तारी



गदापुर चक गांव में गुरुवार को मुस्तैद थाना प्रभारी सोनहा व फोर्स। • हिन्दुस्तान

**बस्ती/भानपुर।** सोनहा थाने के गदापुर चक गांव के गोवध प्रकरण के चौथे दिन भी गांव में सन्नाटा पसरा रहा। थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह फोर्स के साथ मुस्तैद दिखे। साथ ही पीएसी के जवान भी तैनात रहे। विभागीय स्तर से पूर्व में तैनात रहे बीट प्रभारी व आरक्षियों के बारे भी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। मामले में कुल 12 आरोपी पकड़े जा चुके हैं, लेकिन नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

सोमवार को गोवध का प्रकरण सामने आने के बाद मंगलवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने सोनहा थाने के एसएचओ विनोद, हल्का दरोगा अनिल यादव, सिपाही विपिन सिंह और सिपाही राहुल को निलंबित कर दिया था। साथ ही एक एसआई, ग्राम प्रधान समेत 18 नामजद व 20 अन्य अज्ञात के खिलाफ गोवध निवारण और पशु क्रूरता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दस आरोपितों को मंगलवार को और दो अन्य को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया था।

# शिक्षकों पर कार्रवाई के विरोध में दिया धरना

## प्रदर्शन

बस्ती, निज संवाददाता। बीएसए कार्यालय पर गुरुवार को प्राथमिक शिक्षक संघ ने कुदरहा विकासखण्ड के तीन शिक्षकों पर बैड एंट्री की कार्यवाही के विरोध में धरना दिया। जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि बीएसए स्तर से दी गई तय समय सीमा में जांच करके यदि प्रतिकूल प्रविष्टि नहीं हटाई गई तो 30 नवम्बर के बाद संगठन बड़े आन्दोलन के लिए बाध्य होगा।

बता दें दो सितम्बर को खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हंगामा हुआ था। तीन शिक्षकों पर खण्ड शिक्षा अधिकारी से दुर्व्यवहार का आरोप लगा। बीएसए स्तर जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर तीनों शिक्षकों पर बैड एंट्री की कार्रवाई की। जिला मीडिया प्रभारी रवीश मिश्र ने बताया कि बीएसए ने पुनः नई जांच कमेटी बनाकर 15 दिन में रिपोर्ट मांगा है। नई जांच कमेटी में बीईओ सदर विनोद त्रिपाठी व बीईओ गौर ओंकार नाथ वर्मा को रखा गया है। राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अभय सिंह यादव, शैल शुक्ल, विजय प्रकाश चौधरी, राज सिंह, चन्द्रभान , महेश कुमार, दिवाकर सिंह, सूर्य प्रकाश, सन्तोष शुक्ल, देवेन्द्र वर्मा, आनन्द सिंह, आनन्द दूबे आदि मौजूद रहे।

# देवरिया में जमीन से हटा कब्जा

बस्ती। डीएम के जनता दर्शन में सदर तहसील के देवरिया गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर अतिक्रमणकारी के कब्जे से अवैध कब्जा हटवाया गया। अपर एसडीएम अतुल आनंद ने बताया कि देवरिया ग्राम निवासी हरीराम मौर्य ने डीएम से शिकायत की थी कि उनके गांव के ही एक व्यक्ति ने गांव के सरकारी जमीन में अवैध रूप से कब्जा कर सीढ़ी बना ली है। जांच के बाद गांव में राजस्व व पुलिस टीम के सहयोग से गुरुवार को अवैध कब्जा हटाया गया।

# फर्जीवाड़ा कर कराया केस

छावनी। एक ही जमीन का दो बार बैनामा करने के आरोप में छावनी पुलिस ने दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कनरोपुर निवासी शांति गौतम पत्नी बजरंगी की तहरीर देकर खम्हरिया निवासी रमेश व गणेश के खिलाफ कूटरचित तरीके से फर्जी कगजात तैयार करके बैनामा करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में दो लोग गिरफ्तार

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरविन्द कुमार शाही ने बताया कि हत्या के प्रयास व बलवा से सम्बन्धित मुकदमे में आरोपी शिवम मौर्या और मनोज गुप्ता निवासी तिरुखा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई श्याम सुंदर, एसआई अजय कुमार भारती, आरक्षी देवेन्द्र निषाद शामिल रहे।

# दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग

भानपुर। सोनहा थाने के गदापुरचक गांव में चार दिन पूर्व हुए गोकशी के मामले में ग्राम प्रधान पवन द्विवेदी के खिलाफ गो-वध अधिनयम के तहत दर्ज किए मुकदमें के वापस लिए जाने की प्रधान संघ ने मांग किया है।

रामनगर ब्लॉक के 60 प्रधानों ने तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह को संयुक्त रूप से पत्र सौंप कर कार्रवाई की मांग की। एसडीएम को सम्बोधित पत्र के हवाले से ग्राम प्रधानों ने बताया है कि ग्राम प्रधान गदापुरचक पवन द्विवेदी को इस प्रकरण में राजनीतिक प्रतिद्वंदता के चलते फर्जी तरीके से फंसाया गया है। ग्राम प्रधानों ने सामूहिक रूप से पवन के विरुद्ध केस दर्ज किए जाने से मानसिक रूप से आहत होने का जिक्र करते हुए उन पर दर्ज मुकदमें को वापस लेने की मांग की है।

# युवती संग हैवानियत का आरोपी गिरफ्तार

**खुलासा**

बस्ती, निज संवाददाता। जिले के छावनी थाना क्षेत्र में भैंस चराने गयी युवती के साथ हैवानियत करने वाले आरोपी की पहचान कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए बताया कि थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश कुमार पांडेय की टीम ने आरोपी अभय पांडेय उर्फ करिया निवासी बड़हर कला थाना हर्रैया को रामजानकी तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि गांजा के नशे में युवती के साथ यह कृत्य किया था।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी गांजा पीने का आदी है। 31 अक्तूबर को घटना के दिन वह गांजा पीने के बाद डुहवा मिश्र जाने वाली कच्ची नहर मार्ग होते हुए जा रहा था। तभी उसे इंटरमीडियट कॉलेज के पीछे एक युवती भैंस चराते हुए मिली। उससे पूछा भैंस मारती तो नहीं है, अनजान व्यक्ति होने के कारण युवती ने जवाब नहीं दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को गांजा का नशा काफी चढ़ गया था। ऐसे में इधर उधर देखकर उस लड़की को पीछे से जाकर पकड़ लिया और जमीन पर पटक दिया। विरोध करते हुए वह छटपटाने लगी तो आरोपी ने गुस्से में उसके अंदरूनी हिस्से में हाथ डाल दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। यह देख आरोपी उसे छोड़कर भाग निकला था। खुलासे के दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी, सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय भी मौजूद रहे।



पुलिस कार्यालय में युवती के साथ हैवानियत की घटना के आरोपी की धरपकड़ का खुलासा करते एसपी। • हिन्दुस्तान

# डीलर से 2.85 लाख की टप्पेबाजी में तीन दबोचे

- कोतवाली व स्वॉट की संयुक्त टीम ने अमहट पुल के पास से दबोचा
- अम्बेडकरनगर के रहने वाले हैं आरोपी, सत्रह हजार बरामद

बस्ती, निज संवाददाता। शहर कोतवाली के बड़ेवन एसबीआई शाखा के सामने प्रापर्टी डीलर के साथ 2.85 लाख रुपये की टप्पेबाजी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कार्यालय में खुलासा करते हुए एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि आंबेडकरनगर के रहने वाले तीनों शातिरों को गुरुवार को कोतवाली व स्वाट की संयुक्त टीम ने अमहट पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 17 हजार 300 रुपये नगद व दो बाइक बरामद किया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव के अनुसार आरोपितों से पूछताछ में पता चला कि गिरोह में 11 सदस्य हैं, जो जिले के अलग-अलग स्थानों पर टप्पेबाजी व चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दे रहे थे। तीन अन्य घटनाओं के बारे में भी खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि इस गैंग ने 20 अक्तूबर को बैंक से रुपये निकालकर लौटे प्रापर्टी डीलर अवधेश निवासी केंवचा थाना कलवारी की बाइक में बड़ेवन कोर्ट एरिया एसबीआई बैंक शाखा के सामने टक्कर मार दी। उनके साथ दूसरी बाइक से पीछे से आए अन्य टप्पेबाजों ने टक्कर मारने वाले टप्पेबाज की बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक गिरने के बाद भीड़ जुट गई, इसी बीच बाइक के बैग में रखा दो लाख 85 हजार रुपये निकाल ले गए थे। एसपी ने बताया कि मामले की जांच में जुटी कोतवाली व स्वॉट टीम को आंबेडकरनगर के टप्पेबाजों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। इसके बाद से इनके पीछे पुलिस टीम पड़ी थी। गुरुवार को शहर के अमहट पुल के शराब की दुकान के पास से दो बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपितों की पहचान मोनू, अर्जुन व विनोद निवासी शाहपुर थाना जलालपुर आंबेडकरनगर के रूप में हुई। तीनों ने प्रापर्टी डीलर के साथ टप्पेबाजी की घटना को स्वीकार किया है।

## कोतवाली व छावनी की तीन अन्य घटनाओं का खुलासा

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि पकड़े गए मोनू, अर्जुन और विनोद ने चेन स्नेचिंग और एटीएम छीनकर रुपये निकालने की तीन अन्य घटनाओं को कबूल किया है। इस गैंग ने तीन अगस्त को कोतवाली थाने के सुपेलवा में एक दुकान पर बैठी महिला से सामान खरीदने के बहाने गले से चेन छीन लिया था। 17 सितंबर को कोतवाली के बढ़या पुल के पास गोपाल चौधरी निवासी बरगदवा थाना कोतवाली की पत्नी के गले से चेन छीनकर भाग गए थे। इसके अलावा छावनी थाने के खानकला निवासी सकीना बानो से 12 अक्तूबर को एटीएम से निकालकर जाते समय रुपये छीनकर भागने की घटना को अंजाम दिया था। धरपकड़ में कोतवाल, स्वॉट प्रभारी के साथ प्रभारी चौकी रौतापार संतोष कुमार सिंह की टीम ने अहम भूमिका निभाई।

# आपत्तिजनक हरकत और धमकी भरा खत पर मुकदमा

**बस्ती :** गौर पुलिस ने अश्लील व धमकी भरा खत भेजने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के रहने वाले विपक्षी विजय कुमार ने पुरानी रंजिश को लेकर उन्हें अश्लील बातें, अपशब्द और धमकी भरा खत भेजा। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# ईंट-पत्थर फेंक कर मारने का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**जासं, बस्ती:** मुंडेरवा थाने असियापार डिवहारी गांव निवासी जगनरायन ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि भूमि विवाद को लेकर विपक्षियों ने घर की महिलाओं को ईंट-पत्थर फेंक कर मारा। विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के हरीराम और विजयपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# किशोरी के साथ छेड़खानी मुकदमा दर्ज

**बस्ती :** मुंडेरवा पुलिस ने एक किशोरी के साथ छेड़खानी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी बुधवार को गांव में बकरी चराने गई थी। इसी दौरान गांव का रहने वाला रिंकू वहां पहुंच गया और उनकी बेटी के साथ छेड़खानी करने लगा। बेटी वहां से भाग कर घर की तरफ आई तो वह भी घर तक आ गया। विरोध करने पर जातिसूचक व अपशब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने आरोपित पर दर्ज कर लिया है।

# उत्पीड़न में 10 नामजद

**बस्ती:** लालगंज थाने की रहने वाली खुशबुन्निशा ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी शादी गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट थानांतर्गत कटसहरा निवासी शाह आलम के साथ हुई है। आरोप लगाया कि ससुराल में दहेज के रूप में दो लाख रुपये और बुलेट की मांग को लेकर उन्हें प्रताड़ित किया गया। जानमाल की धमकी भी दी गई। पुलिस ने पति के अलावा ससुर अब्दुल अजीज, सास सहेरा समेत 10 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# फर्जी कागजात से बैनामा कराने पर मुकदमा

**छावनी,बस्ती** : छावनी पुलिस ने एक ही जमीन का दो बार बैनामा करने के आरोप में दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कनरोपुर निवासी शांति गौतम पत्नी बजरंगी की तहरीर पर खम्हरिया निवासी रमेश व गणेश के खिलाफ कूटरचित तरीके से फर्जी कागजात तैयार करके बैनामा करने व जान से मारने की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

**अश्लील इशारा और फब्तियां कसने वाले गिरफ्तार, बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने बाघानाला मोड़ से गुजरने वाली महिलाओं को देख अश्लील इशारा और फब्तियां कसने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा है। हेड कांस्टेबल हेमंत सिंह की तहरीर पर मरवटिया निवासी जाबिर और सनोज यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तीन टप्पेबाज गिरफ्तार

## कोतवाली पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : कोतवाली पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने गुरुवार को तीन अंतरजनपदीय टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान मोनू, अर्जुन व विनोद निवासी शाहपुर थाना जलालपुर जनपद आंबेडकरनगर के रूप में हुई है। इनके पास से 17,300 रुपये व घटना में प्रयुक्त दो बाइकें बरामद की गई हैं।



टप्पेबाजों के गिरफ्तारी की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ●जागरण

यह जानकारी पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शशांक शेखर राय, रौता चौकी प्रभारी संतोष कुमार सिंह व प्रभारी स्वाट टीम उमाशंकर त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने एक सूचना के आधार पर सुबह 10.25 बजे अमहट पुल के पास स्थित शराब की दुकान के पास से तीन टप्पेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें न्यायालय रवाना किया गया। एसपी ने बताया कि टप्पेबाजों से पूछताछ के आधार पर 17 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के गोरया पुल के पास बाइक सवार पति-पत्नी को धक्का देकर पत्नी के गले से सोने की चेन खींचने व कोतवाली क्षेत्र में ही 19 अक्टूबर को भारतीय स्टेट बैंक कोर्ट एरिया के सामने बाइक सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दूसरी बाइक में टक्कर मारकर उसके डिक्की में रखे बैग से 2.85 लाख रुपये की टप्पेबाजी की घटना सहित चार घटनाओं का पर्दाफाश कर दिया गया है। घटना में पकड़े आरोपितों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। इनमें से मोनू व विनोद पर आंबेडकर नगर जिले में एक-एक आपराधिक मुकदमा दर्ज है।

# निरीक्षकों ने थाना नगर का लिया जायजा

**जासं, गोटवा, बस्ती:** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, अखिल कुमार के निर्देश पर जोन कार्यालय के निरीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी व मो. सबाहुद्दीन ने गुरुवार को थाना नगर का जायजा लिया।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी की मौजूदगी में निरीक्षकों ने शिकायती प्रार्थना पत्र निस्तारण व बीपीओ सिस्टम के क्रियान्वयन के लिए सभी बीट पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक किया। बीपीओ को अपने-अपने क्षेत्र में शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण, निरोधात्मक कार्यवाही, हिस्ट्रीशीटरों की चेकिंग व सत्यापन समेत सभी कार्य समयावधि में पूर्ण करने को कहा गया। उन्हें अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहने को कहा गया। पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालय व सार्वजनिक स्थानों पर संबंधित बीट पुलिस अधिकारी के नाम व मोबाइल नंबर को अपडेट कराने की बात की गई। इसके अलावा थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, आर्डर बुक न्यायालय रजिस्टर, चरित्र सत्यापन रजिस्टर को चेक किया गया। उप निरीक्षक श्रवण यादव, इंद्र प्रताप सिंह, मैनेजर यादव, मिथलेश सिंह आदि थे।

# जेल में अब रविवार को बंदियों से मुलाकात बंद

**बस्ती**: जिला कारागार में अब रविवार को बंदियों से मुलाकात बंद दी गई है। यह जानकारी वरिष्ठ अधीक्षक जेल शशिकांत सिंह ने गुरुवार को दी। बताया कि शनिवार को पहले बंदियों की मुलाकात बंद रहती थी। शनिवार को बंदियों के परिवार वाले जेल में मुलाकात कर सकते हैं। जेल मैनुअल में उल्लिखित जेल की छुट्टियों को छोड़कर प्रतिदिन बंदियों की मुलाकात कराई जाएगी।

www.jagran.com

# एएसपी ने छात्राओं को दी यातायात नियमों की जानकारी

**जासं, बस्ती** : बेगम खैर बालिका इंटर कालेज बस्ती में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्र नाथ चौधरी ने छात्राओं को सड़क पर चलते समय यातायात के किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए, इसकी जानकारी दी। कहा कि दुर्घटना में अधिकतर मौतें हेलमेट न लगाने वालों की होती है। इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं। चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। इससे आप एवं आपका परिवार




छात्राओं को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी • सौ. स्वयं

सुरक्षित रहेगा। यातायात प्रभारी कामेश्वर सिंह एवं महिला थाना प्रभारी भाग्यमती पांडेय ने कहा कि सड़क को हमेशा जेब्रा क्रासिंग से ही पार करें। प्रधानाचार्या मुस्लिमा खातून ने कहा कि यातायात नियम का स्वयं पालन करें तथा अभिभावकों को भी जागरूक करें। कक्षा 12 की छात्रा रौनक, कक्षा 9 की जैनब एवं कक्षा सात की प्रांजल ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। अल्का पांडेय, सबाना, रीता देवी, खालिदा परबीन, हेमलता, संगीता, प्रेमलता, सावित्री आदि रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट, क्रास केस

**बस्ती :** वाल्टरगंज थाने के औराडीहा गांव निवासी हरीश चौहान ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पुरानी रंजिश को लेकर उनकी पत्नी इंद्रावती व बेटी सीमा को गांव के सुनील, अनिल और कल्लू ने अपशब्द कहा। विरोध करने पर मारा पीटा कर जानमाल की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष के सुनील चौधरी का आरोप है कि गांव के मोनू ने अपशब्द का प्रयोग करते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर लिया है। (जासं)

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

## छावनी पुलिस ने गुरुवार को रामजानकी तिराहे से आरोपित को पकड़ा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** छावनी थाना क्षेत्र में 31 अक्टूबर को भैंस चराने गई युवती के साथ दुष्कर्म करने का आरोपित गुरुवार को आखिरकार पुलिस के हाथ लग ही गया। आरोपित अभय पांडेय उर्फ करिया निवासी बड़हर कला थाना हर्रैया को थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय व उनकी टीम ने रामजानकी तिराहे से गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने गुरुवार को कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि आरोपित की पहचान पीड़िता द्वारा कर लिया गया है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि 31 अक्टूबर को वह गांजा पीने के बाद डुहवा मिश्र जाने वाले कच्ची नहर मार्ग होते हुए आ रहा



युवती से दुष्कर्म की घटना का पर्दाफाश कर आरोपित के संबंध में जानकारी देते पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ●जागरण

था। इसी बीच रास्ते में एक युवती भैंस चराते हुए मिली। उससे पूछा भैंस मारती तो नहीं है तो वह बिना कुछ बोले दूसरी तरफ मुंह करके खड़ी हो गई। आरोपित ने बताया कि उसे गांजा बहुत चढ़ गया था, इस कारण उसने उस युवती को पीछे से पकड़कर जमीन पर पटक दिया। वह चिल्लाने लगी तो उसने उसे दो तीन थप्पड़ मारा और उसका मुंह दबा दिया। उसके साथ जबरन संबंध बनाना चाहा लेकिन युवती अचेत हो गई। ऐसे में उसे छोड़कर वह भाग निकला। इसके बाद वह छिपकर घटना के संबंध में हो रही कार्यवाही की जानकारी करता रहा। मामला जोर पकड़ते देख वह पहली नवंबर को घरवालो से बाहर कमाने जाने की बात बताकर अयोध्या से ट्रेन द्वारा दिल्ली चला गया। कुछ दिन बीतने के बाद उसने सोचा कि मामला शांत हो गया होगा, ऐसे में वह दिल्ली से पुनः गांव आ गया। यहां वापस आया तो पता चला कि पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। सोचा कि कुछ दिन और बाहर रहना ठीक है। ऐसे में पुनः दिल्ली जाने के लिए निकल रहा था कि पुलिस पीड़िता के साथ मौके पर पहुंच गई और उसे पकड़ लिया।

# छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**जासं, बस्ती :** विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा. अमित वर्मा की अदालत ने छेड़खानी का मुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती को दिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने एसएन दुबे एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में अर्जी दाखिल कर कहा कि घटना दिनांक 24 अक्टूबर 2022 रात आठ बजे की है। शिकायत कर्ता अपनी नाबालिग लड़की को साथ लेकर घर से बाहर गलियारे की तरफ निकली थी। पहले से घात लगाकर बैठे गांव के संजय व शंकर गली में पीड़िता के नाबालिग लड़की को पकड़ कर अश्लील हरकत करने लगे। बलात्कार करने का भी प्रयास किया। बचाव करने पर शिकायतकर्ता को भी मारने-पीटने लगे। शोर सुन बहन भी आ गई। उसके साथ भी बदसलूकी की गई। न्यायाधीश ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। 10 दिन में न्यायालय को केस दर्ज कर सूचित करना होगा।

# प्रभारी निरीक्षक को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश

**जासं, बस्ती:** ग्राम्य विकास विभाग में तैनात वरिष्ठ सहायक सज्जन प्रसाद उपाध्याय को फोन पर अपशब्द कहने और धमकी देने के मामले को मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने थानाध्यक्ष को मामले में आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अवगत कराने का निर्देश दिया है। वहीं जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव ने भी प्रभारी निरीक्षक परशुरामपुर से फोन पर बात कर मामले में कार्यवाही करने को कहा है।

विकास भवन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामअधार पाल ने बताया कि सज्जन उपाध्याय एक अधिकारी के साथ जांच में गए थे। वहां से आने के बाद मंटू सिंह नामक एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। कर्मचारी नेता ने कहा है कि मामले में यदि परशुरामपुर पुलिस ने कार्यवाही नहीं की तो वह सभी कर्मचारी संगठनों के साथ मिलकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। वहीं प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार शाही का कहना है कि फोन पर दोनों तरफ से अपशब्दों का प्रयोग किया गया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत दस लोग नामजद

**बस्ती।** लालगंज थाने पर तहरीर देकर खुशबुन्निशा ने बताया है कि उनकी शादी गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट क्षेत्र के कटसहरा निवासी शाह आलम के साथ हुई है।

उनका आरोप है कि ससुराल में दहेज में दो लाख रुपये और बाइक की मांग करते हुए उन्हें प्रताड़ित किया गया। जानमाल की धमकी भी दी गई।

**केस दर्ज कर पुलिस ने शुरू की जांच**

पुलिस ने पति के अलावा ससुर अब्दुल अजीज, सास सहेरा, ननद डाली, लाली, गुलजार, देवर मो. आजम, जेठ नूर आलम, जेठानी शाहिन समेत दस के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। संवाद

# छात्राओं को किया जागरूक



बस्ती। बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में यातायात नियमों के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में अधिकांश मौतें हेल्मेट न लगाने वालों की होती है। दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगा लेना चाहिए। टीएसआई कामेश्वर सिंह एवं महिला थाना प्रभारी भाग्यमती पांडेय ने कहा कि सड़क को सदैव जेब्रा क्रासिंग से ही पार करें। इसके अलावा अन्य स्थान पर सड़क पार करते समय दाएं और बाएं अवश्य देख लें। छात्राओं को यातायात नियम पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संवाद

# आंबेडकरनगर के टप्पेबाजों ने उड़ाए थे प्रापर्टी डीलर के रुपये, तीन गिरफ्तार

**20 अक्तूबर को शहर के बड़ेवन के पास हुई थी 2.85 लाख की टप्पेबाजी, 11 बदमाशों का गिरोह शहर में आकर वारदातों को दे रहा था अंजाम, बाकी की तलाश जारी**

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। शहर के बड़ेवन एसबीआई शाखा के सामने 20 अक्तूबर को प्रापर्टी डीलर के साथ हुई 2.85 लाख रुपये की टप्पेबाजी की घटना को आंबेडकरनगर के गिरोह ने अंजाम दिया था। बृहस्पतिवार को गिरोह के तीन टप्पेबाजों को कोतवाली पुलिस ने स्वाट टीम के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 17 हजार 300 रुपये नकद व दो बाइकों को बरामद किया है।

पूछताछ में पता चला कि गिरोह में 11 सदस्य हैं, जो जिले के अलग-अलग स्थानों पर टप्पेबाजी व चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दे रहे थे। पकड़े गए बदमाशों से पूछताछ में ऐसी तीन अन्य घटनाओं के बारे में भी पर्दाफाश हुआ।

### पूछताछ में तीन अन्य घटनाओं का हुआ पर्दाफाश

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आंबेडकरनगर से 11 बदमाशों का गिरोह कुछ महीने से शहर में सक्रिय था। उन लोगों ने 20 अक्तूबर को बैंक से रुपये निकालकर लौटे प्रापर्टी डीलर अवधेश, निवासी कैथवलिया, थाना कलवारी की बाइक में बड़ेवन कोर्ट एरिया में एसबीआई की शाखा के सामने टक्कर मार दी।

उनके साथ दूसरी बाइक से पीछे से आए अन्य टप्पेबाजों ने टक्कर मारने वाले टप्पेबाज की बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइक गिरने के बाद भीड़ जुट गई। इसी बीच बाइक के बैग में रखे दो लाख 85 हजार रुपये निकाल लिए गए थे।



पुलिस की पकड़ में आए टप्पेबाजी के आरोपी। संवाद

एसपी ने बताया कि इस मामले के पर्दाफाश के लिए कोतवाल शशांक शेखर राय और उनके सहयोगियों के अलावा स्वाट टीम को भी लगाया। इन टीमों ने मुखबिरों के जरिए आसपास के जनपदों में हुई टप्पेबाजी की घटना में पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की।

पता लगा कि आंबेडकरनगर के टप्पेबाज इन दिनों सक्रिय हैं। मुखबिरों की सूचना पर बृहस्पतिवार को शहर के अमहट पुल के पास शराब की दुकान के करीब से दो बाइक पर सवार तीन संदिग्धों को पकड़ा गया। उन्होंने पूछताछ में अपना नाम मोनू, अर्जुन व विनोद, निवासी शाहपुर, थाना जलालपुर, आंबेडकरनगर बताया। तीनों ने प्रापर्टी डीलर के साथ टप्पेबाजी की घटना को कबूल किया।

### इन घटनाओं का भी हुआ पर्दाफाश

कोतवाल शशांक शेखर राय ने बताया कि पकड़े गए मोनू, अर्जुन और विनोद ने चेन स्नेचिंग और एटीएम कार्ड छीनकर रुपये निकालने की तीन अन्य घटनाओं को कबूल किया है। इसी गिरोह के सदस्यों ने कोतवाली थाने के सुरिलवा में 30 अगस्त को हरिश्चंद्र की दुकान पर बैठी उनकी पत्नी से सामान खरीदने के बहाने गले से चेन छीन ली थी। 17 सितंबर को इसी थाने के बढ़नी पुल के पास गोपाल चौधरी निवासी बरगदवा थाना कोतवाली की पत्नी के गले से चेन छीन ली थी। गोपाल चौधरी अपनी पत्नी को स्कूटी पर बैठाकर जा रहे थे। इसके अलावा छावनी थाने के खानकला निवासी साकीना बानो से 12 अक्तूबर को एटीएम से रकम निकालकर जाते समय रुपये छीनकर भागे थे।

### विनोद है टप्पेबाजों के गिरोह का सरगना

पुलिस की नींद हराम करने वाले टप्पेबाजी के 11 सदस्यीय गिरोह का सरगना विनोद है। पुलिस का कहना है कि विनोद के इशारे पर ही गिरोह के बाकी सदस्य वारदातों को अंजाम देते थे। 27 वर्ष के इस बदमाश की करतूतों की फेहरिस्त लंबी है। इसने दो वर्ष पहले आंबेडकरनगर के टांडा थानाक्षेत्र के मलेमपुर में दिलीप सोनी की आभूषण की दुकान में 20 ग्राम सोने के आभूषण का डिब्बा चुराया था। 13 दिसंबर 2020 को इस वारदात में विनोद को गिरफ्तार किया गया था। वहां से छूटने के बाद गांव के ही मोनू, अर्जुन और आसपास के युवाओं को बरगला कर गिरोह तैयार किया। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस गिरोह ने आसपास के कई जनपदों में कुछ वारदात की है। इसकी पुष्टि कराई जा रही है। साथ ही गिरोह के बाकी बचे आठ सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं।

# युवती से दुष्कर्म का प्रयास और हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

## छावनी क्षेत्र में गांजा के नशे में आरोपी ने दिया था घटना को अंजाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** छावनी थानाक्षेत्र में फोरलेन के पास 10 दिन पहले भैंस चराने गई युवती से दुष्कर्म का प्रयास और उस पर हमला करने के आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस ने मामले का पर्दाफाश कर दिया है।

आरोपी अभय पांडेय उर्फ करिया, निवासी बड़हर कला, थाना हर्रैया को बृहस्पतिवार को रामजानकी तिराहे से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि गांजा के नशे में उसने यह कृत्य किया।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने पुलिस कार्यालय में बताया कि आरोपी गांजा पीने का आदी है। 31 अक्तूबर को घटना के दिन भी गांजा पीने के बाद डुहवा मिश्र जाने वाली नहर से होते हुए आ रहा था। तभी एक युवती भैंस चराते हुए मिली। आरोपी ने उससे पूछा कि भैंस मारती तो नहीं है। युवती ने उसे कोई जवाब नहीं दिया।

### 31 अक्तूबर को छावनी थानाक्षेत्र में हुई थी वारदात

पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया था कि उसे गांजा का नशा काफी चढ़ गया था।

ऐसे में उसने युवती से दुष्कर्म का प्रयास किया। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने उस पर हमला करके उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती अचेत हो गई थी। उसके बाद आरोपी उसे छोड़कर भाग गया।

पुलिस के मुताबिक, मामले में छानबीन बढ़ने और पुलिस अधिकारियों के लगातार दौरे से आरोपी डरकर घर वालों से कमाने जाने की बात बता कर अयोध्या से ट्रेन पकड़ी और दिल्ली चला गया। तीन-चार दिन बाद उसे लगा कि अब मामला शांत हो गया होगा तो दोबारा गांव चला आया।

यहां पुलिस की गतिविधि काफी तेज देख बृहस्पतिवार को वह फिर दिल्ली जाने के लिए निकला। इधर सूचना पाकर एसओ दुर्गेश पांडेय, एसआई वीरेंद्र यादव की टीम ने उसे रास्ते से पकड़ लिया। एसपी ने बताया कि आसपास के गांवों में पूछताछ और पीड़िता के बताए हुलिया के आधार पर संदेह हुआ। इसी बीच उसके घर छोड़कर भागने के कारण संदेह और भी गहराया था।

### बकरी चराने गई किशोरी से छेड़खानी

**बस्ती।** मुंडेरवा थाना क्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। पीड़िता की मां ने तहरीर देकर बताया है कि उनकी बेटी बुधवार को गांव में बकरी चराने गई थी। इसी दौरान गांव का रिंकू जबरन छेड़खानी करने लगा। वहां से भागकर घर की तरफ आई तो वह भी आ गया। विरोध करने पर जातिसूचक व अपशब्द कहे। पुलिस ने केस दर्ज लिया गया है। संवाद

## पुरानी रंजिश में मारपीट

**बस्ती।** वाल्टरगंज थाने के औराडीहा निवासी हरीश चौहान का आरोप है कि पुरानी रंजिश में उनकी पत्नी इंद्रावती व बेटी सीमा को गांव के सुनील, अनिल और कल्लू ने अपशब्द कहे। विरोध करने पर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। वहीं, दूसरे पक्ष के सुनील चौधरी का आरोप है कि गांव के मोनू ने अपशब्द का प्रयोग करते हुए मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने क्रास केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## अश्लील इशारा करने पर दो गिरफ्तार

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने बाघा नाला मोड से आने-जाने वाली महिलाओं को देख अश्लील इशारे व फब्तियां कसने के आरोप में दो लोगों को पकड़ा है। हेड कांस्टेबल हेमंत सिंह की तहरीर पर मरवटिया निवासी जाबिर और सनोज यादव पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## अश्लील व धमकी भरा खत लिखा, मुकदमा

**बस्ती।** गौर पुलिस ने अश्लील व धमकी भरा खत भेजने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि थाना क्षेत्र के रहने वाले विपक्षी विजय कुमार ने पुरानी रंजिश में उन्हें अश्लील शब्दों, अपशब्द और धमकी भर खत भेजा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

## गोशाला से तीन पशु लापता, चोरी का केस

बस्ती। रुधौली पुलिस ने तीन गोवंशीय पशुओं के लापता होने के मामले में मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम पंचायत बजहा की ग्राम प्रधान रीता चौधरी पत्नी विनोद चौधरी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि छह नवंबर को बजहा स्थित गौशाला से तीन पशु लापता हो गए। पुलिस अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर जांच कर रही है। संवाद

## हत्या के प्रयास के मामले में दो गिरफ्तार

**बस्ती।** परशुरामपुर पुलिस ने रंगदारी, फायरिंग, बलवा सहित अन्य धाराओं में दर्ज मुकदमे के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार शाही ने बताया कि आरोपी शिवम मौर्या और मनोज गुप्ता निवासी तिरुखा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# 50हजार का इनामिया गौ-तस्कर गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिले की एसओजी सर्विलांस तथा डुमरियागंज व इटवा थाना की संयुक्त टीम ने 50 हजार का इनामिया गौ-तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।पकड़े गए गौ तस्कर का नाम सलीम हैदर उर्फ फर्रु है,वह डुमरियागंज थाना क्षेत्र के ग्राम हलौर का रहने वाला है।

पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त के विरुद्ध डुमरियागंज थाने परव गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था,तभी से वह फरार चल रहा था।अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए डीआईजी बस्ती द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।जिसे पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर 9 नवम्बर की रात्रि में खैर टेक्निकल कालेज डुमरियागंज से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज संजय कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक इटवा विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय, मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ला,पवन तिवारी, अवनीश सिंह, वीरेंद्र तिवारी,मृत्यंजय कुशवाहा,देवेश,विवेक मिश्र,अभिनन्दन,तेज बहादुर यादव,अमन प्रतीक दूबे, संजीत पाण्डेय, अनूप यादव,आशुतोष दुबे शामिल रहे।



प्रेसवार्ता करते पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद। फोटो : एसएनबी

# एसपी ने बैठक में मातहतों के पेंच कसे

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को बांसी थाना में बांसी सर्किल के थानों की क्राइम कंट्रोल मीटिंग के दौरान मातहतों के पेच कसे। कहा कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने की जरूरत है जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे। महिला अपराध किसी भी कीमत पर नहीं बढ़ना चाहिए सतर्क रहने की जरूरत है।

एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक में आईटी अधिनियम के लंबित अभियोगों, महिला अपराध, धोखाधड़ी, पोर्टल पर लंबित अभियोगों के शीघ्र निस्तारण, न्यायालय में दाखिल किए जाने वाले शेष आरोप-पत्र, अंतिम रिपोर्ट, सार्वजनिक स्थानों पर अवैध मदिरा-पान करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही, अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, वांछित आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, चिन्हित गैंग के पंजीकरण एवं उनके विरुद्ध कार्रवाई के बारे में जानकारी ली। एसपी ने भूमि-विवाद प्रकरण थाना स्तर पर शिकायती पत्रों के निस्तारण की समीक्षा व बरामदगी का निर्देश दिया।



बांसी थाने में क्राइम कंट्रोल मीटिंग करते एसपी अमित कुमार आनंद। • हिन्दुस्तान

# 50 हजार का इनामी गोतस्कर दबोचा

- एसओजी, सर्विलांस, इटवा व थाने की पुलिस ने की गिरफ्तारी
- आरोपित पर गोतस्करी के कई केस पहले से ही हैं दर्ज

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। एसओजी, सर्विलांस व डुमरियागंज, इटवा थाने की पुलिस के संयुक्त अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। गोतस्करी का 50 हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार किया गया है। आरोपित पर गोतस्करी से संबंधित कई केस दर्ज हैं।

पुलिस लाइंस सभागार में गुरुवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने गिरफ्तारी का खुलासा करते हुए बताया कि गोतस्कर सलीम हैदर सैय्यद उर्फ फरमान उर्फ फरहान उर्फ फरू पुत्र अजीम हैदर उर्फ मुरार निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज पर गोतस्करी से संबंधी केस दर्ज था। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। आरोपित पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र की ओर से 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। गुरुवार रात साढ़े ग्यारह बजे आरोपित के खैर टेक्निकल कॉलेज डुमरियागंज के पास होने की सूचना मिली तो टीम मौके पर पहुंच गई जहां वह मिल गया तो गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गोतस्करी के मामले में सात नामजद थे छह की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है।



गुरुवार को पुलिस द्वारा पकड़े गए 50 हजार के इनामी गोतस्कर की गिरफ्तारी का खुलासा करते एसपी अमित कुमार आनंद। • हिन्दुस्तान

# पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित आरोपी

शोहरतगढ़। थाना पुलिस ने के एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी प्रदुम्न यादव (22) निवासी ग्राम बसहिया थाना कठेला समयमाता को खुनुवा बाजार टैक्सी स्टैण्ड से गिरफ्तार कर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेजा। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पंकज पांडेय, उपनिरीक्षक विजय यादव, राजकमल, साधना शामिल रहे।

# फरार चल रहे आरोपी के घर नोटिस चस्पा

बर्डपुर। कपिलवस्तु थाना के बर्डपुर नंबर नौ टोला बनियाडीह कनवासी फरार चल रहे आरोपी बुधेश कुमार उर्फ बुद्धा के घर पर मोहाना थाना की पुलिस ने नोटिस चस्पा गुरुवार को किया है। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि आरोपी पर विभिन्न धारा के तहत केस दर्ज है। न्यायालय के आदेश के तामीला व गिरफ्तारी के लिए उसके आवास पर नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

# गिरोह बंद का फरार आरोपी गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना की पुलिस ने गिरोह बंद व समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के फरार चल रहे एक आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। एसआई सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गरीबुल्लाह पुत्र मोहम्मद जीयन निवासी माली मैनहा के विरुद्ध धारा 3( 1) प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज था।



शहर के सांड़ी तिराहे पर यातायात पुलिस ने एक व्यक्ति को यमराज का रूप धारण कराकर वाहन चालाकों को जागरूक किया। ● हिन्दुस्तान

# यमराज बनकर किया जागरूक

सिद्धार्थनगर। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए गुरुवार को अनोखा तरीका अपनाया। एक व्यक्ति को यमराज का रूप धारण कर यातायात नियमों का उलंघन करने वालों को जागरूक किया। शहर के सांड़ी, हाइडिल, बांसी तिराहा पर यातायात प्रभारी अमरेश कुमार के नेतृत्व में जागरुकता अभियान चला गया। जागरूकता अभियान हर दिन से भिन्न था।

# केस दर्ज कराने को एसपी से मिला पिता

सिद्धार्थनगर। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से किशोरी को गांव का ही एक युवक छह नवंबर को बहला-फसला कर भगा ले गया है। पिता तब से कोतवाली का चक्कर लगा रहा है लेकिन केस दर्ज नहीं हो रहा है। पीड़ित पिता ने एसपी से मिल कर केस दर्ज कराने की मांग की है।

गुरुवार को एसपी अमित कुमार आनंद से मिले लड़की के पिता ने आरोप लगाया कि वह घर पर चार लाख रुपया कार खरीदने के लिए रखे थे। गांव का ही युवक बहला-फसला कर भगा ले गया। लकड़ी चार लाख रुपया भी साथ ले गई है। जोगिया कोतवाली का तभी से चक्कर लगा रहा हूं । एसपी ने कोतवाल को तत्काल केस दर्ज कर बरामदगी का निर्देश दिया है।

# वारंटी के घर नोटिस चस्पा

**जासं, सिद्धार्थनगर:** काफी दिनों से फरार चल रहे व्यक्ति के कोर्ट में हाजिर न होने पर गुरुवार को मोहाना पुलिस ने आरोपित के घर हाजिर होने की नोटिस चस्पा की। जिसमें कहा गया है कि ऐसा न करने पर कुर्की की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मोहाना संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बुद्धेश कुमार उर्फ बुद्धा पुत्र रामवृक्ष निवासी बनियाभारी बर्डपुर नंबर नौ थाना कपिलवस्तु लूट के एक मामले में आरोपित है। पर वह लंबे समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहा है। वह घर से फरार है। उसकी तलाश की जा रही है। कोर्ट ने वारंट जारी किया है। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के अंदर उपस्थित न होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य आरक्षी शैलेंद्र प्रताप चंद्र, आशुतोष गोस्वामी शामिल रहे।

# किशोरी को अगवा करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं, शोहरतगढ़ :** शोहरतगढ़ पुलिस ने गुरुवार को किशोरी को अगवा करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। आरोपित माता कठेला थाना क्षेत्र का निवासी है। एसओ पंकज पांडेय ने बताया कि दो दिन पूर्व एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके गांव में आरोपित युवक की रिश्तेदारी है। वह बेटी को बहला फुसलाकर और शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है। गुरुवार पुलिस ने आरोपित व किशोरी को खुनुवा बार्डर से गिरफ्तार कर लिया।

# 50 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

## आइजी बस्ती रेंज ने घोषित किया था इनाम, सर्विलांस टीम के सहयोग से मिली सफलता

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर**: पुलिस टीम ने बुधवार की देर रात में 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पकड़ने में सफलता पाई है। उसके खिलाफ डुमरियागंज व इटवा थाना क्षेत्र में गोवध अधिनियम के तहत तीन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस बदमाश के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की तैयारी में है। पकड़े गए आरोपित का नाम सलीम हैदर सैय्यद उर्फ फर्रु पुत्र अजीम हैदर उर्फ मुरार निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज है।

यह जानकारी पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि आरोपित की तलाश काफी दिनों से पुलिस कर रही थी। उसके खिलाफ आइजी बस्ती रेंज की ओर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष पुलिस टीम सीओ डुमरियागंज राणा महेंद्र प्रताप सिह के नेतृत्व में गठित की गयी थी। प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज संजय कुमार मिश्र व एसओजी की टीम ने आरोपित को सर्विलांस टीम के सहयोग से खैर टेक्निकल कालेज डुमरियागंज से गिरफ्तार कर लिया। इटवा पुलिस ने भी सहयोग दिया है। इससे जुड़े मामले में पांच आरोपितों की गिरफ्तारी पूर्व में की जा चुकी है। पूर्व में पकड़े गए आरोपित रफीउल्लाह निवासी जगजौवा के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जा चुकी है। इसके खिलाफ भी रासुका की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीओ डुमरियागंज मौजूद रहे।

इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज संजय कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक इटवा विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी, सर्विलांस सेल प्रभारी शेषनाथ यादव, एसओजी प्रभारी जीवन त्रिपाठी,उप निरीक्षक राजेश पाण्डेय, मुख्य आरक्षी रमेश यादव, राजीव शुक्ला,पवन तिवारी, अवनीश सिंह,विरेन्द्र तिवारी, मृत्युंजय कुशवाहा, देवेश, विवेक मिश्र, अभिन्दन,तेजबहादुर यादव, अमन प्रतीक दूबे, संजीत पाण्डेय, अनूप यादव, आशुतोष दूबे शामिल रहे।



पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते एसपी अमित कुमार आनंद व साथ में मौजूद पुलिस टीम • जागरण



आरोपित के घर नोटिस चस्पा करते प्रभारी निरीक्षक मोहाना संतोष कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी • जागरण

# नुक्कड़ नाटक से दी यातायात नियमों की जानकारी

**जासं, सिद्धार्थनगर:** यातायात माह के दौरान गुरुवार को पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न चौराहों पर यमराज पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। नाटक के माध्यम से लोगों को यह बताया कि बिना हेलमेट लगाए लोग पुलिस से बहस कर स्वयं का तो बचाव कर लेंगे लेकिन यमराज से कैसे बचेंगे। इसी तरह से नाटक के माध्यम से ही सड़क पर मनमानी करने वालों का होने वाले हश्र का भी प्रदर्शन कर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने शहर के साड़ी तिराहा, सनई चौराहा, बांसी स्टैंड, हाइडिल तिराहा पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जानकारी दी। इसके अलावा लाउडीस्पीकर व पत्रक आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

---

# महिला को धमकाने के आरोप में एक गिरफ्तार

लोटन, सिद्धार्थनगर : क्षेत्र के महिला को अपशब्द कहने एवं जानमाल की धमकी देने के मामले मे पुलिस ने व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपित का नाम बरवा गांव निवासी परवेज है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक देवनन्दन उपाध्याय मय हमराही मौजूद रहे। (जासं)

# गोवध का आरोपित धराया

डुमरियागंज : डुमरियागंज पुलिस ने गुरुवार को गोवध के आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि गरीबुल्लाह निवासी माली मैनहा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में सत्येंद्र कुमार सिंह, श्यामसुंदर मौर्या, सतीश सिंह शामिल रहे। (जासं)

# यम हैं हम, प्राण हरेंगे हम, क्यों नहीं लगाए हेलमेट

**सिद्धार्थनगर।** यम हैं हम, बिना हेलमेट के क्यों वाहन चला रहे हो, चलो तुम्हारा प्राण हरेंगे हम। यह कहते हुए ट्रैफिक पुलिस कर्मी गले में काली रस्सी फेंक दे रहा था।

यम का वस्त्र धारण कर कंधे पर गदा लिए वाहन चेकिंग का यह दृश्य बृहस्पतिवार को साड़ी और सनई तिराहा पर देखने को मिला।

**नियम तोड़ने वाले 30 वाहनों का चालान किया**

पुलिस के जागरुकता अभियान का यह नजारा देखने के लिए दोनों चौराहों पर भीड़ लग गई। इस दौरान नियम तोड़ने वाले 30 वाहनों का चालान किया गया।

पुलिस की ओर से नवंबर में यातायात जागरुकता माह मनाया जाता है। इसमें वाहन चालकों को विभिन्न माध्यम से जागरूक करने के साथ ही पुलिस नियम तोड़ने वालों का चालान भी करती है।

बृहस्पतिवार को ट्रैफिक पुलिस के जागरुकता अभियान को देखने के लिए सनई और साड़ी तिराहे पर भीड़ लग गई। संवाद

# पकड़ा गया 50 हजार का इनामी बदमाश लगेगा रासुका

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** गोकशी सहित कई आपराधिक मामलों में फरार 50 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर को बुधवार रात एसओजी और डुमरियागंज पुलिस की टीम ने खैर टेक्निकल कॉलेज डुमरियागंज से दबोच लिया। उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, उसके तीन साथी ही पहले ही पकड़े जा चुके हैं। एक पर रासुका लग चुका है। पकड़े गए बदमाश पर भी रासुका की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस लाइंस सभागार में बृहस्पतिवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि सलीम हैदर उर्फ सैयद उर्फ फरहान निवासी हल्लौर थाना डुमरियागंज पर गिरोह बंद अपराध करने के आरोप में गैंगस्टर, गोहत्या समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

उस पर आईजी बस्ती की ओर से 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। उसके सहयोगी संजु अहमद फारुकी उर्फ रौआब अली निवासी बसडिलिया थाना डुमरियागंज की गिरफ्तारी पहले हो चुकी थी। जबकि सलीम हैदर उर्फ सैयद उर्फ फरहान फरार चल रहा था। उसे क्षेत्र के खैर टेक्निकल कॉलेज से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जाएगी।

**गिरोह बंद अपराध के मामले में पुलिस ने की थी गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई**

**एसओजी और पुलिस ने देर रात खैर टेक्निकल डिग्री कॉलेज के पास से पकड़ा**

### बदमाश गिरफ्तार गया जेल

**डुमरियागंज।** डुमरियागंज पुलिस ने प्रतिबंधित पशु की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बृहस्पतिवार को दबोच लिया। एसओ संजय कुमार मिश्र ने बताया कि मालीमैनहा गांव निवासी गरीबुल्लाह पर कई मुकदमे दर्ज हैं। वह फरार चल रहा था। बृहस्पतिवार को पुलिस टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। संवाद

# अपहृत किशोरी मिली आरोपी गिरफ्तार

**शोहरतगढ़।** थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के आरोप में बृहस्पतिवार को खुनुवां बाजार टैक्सी स्टैंड से एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने अपहृत किशोरी ढूंढ निकाला। न्यायालय ने युवक को जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष पंकज पांडेय ने बताया कि दो दिन पहले क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने तहरीर देकर बताया कि कठेला समय माता थाना क्षेत्र के एक गांव की मेरे गांव में रिश्तेदारी है। उसी गांव का एक युवक उसकी नाबालिग पुत्री को शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर दोनों की तलाश की जा रही थी।

बृहस्पतिवार को सूचना मिली कि युवक किशोरी के साथ खुनुवां बाजार टैक्सी स्टैंड पर मौजूद है और नेपाल भागने की फिराक में है। मौके पर पुलिस पहुंची और युवक को पकड़ लिया। किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# पुरानी रंजिश में मारपीट केस दर्ज

**दुधारा(एसएनबी)**। दुधारा थाना क्षेत्र के गांव देवरिया शेख में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव देवरिया शेख निवासिनी आसमा खातून पत्नी कासिम अली ने मुकामी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर सजरुन्निसां पत्नी शाकिर अली, सायरा खातून पुत्री शाकिर अली, सयान पुत्र शाकिर अली निवासी देवरिया शेख गाली गुप्ता देने लगे मना करने पर मारने पीटने लगे। दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मु.अ.सं. 457/22 धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

# पराली न जलाने के प्रति लोगों को करें जागरूक

**संतकबीरनगर(एसएनबी)**। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जनपद में पराली जलाने से रोकने, उचित प्रबंधन हेतु एक अति आवश्यक बैठक विकास भवन सभागार करते हुए निर्देश दिया कि कृषि विभाग, राजस्व विभाग एवं विकास विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारी, लेखपाल, रोजगार सेवक के माध्यम से प्रत्येक गांव में पराली जलाने से हानि, नहीं जलाने से लाभ, निर्धारित दण्ड की जनकारी देते हुए जागरूक किया जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को पराली को सड़ाने हेतु कृषि विभाग बायोडिकम्पोजर का वितरण कराएं। समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी ग्राम प्रधानगणों की बैठक करते हुए सुनिश्चित किया जाय कि किसी ग्राम मे पराली नहीं जले। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालयों में छात्रों को जागरूक करते हुए उनके माध्यम से ग्रामीणों मे पराली जलाने से हानि की जानकारी देते हुए अपने गांव में पराली जलाने की घटना रोकने में सहयोग दें। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से निराश्रित गो आश्रय स्थलों में पराली पहुंचवाएं। उप जिलाधिकारी अपने तहसील में पुलिस, कृषि, विकास विभाग के सहयोग से पराली जलाने की घटना को शून्य करें। पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि गांव स्तर पर गस्त करके पराली जलाने की घटना को रोकने हेतु प्रभावी कार्रवाई करें।

# अमानत में खयानत का मामला दर्ज हुआ

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि एक दिन पूर्व सरैया बाईपास निवासी छोटेलाल दुकान का सामान मंगाने के लिए पीएनबी खलीलाबाद में रूपए जमा करने गए हुए थे।

कैश काउंटर पर पहुंचते ही एक अज्ञात व्यक्ति आया और बाउचर को चेक करने लगा। बाउचर गलत भरने की बात कहकर साइड में ले गया और बैग में रखा सारा पैसा ले लिया। बाउचर भरने के बाद बैग वापस दे दिया। पैसा जमा करने काउंटर पर पहुंचे तो वहां पर 1.36 लाख रूपए में से 58.5 हजार रूपए ही मिला।

# मारपीट के आरोपितों पर मुकदमा दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के गेहूंडीला में गुरुवार की सुबह एक महिला को खेत में कम्बाइन ले जाने के शक में विरोधियों ने मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

राखी देवी पत्नी जयमंगल यादव ने बताया कि गांव के राकेश मिश्रा के खेत में कोई अज्ञात व्यक्ति 4/5 दिन पूर्व कम्बाइन लेकर गया था। किंतु उसके परिवार पर शक करते हुए राकेश मिश्रा उनके भाई, लड़की समेत चार लोग एक राय गोलबंद होकर लाठी डंडा लेकर घर में घुसकर अपशब्द कहते हुए फौजदारी पर उतारू हो गए।

# 450 ग्राम गांजा के साथ एक को पकड़ा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने 450 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपित को दबोचकर उस पर नियमानुसार कार्रवाई किया। अवैध मादक पदार्थों की बिक्री व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए एसपी सोनम कुमार ने समस्त एसओ को निर्देश दिए थे।

जिसके अनुपालन में थाना बखिरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपित अभियुक्त जनार्दन पुत्र महावीर निवासी ककरहिया को बरईपार पुलिया के पास से गिरफ्तार व कब्जे से 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। आरोपित अभियुक्त पर थाना बखिरा पर एनडीपीएस एक्ट में कानूनी कार्रवाई की।

# विद्यालय से खाद्यान्न व गैस सिलेंडर गायब

बखिरा। बघौली के पुरैना स्थित प्राथमिक विद्यालय का बीस दिन पूर्व ताला तोड़कर कुछ लोगों ने रसोई में रखा खाद्यान्न व सिलिंडर चुरा लिया था। प्रधानाध्यापक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रधानाध्यापक पुरैना सुरेशचंद ने बताया कि वे 14 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बीआरसी सांथा में चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। 17 अक्टूबर को सुबह सहायक अध्यापक अब्दुल कलाम विद्यालय पर पहुँचे। सभी कमरों का ताला टूटा हुआ मिला। रसोई कक्ष से खाद्यान्न व सिलिंडर गायब मिला। सहायक अध्यापक ने इस घटना से उन्हें, ग्राम प्रधान व खण्ड शिक्षा अधिकारी सांथा को अवगत कराया।

# घायल को इलाज के लिए भेजवाया

संतकबीरनगर। यूपी 112 पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल बबलू मिश्र पुत्र सर्वजीत मिश्र निवासी पड़रिया को इलाज के लिए भेजवाया।

पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद के अम्बेडकर पार्क चौराहा से कालर ने हादसे में एक व्यक्ति के घायल होने के संबन्ध में सूचना दी थी।

# 13 आरोपितों पर पुलिस की कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस टीम ने कई मामले में 13 आरोपितों को दबोचकर उन पर विधिक कार्रवाई। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चार, धनघटा दो और महुली थाना पुलिस ने पांच आरोपितों को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

थाना मेंहदावल पुलिस ने दस लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ राम प्रसाद पुत्र सुरेन्द्र, अमरनाथ पुत्र दीना निवासीगण गगनई बाबू को गिरफ्तार कर थाना मेंहदावल पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर दोनों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की।

# नाबालिग को भगाने का आरोपी पकड़ा गया

संतकबीरनगर। थाना बेलहरकला पुलिस ने एक नाबालिका को बहलाकर भगा ले जाने व जानमाल की धमकी देने वाले बाल अपचारी को दबोचकर विधिक कार्रवाई किया। जिसके संबंध में वादिनी ने थाने में तहरीर देकर अभियोग पंजीकृत कराया।

**अभियान** | नियमों को दरकिनार कर सड़कों पर चला रहे वाहन, बेतरतीब खड़े वाहन देते हैं दुर्घटना को दावत

# जागरूकता के बाद भी नहीं मान रहे ट्रैफिक नियम

■ दिवाकर शुक्ल

संतकबीरनगर। जनपद में तमाम जागरूकता कार्यक्रम के बाद भी आम जनमानस नहीं चेत रहा है। सड़क पर आए दिन तमाम दुर्घटनाएं हो रही है और जांच के दौरान यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसके बाद भी लोग नियमों को दर किनारकर सड़कों पर वाहन लेकर फर्राटा भर रहे हैं। सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े वाहन हर वक्त दुर्घटना को दावत देते हैं।

नवंबर माह यातायात माह के रूप में जाना जाता है। यातायात पुलिस के द्वारा लगातार अभियान चलाकर जिले के लोगों को नियमों के बारे में जागरूक करने का काम हो रहा है। स्कूल, कॉलेज, सड़क एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर यातायात नियम के बारे में जागरूक करने के लिए पंपलेट वितरित करने के साथ ही अन्य कार्यक्रम चलाकर सभी से ट्रैफिक नियम पालन करने की अपील करने के अलावा अन्य को भी नियम पालन करने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। सरकार इन कार्यक्रमों पर प्रतिवर्ष कई लाख रूपए खर्च करती है। जिम्मेदार अधिकारी भी सड़कों पर निकलकर स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से जागरूकता कार्यक्रम में शिरकतकर अभियान को गति देते हैं।

## इस वर्ष हुई सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं

यातायात कार्यालय से जुड़े दस्तावेजों की मानें तो वर्ष 2022 में सबसे ज्यादा 235 दुर्घटनाओ का पता चला। इनमे 129 लोगों की जहां मौत हो गई वही 149 लोग घायल होकर अस्पताल पहुच गए। इससे पहले वर्ष 2021 में 176 दुर्घटना में 107 मौत और सौ लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचे। जबकि वर्ष 2020 में 146 मार्ग दुर्घटना में 86 लोगों की असामयिक मौत और 84 लोग इन दुर्घटनाओ में घायल होकर सरकारी अथवा प्राइवेट अस्पताल में पहुंचकर इलाज कराए। इसके अलावा तमाम छिटपुट मार्ग दुर्घटनाएं ऐसी हुई जो पुलिस के पास पहुंची ही नहीं।

" मार्ग दुर्घटना पर लगाम लगाने के लिए हर संभव उपाय किया जा रहा है। यातायात माह में जन सामान्य के साथ ही तमाम कार्यक्रम चलाकर स्कूली छात्रों को जागरूक करने के साथ ही उन्हें नियम पालन करने के लिए प्रेरित करने की अपील हो रहा है। जिससे मार्ग दुर्घटना को कम से कम किया जा सकें।

बृजेश यादव, यातायात निरीक्षक

# अश्लील चैटिंग पर पीटे शिक्षक

**जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर:** अश्लील चैट करने वाले मेंहदावल कस्बा स्थित एक निजी विद्यालय के शिक्षक व छात्रों के बीच गुरुवार को विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिक्षक व छात्रों को थाने पर लाई और सुलह-समझौता कराकर मामले को शांत कराया। बीते बुधवार को इस मामले में पीड़ित छात्र के परिवार के सदस्यों ने शिक्षक की पिटाई कर दी थी।

उक्त शिक्षक ने मंगलवार को अपने विद्यालय के एक छात्र से मोबाइल पर अश्लील चैटिंग की थी। इसकी जानकारी मिलने पर बीते बुधवार को देर शाम छात्र के परिवार के सदस्यों ने शिक्षक की पिटाई कर दी थी। इसके बाद गुरुवार की सुबह छात्रों ने शिक्षक का घेराव किया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर सुलह-समझौता कराकर मामले को शांत किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने शिक्षक को फटकार लगाई। मेंहदावल थाने के उप निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि विवाद की सूचना मिलने पर वह अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर गये थे। दोनों पक्षों को थाने पर लाया गया था। मामला चैटिंग से संबंधित था। दोनों पक्षों ने आपस में सुलह कर लिया है।

# फुटपाथ पर लग रही दुकानें, जिम्मेदार बेपरवाह

- मुख्य बाजार में फुटपाथ पर अतिक्रमण से यातायात बाधित
- ठेला, खोमचा, अवैध पार्किंग से पैदल चलने की जगह नहीं

जासं, संतकबीर नगर : नगरपालिका खलीलाबाद क्षेत्र में मुख्य मार्ग के फुटपाथ पर दुकानदारों का कब्जा है। फुटपाथ खाली न रहने से जहां राहगीर परेशान हो रहे हैं, वहीं मुख्य मार्ग पर आवागमन भी बाधित हो रहा है। सुबह ही फुटपाथ पर दुकानें सज जाती हैं और रात तक रहती है। ठेला, खोमचा व वाहनों की अवैध पार्किंग के चलते राहगीरों को परेशानी होती है और मार्ग पर जाम लगता रहता है।

शहर के बैंक चौराहा, गोला बाजार मार्ग पर छोटी-बड़ी दर्जनों दुकानें हैं। बड़ी दुकानें जितनी अंदर उतनी ही बाहर लगाई जाती हैं। फल, सब्जी, चाट-पकौड़ा के ठेला व खरीदार भी सड़क के किनारों पर जमे रहते हैं। ऐसे में राहगीरों को मुख्य मार्ग से ही गुजरना पड़ता है। मुख्य बाजार से मुखलिसपुर तिराहा तक फुटपाथ बदहाल है। चाय-समोसा, घड़ी, चश्मा, बर्तन, चप्पल, पालीथीन आदि की दुकानों फुटपाथ पर ही सजती हैं, जिससे पैदल निकलना मुश्किल है। यहां से अधिकारियों की गाड़िया सुबह से शाम तक गुजरती हैं, पुलिसकर्मियों व होमगार्ड की ड्यूटी भी रहती है, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। सुबह नौ बजे से शुरू हुआ जाम शाम तक बना रहता है, जिससे स्कूलों से लेकर आफिस जाने वाले लोग परेशान रहते हैं।

> **नगरपालिका द्वारा अभियान चलाकर फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिन लोगों ने फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा है, वह कार्रवाई से पहले ही उसे खाली कर दें।**
> **अजय कुमार त्रिपाठी**, प्रभारी अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद खलीलाबाद

# नाबालिग को भगाने वाला दबोचा गया

बेलहर, संतकबीरनगर : बेलहर थानाक्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने तथा जान से मारने की धमकी देने वाले एक बाल अपचारी को बेलहर कला थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उपनिरीक्षक पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि वह एक महिला की नाबालिग बेटी को भगा ले गया था तथा उलाहना देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा था। (जासं)

# 450 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार



पुलिस के गिरफ्त में गांजा तस्कर ● जागरण

जासं, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा पुलिस ने बरईपार गांव के निकट स्थित पुलिया के पास गुरुवार को 450 ग्राम गांजा के साथ केकरहिया गांव निवासी जनार्दन पुत्र महावीर को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए लगातार क्षेत्र में गश्त कर रही है।

# फील्ड अफसर समेत तीन के खिलाफ जालसाजी का केस

## लोन दिलाने का झांसा देकर दो हजार रुपये हड़पने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने फील्ड अफसर समेत तीन लोगों के खिलाफ जालसाजी, गबन और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

पीड़िता का आरोप है कि कुछ लोगों ने उसे बैंक से लोन दिलाने का झांसा देकर कागजात पर हस्ताक्षर करवाए और उससे दो हजार नकद रुपये भी हड़प लिए। रकम मांगने पर आरोपी उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित भी किए।

बेलहर कला क्षेत्र के बसहिया निवासी 50 वर्षीय अकालपति पत्नी मिट्ठू का आरोप है कि वह चार साल पूर्व आरोपी कैलाश, जिलाजीत चौधरी व नरसिंह उत्तर प्रदेश सहाकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड शाखा खलीलाबाद से लोन लेने का प्रयास किया। आरोप है कि एक माह तक दौड़ाने के बाद आरोपियों ने उससे कई कागजात पर हस्ताक्षर कराकर उसकी आईडी एवं 2,000 रुपये नकद ले लिए। आरोप है कि लोगों ने कहा कि अब उसे लोन नहीं मिलेगा।

उसके बाद वह निराश होकर घर चली गई। एक साल पूर्व उक्त एलबीडी बैंक शाखा खलीलाबाद से नोटिस प्राप्त हुआ। जिसके बारे में पूछने पर पता चला कि धोखाधड़ी एवं फ्रॉड करके नाजायज धन वसूलने के लिए बैंक लोन बकाया होना बताकर वसूली का नोटिस जारी कर दिया है।

जिसके संबंध में उसे बिल्कुल पता नहीं है। उसने उस बैंक से कभी कोई लोन नहीं ली है। बैंक से नोटिस मिलने के बाद वह कई बार अभियुक्त से संपर्क साधने की कोशिश की, लेकिन आरोपी नहीं मिले। सिर्फ आरोपी जिलाजीत का नौकर मिला।

आरोप है कि वह 10 जून 2022 को शाम चार बजे अभियुक्तगण चौधरी कृषि केंद्र इंडियन बैंक शुगर मिल रोड से मुलाकात की, तब अभियुक्तगण ने बताया कि उसके नाम से लोन बकाया है। पीड़िता ने दिया हुआ अपना 2,000 रुपये वापस मांगा तो जिलाजीत चौधरी एवं कैलाश यादव ने उसे जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया।

फील्ड अफसर नरसिंह ने उसे दुकान से बाहर भगा दिया। दोबारा दिखाई देने पर जानमाल की धमकी दी। आरोप है कि पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जरिए रजिस्टर्ड डाक से एसपी को सूचना दी गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने मजबूरन कोर्ट की शरण ली।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि कैलाश यादव निवासी कुसम्हा बखिरा, जिलाजीत चौधरी निवासी चौधरी कृषि केंद्र निकट इंडियन बैंक शुगर मिल रोड खलीलाबाद और नरसिंह फील्ड अफसर एलडीबी बैंक लिमिटेड उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक शाखा खलीलाबाद के खिलाफ जालसाजी, गबन और एससीएसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

# सरकारी विद्यालय का ताला टूटा, राशन व सिलिंडर चोरी

बखिरा। शिक्षा क्षेत्र बघौली के पुरैना स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला बीस दिन पूर्व तोड़कर कुछ लोगों ने रसोई में रखा खाद्यान्न व सिलिंडर चुरा लिया था। प्रधानाध्यापक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्रधानाध्यापक पुरैना सुरेश चंद ने बताया कि वे 14 से 18 अक्तूबर तक निपुण भारत मिशन के अंतर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसी सांथा में प्राप्त कर रहे थे। 17 अक्तूबर को विद्यालय के सहायक अध्यापक अब्दुल कलाम को सुबह विद्यालय पहुंचने पर कमरों का ताला टूटा हुआ मिला।

रसोई कक्ष से खाद्यान्न व सिलिंडर गायब मिला। सहायक अध्यापक ने घटना की जानकारी उन्हें, ग्राम प्रधान व खंड शिक्षा अधिकारी सांथा को दिया। पुलिस ने प्रधानाध्यापक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। संवाद

# 400 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

बखिरा। पुलिस ने क्षेत्र के बरईपार गांव स्थित पुलिया के पास से बृहस्पतिवार को 400 ग्राम गांजा के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान ककरहियापार निवासी जनार्दन के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। संवाद

# पीटने के आरोप में चार पर मुकदमा दर्ज

धनघटा। महुली क्षेत्र के मोहबरी गांव निवासी युवक को बेवजह मारने-पीटने व जानमाल की धमकी देने के आरोप में बृहस्पतिवार को पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी।

महुली क्षेत्र के मोहबरी गांव निवासी साधु शरण सिंह पुत्र रामप्यारे का आरोप है कि बिना किसी वजह के उसके नाती को अकारण विपक्षी छोटू व कल्लू निवासी गोद भराई पुरवा, भोलू (श्यामपाल), इंद्रेश निवासी चोलखरी अपशब्द कहे। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिए।

इस दौरान लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मोहबरी गांव निवासी साधु शरण सिंह की तहरीर पर कोदवट गांव के बरई पुरवा निवासी छोटू, कल्लू व चोलखरी गांव निवासी भोलू (श्यामपाल) एवं इंद्रेश के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। संवाद

## दो सगे भाइयों समेत चार पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के गेंहूडीला निवासी महिला ने गांव के दो सगे भाई समेत चार के खिलाफ बृहस्पतिवार को केस दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी।

पीड़ित राखी देवी पत्नी जयमंगल यादव का आरोप है कि गांव के राकेश मिश्रा के खेत में कोई अज्ञात व्यक्ति 4/5 दिन पूर्व कंबाइन लेकर गया था। आरोप है कि उसके परिवार पर शक करते हुए राकेश मिश्रा कुछ लोगों के साथ मिलकर लाठी डंडा लेकर उसके घर में घुस गए।

आरोप है कि लोग उसे अपशब्द कहते मारपीट पर आमदा हो गए। भयवश वह और परिवार के लोग प्रतिरोध नहीं कर पाए। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी सगे भाई राकेश मिश्रा, हरिकेश मिश्रा समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। संवाद

# अधिवक्ता ने चाचा और चचेरे भाई पर दर्ज कराया मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने बाप-बेटे पर केस दर्ज किया है। पीड़ित अधिवक्ता ने चाचा और चचेरे भाई पर गंभीर आरोप मढ़ा है। आरोप है कि चचेरे भाई उसे मारने-पीटने के लिए कचहरी में हमलावर हुए और अधिवक्ताओं ने बीच बचाव करके उसकी जान बचाई।

बेलहर कला निवासी पीड़ित अधिवक्ता संतोष राय पुत्र भागीरथी राय का आरोप है कि छह नवंबर की रात सवा नौ बजे उसके चाचा हरिगोविंद राय अकारण ही उसकी विधवा मां को घर पर अकेले पाकर अपशब्द कहने लगे।

### मारपीट का लगाया आरोप पुलिस ने केस दर्ज किया

उसकी मां ने अंदर से दरवाजा बंद कर अपनी जान बचाई। वह सिविल कोर्ट में संतकबीरनगर में वकालत करते हैं। आरोप है कि सात नवंबर की शाम साढ़े चार बजे हरिगोविंद राय के लड़के कृष्ण कुमार राय उर्फ डिंपू उसे जान से मारने की नीयत से खोज रहे थे।

वह न्यायालय से अपनी पत्रावली में पैरवी करके एडीआर विल्डिंग के सामने पहुंचे ही थे। तभी कृष्ण कुमार राय उर्फ डिंपू ईंट उठाकर जान से मारने की नीयत से अपशब्द कहते हुए हमला किए।

वह किसी तरह से अपनी जान बचाए। कई अधिवक्ताओं ने बीच-बचाव करके उसकी जान बचाई। कृष्ण कुमार उर्फ डिंपू कचहरी से बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें मांग की कि कृष्ण कुमार राय एवं हरिगोविंद निवासी बेलहर कला थाना बेलहर कला हाल पता मोहनापुर, नरायणपुर कॉलोनी थाना शाहरपुर चौकी पादरी बाजार जिला गोरखपुर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को मकदमा दर्ज करने के लिए आदेशित करें।

कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि हरिगोविंद राय और कृष्ण कुमार राय के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# किशोरी को भगाने का आरोपी किशोर पुलिस की अभिरक्षा में

संतकबीरनगर। बेलहर कला पुलिस ने किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा जानमाल की धमकी देने के मामले के आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लिया है। एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि आरोपी किशोर बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले गया था।

उलाहना देने पर पीड़ित मां को अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी गई। इस मामले में किशोरी को भगाने और जानमाल की धमकी देने का केस दर्ज किया गया था। सूचना के आधार पर आरोपी किशोर को अभिरक्षा में लेते हुए बाल कारागार बस्ती भेज दिया गया। संवाद

# दस लीटर शराब के साथ दो आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों की पहचान राम प्रसाद, अमरनाथ निवासी गगनईबाबू थाना मेंहदावल के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# ट्रकों का पुलिस ने किया चालान

करनैलगंज। उपजिलाधिकारी द्वारा गोंडा लखनऊ मार्ग के किनारे कतार बद्ध तरीके से खड़े होने वाले गिट्टी मोरंग के ट्रकों के खिलाफ अभियान चलाने के निर्देश पर पुलिस ने गुरुवार को एक दर्जन से अधिक बड़े वाहनों का चालान किया।

कोतवाल सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि मार्ग के किनारे कतार बद्ध तरीके से खड़े होने वाले वाहनों को कतई खड़ा नहीं होने दिया जाएगा। उसके लिए जो भी जिम्मेदार ट्रांसपोर्टर या वाहन स्वामी स्थल चयनित करके वाहनों को खड़ा करें। कई कई घंटों तक मार्ग के किनारे खड़े रहने वाले वाहनों का चालान किया जाएगा। जिसके लिए टीमों का गठन किया जा चुका है।

उप जिलाधिकारी हीरालाल ने बताया कि मुख्य मार्ग के किनारे वाहनों का खड़ा करना नियम विरुद्ध और वाहनों को घंटों तक एक ही स्थान पर कतार बद्ध तरीके से खड़ा करने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस वालों को दिए गए हैं।

गौरतलब है कि हाईवे पर भारी वाहन खड़े किए जाने की वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें कई लोग जान भी गंवा चुके हैं।

# अभद्रता में तीन गिरफ्तार

नवाबगंज, संवाददाता। कालेज आ रही शिक्षिका और उसके पति के साथ कुछ युवाओं ने अभद्रता की। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके तीन को गिरफ्तार कर लिया है।

नन्दिनी कालेज की शिक्षिका शालिनी सिंह अपने पति दुर्गेश सिंह के साथ कार से गुरुवार के सुबह करीब दस बजे अयोध्या से कालेज आ रही थीं। कटरा तिराहे के निकट एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनके कार को साइड मार दी। जब शिक्षिका ने घटना को लेकर युवकों से शिकायत की तो स्थानीय युवा अभद्रता करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। शिक्षिका और उसके पति को धमकी देने लगे।

शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपी फुल्लुर यादव, अजय यादव और विजय यादव निवासी महेशपुर को गिरफ्तार करते हुए शान्ति भंग मे चालान किया है।

# मवेशी के हमले से महिला की मौत

मनकापुर। छुट्टा मवेशी के हमले में घायल सेवानिवृत्ति शिक्षिका की इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कालेज में पहुंचते ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बखरौली निवासिनी तलुका देवी पत्नी परशुराम मिश्र बेसिक शिक्षा विभाग से प्रधानाध्यापिका पद से रिटायर हुई थी। उनके पति भी सरकारी स्कूल में अध्यापक रहे। मंगलवार देरशाम तलुका देवी घर से निकलकर दरवाजे पर खडी थी।

अचानक एक छुट्टा मवेशी आया और उन्हें मारकर गिरा दिया। इसके बाद परिजन गंभीर हालत में उन्हें लेकर गोंडा के निजी अस्पताल पहुंचे। जहां से डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। घरवाले उन्हें लेकर लखनऊ के किंगजार्ज मेडिकल कालेज पहुंचे ही थे कि उनकी मौत हो गयी।

# कच्ची शराब बनाने पर दस वर्ष की सजा सुनाई

- नगर कोतवाली में दर्ज हुआ था 2020 में केस
- अर्थदंड न देने पर होगी अतिरिक्त सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी अग्रवाल ने कच्ची शराब बनाने वाले आरोपी को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता घनश्याम पांडेय के अनुसार कोतवाली नगर में 9 अगस्त 2020को उपनिरीक्षक आशीष कुमार ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके मुताबिक मुखबिर की सूचना पर उन्होंने कोतवाली नगर अंतर्गत रानीपुरवा गांव निवासी मन्ना सोनकर के यहां दबिश दी। जहां पर भारी मात्रा में कच्ची शराब व उसे बनाने वाले उपकरण बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसके खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया।

अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को कच्ची व मिलावटी शराब बनाने का दोषी करार देते हुए दस वर्ष की कैद व तीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# नशे के सौदागर को छह माह की सजा

गोंडा। अपर सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव ने नशे के सौदागर को छह माह की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक के अनुसार प्रकरण थाना करनैलगंज के अंतर्गत रेरूवा गांव निवासी नईम के विरुद्ध पुलिस ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सायकिल से जा रहा था और पुलिस गश्त में निकली थी। जिसे देखकर वह भागने लगा। संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से नशे की गोलियां बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह ट्रेनों में लोगों को नशे का पाउडर चाय व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलाकर उनका माल लूट लेता था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने आरोपी को छह माह की सजा व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# शिक्षिका को पीटने में चार गिरफ्तार

**संसू, शिवदयालगंज (गोंडा):** ट्रैक्टर-ट्राली में कार की साइड लगने से दबंगों नें शिक्षिका की पिटाई कर दी। पीड़ित शिक्षिका की तहरीर पर पुलिस नें मुकदमा दर्ज कर चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

अयोध्या के साकेत पुरी निवासी शिक्षिका शालिनी सिंह ने दी गई तहरीर में कहा कि गुरुवार की सुबह वह अपने पति के साथ कार से घर से नंदिनी नगर महाविद्यालय में पढ़ाने जा रही थीं। रास्ते में कटरा शिवदयाल गंज के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी कार को टक्कर मार दी।

विरोध करने पर ट्रैक्टर पर सवार फुल्लू यादव, अजय यादव, विजय यादव निवासी महेशपुर तथा राम कुमार निवासी माझा राठ ने उसकी व उसके पति दुर्गेश सिंह की पिटाई कर दी। इसमें उसे चोटें आई हैं।

# मुंबई से रुपये लेकर फरार आरोपित पकड़ा गया

**संसू, बेलसर ( गोंडा ) :** महाराष्ट्र में व्यापारी के यहां से चार लाख रुपये लेकर फरार हुए आरोपित को महाराष्ट्र व तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय से महाराष्ट्र पुलिस को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड मिलने पर आरोपित को पुलिस महाराष्ट्र के लिए लेकर रवाना हो गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने कहा कि तरबगंज थाना के बौरिहा गांव के रहने वाला मनीष महाराष्ट्र ( मुंबई ) के खार में व्यापारी किशन जगवानी के यहां नौकरी कर रहा था। जून में चार लाख रुपये लेकर फरार हो गया। व्यापारी ने मुंबई के खार थाने में तहरीर देकर मुकदमा कराया था।

# जहरीली शराब : दस वर्ष की जेल

**जासं, गोंडा :** जहरीली शराब बनाकर बिक्री करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश डा. पल्लवी अग्रवाल ने जानकीनगर रानीपुरवा के मन्ना सोनकर को दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 30 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय के मुताबिक 20 अगस्त 2020 को अवैध रूप से शराब निर्माण में नौशादर व मुन्ना सोनकर को गिरफ्तार किया था।

# यातायात नियमों की उड़ रही धज्जियां, अफसर मौन

## एक नवंबर से मनाया जा रहा यातायात माह प्रमुख चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी कर रहे रस्म अदायगी

जागरण पड़ताल

जासं, गोंडा : एक नवंबर से जिले भर में यातायात माह मनाया जा रहा है लेकिन, इसका असर वाहन चालकों पर नहीं दिख रहा है। यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रमुख चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मी सिर्फ रस्मअदायगी कर रहे हैं। वहीं, अफसर भी धरातल पर उतरने को तैयार नहीं है। गोष्ठी, नुक्कड़ नाटक व स्कूलों में जागरूकता शिविर तक यातायात माह सिमट कर रह गया है। यही नहीं, लोगों को भी अपनी व दूसरों के जान की परवाह नहीं है। इसलिए वह नियमों का पालन करना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट ।



टैक्सी पर इस तरह लटक कर जाते यात्री ● जागरण



एलबीएस चौराहा के पास बिना हेलमेट के बाइक से जाते दिखे पुलिस कर्मी ● जागरण



सतई पुरवा के पास एक कुछ इस तरह बैठा बाइकसवार ● जागरण



आंबेडकर चौराहा पर बिना हेलमेट के जाते दिखे बाइक सवार ● जागरण



मोबाइल पर बात कर जाते दिखे स्कूटी चालक ● जागरण

यातायात नियमों का पालन न करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, शिथिल व लापरवाह पुलिस कर्मियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**– शिवराज, अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा।**

**समय 11.05 बजे।**
**स्थान- रेलवे ओवरब्रिज।**

**दृश्य 1** गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर दो व चार पहिया वाहनों से लोग फर्राटा भरते नजर आए। कोई मोबाइल कान में लगाकर वाहन चलाता हुआ दिखा तो कोई बिना हेलमेट के। बाइक सवार युवक हेलमेट हाथ में लिए बैठा फर्राटा भर रहे थे। अग्रसेन पुलिस बूथ से होकर लोग बिना हेलमेट के गुजर रहे थे लेकिन, पुलिस इन वाहन चालकों को टोकना भी मुनासिब नहीं समझ रहा था।

**समय–11.30 बजे।**
**स्थान–सतईपुरवा।**

**दृश्य 2** रेलवे स्टेशन से सतईपुरवा होते हुए सोनी गुमटी मार्ग पर लोग बेतरतीब ढंग से आवागमन करते दिखे। एक बाइक पर चार लोग सवार होकर फर्राटा भर रहे थे। इस मार्ग पर पुलिस का कोई कर्मी नहीं दिखा। नियमों की परवाह किए बगैर लोग आवागमन करते दिखे।

**समय 12 बजे।**
**स्थान मिश्रौलिया गुमटी**

**दृश्य 3** गोंडा- बहराइच मार्ग पर टैक्सी पर लटक कर लोग अपने गंतव्य तक जाते दिखे। यहां भी यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस कर्मी नहीं दिखे। वाहन चालक क्षमता से अधिक सवारियों को वाहनों में बैठाते नजर आए। यात्रियों में भी नियमों की परवाह नहीं दिखी।

**समय–12.30 बजे।**
**स्थान–आंबेडकर चौराहा।**

**दृश्य 4** गोंडा-लखनऊ मार्ग पर डीएम कार्यालय के सामने दो व चार पहिया सवार नियमों को ताख पर रखकर आवागमन करते मिले। स्कूटी चला रहा युवक मोबाइल पर बात करते हुए निकला। इसी तरह से एलबीएस चौराहे पर भी लोग बिना हेलमेट के दिखे। पुलिस कर्मी भी नियमों का उल्लंघन करते दिखे।

# छप्पर जलाने के आरोप में सात साल की सजा

**गोंडा।** अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी नवीन जितेंद्र गुप्ता ने 15 साल पहले रिहायशी छप्पर जलाने व धमकी देने के जुर्म में एक आरोपी को सात वर्ष का सश्रम कारावास और 28 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मनकापुर के ग्राम हरनाटायर चंदामऊ निवासी परशुराम पांडेय ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि एक जनवरी 2007 को रात 11 बजे गांव के ही बद्री यादव व हरीराम ने उसके रिहायशी छप्पर को जला दिया। गुरुवार अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी नवीन जितेंद्र गुप्ता ने रिहायशी छप्पर जलाने व जान से मारने की धमकी देने के जुर्म में आरोपी बद्री यादव को सात सश्रम कारावास और 28 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

# नशीला पाउडर रखने के दोषी को छह माह की सजा

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव ने नशीला पाउडर रखने के जुर्म में एक आरोपी को छह माह सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ला ने बताया कि करनैलगंज कोतवाली की पुलिस ने सात जनवरी 2014 को नईम निवासी चौरी कोतवाली करनैलगंज को नशीली गोली अल्प्राजोलम और डायजापाम के पाउडर के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में बताया था कि वह अल्प्राजोलम और डायजापाम को मिलाकर जो पाउडर बनाकर उसे यात्रियों को किसी बहाने से खिलाकर उनका सामान आदि ले लेता है। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आरोपी नईम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

विचारण के दौरान न्यायालय ने अपराध साबित होने पर दोषसिद्ध किया। मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राज बहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त नईम को अवैध रूप से नशीला पाउडर रखने के अपराध में छह माह के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# मिलावटी शराब बनाकर बेचने में दस साल की सजा

## बरामद किए गए थे शराब बनाने के उपकरण

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। नकली अपमिश्रित शराव वनाकर बेचने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने एक अभियुक्त को 10 साल सश्रम कारावास और 40 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि कोतवाली नगर की पुलिस ने नौ अगस्त 2020 को क्षेत्र के ग्राम पंडितपुरवा के पश्चिम एक झोपड़ी में छापा मारकर मन्ना सोनकर निवासी ग्राम रानीपुरवा जवनकी नगर कोतवाली नगर को पकड़ा था। पुलिस ने मौके पर शराब बनाने के उपकरण, 40 लीटर लहन, भट्ठी के पास से 460 ग्राम यूरिया, पांच लीटर शराब व 158 ग्राम नौसादर बरामद किया। भारतीय दंड संहिता व आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर पुलिस ने विवेचना की और पुख्ता साक्ष्य के आधार पर मन्ना सोनकर के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया। विचारण के दौरान पुख्ता साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने आरोपी मन्ना सोनकर को दोषसिद्ध किया। मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट डॉ. पल्लवी अग्रवाल ने आरोपी अभियुक्त मन्ना सोनकर को मिलावटी शराब बनाने, कारोबार करने के अपराध में दस साल का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है।

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# 3202 वाहनों से साढ़े 32 लाख शमन शुल्क वसूला

बलरामपुर, संवाददाता। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि नवंबर यातायात माह तरीके से पूरे जिले में चलाया जा रहा है। सभी थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों व यातायात क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया है कि अभियान चलाकर लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करें। साथ ही उन्हें बताएं कि अपने जीवन की सुरक्षा दृष्टिगत यातायात के नियमों का पालन करें।

उन्होंने कहा कि सभी थानाध्यक्ष व यातायात विभाग लगातार चेकिंग व जागरूकता अभियान चला रहा है। यातायात के नियमों का पालन करने वालों के विरुद्ध ई-चालान कर दंडित भी किया जा रहा है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी अरविंद सिंह ने कहा कि नवंबर माह में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जाता है। गुरुवार को तुलसीपुर, गैसड़ी व लौकहवा में उप संभागीय परिवहन विभाग कर्मचारियों के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही यातायात के नियमों का पालन न करने वाले 50 वाहन चालकों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। यातायात क्षेत्राधिकारी ज्योति श्री ने बताया कि शासन व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एक से आठ नवंबर तक 20 नुक्कड़ सभाएं, 21 विद्यालयों में गोष्ठी करके लोगों को यातायात के नियम को बताए गए हैं। नियमों का पालन न करने वालों का ई-चालान कर जुर्माने लगाया गया है। अभी तक जिले में 3202 वाहनों का ई-चालान कर 32 लाख 58 हजार 600 रुपया शमन शुल्क वसूला गया है।

# दो को सात-सात साल की सजा हुई

बलरामपुर। मानव वध का प्रयास करने के मामले में दो आरोपियों को सात-सात वर्ष का कारावास की सजा जिला जज ने सुनाई है। दोषियों को 80 हजार रुपए का अर्थदंड भी अदा करना होगा। जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम खम्हौवा निवासी अब्दुल हसन ने वर्ष 2017 में दो लोगों पर हत्या प्रयास की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय भेजा। न्यायालय में मानिटरिंग सेल प्रभारी केके यादव ने प्रभारी पैरवी की। घटना के समर्थन में गवाहों का बयान दर्ज कराया।

# सोने के जेवर उड़ाने वाले दो ठगों को गिरफ्तार किया

बलरामपुर, संवाददाता। श्रीदत्तगंज थाना पुलिस ने सर्राफा व्यापारी को चकमा देकर सोने का जेवरात उड़ाने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार को श्रीदत्तगंज कस्बा के सर्राफा व्यापारी शकील ने थाने पर सूचना दी थी।

बताया था कि बुधवार दोपहर एक बजे दो व्यक्ति उनकी दुकान पर बाइक से आए। उनके हाथ दो नकली सोने का आभूषण बेचा और दो असली सोने की चेन लेकर चले गए। कपट पूर्वक ले गए जेवरात की कीमत लगभग एक लाख रुपए थी। प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पाण्डेय ने पुलिस टीम को ठगों को गिरफ्तार करने के लिए लगाया था। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य के आधार पर धानेपुर गोण्डा निवासी हरीश कुमार पुत्र गंगा प्रसाद व शैलेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र कुलदीप शर्मा को उप निरीक्षक आलोक चंद्रा, हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव, कांस्टेबल योगेन्द्र पाल व अभिषेक सिंह ने गिरफ्तार कर लिया।

# जंगली लकड़ी कटान में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

ललिया। हरैया थाना की पुलिस ने सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में अवैध रूप जंगली पेड़ों को काटने वाले दो आरोपियों को गिरफतार कर जेल भेजा है। प्रभारी थाना निरीक्षक अखिलेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी आरोपी हीरालाल व राजित राम निवासी सोनपुर भुलभुलिया को पेड़ों को काटने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# स्कूली बच्चों को दें बाल अपराध की जानकारी

बलरामपुर। एसपी कार्यालय सभागार में गुरुवार को ललिया के पुलिस क्षेत्राधिकारी राधा रमण सिंह ने स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम की बैठक में कहा कि स्कूली बच्चों को सुरक्षा, बाल अपराध आदि की जानकारी दी जाए। उन्हें साइबर अपराध व यातायात प्रबंधन का ज्ञान कराना जरूरी है। पुलिस की पाठशाला जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को सेल्फ डिफेंस की जानकारी दी जाएगी।

# दो आरोपित गिरफ्तार

**हरैया सतघरवा:** सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में पेड़ काटने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव निवासी हीरालाल व राजित राम को हरा पेड़ काटने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।(संसू)

# खनन में एक गिरफ्तार

**बलरामपुर :** गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने बालू का अवैध खनन करने के मामले में एक को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर कुंवर प्रभात सिंह ने बताया कि जिगनिहा निवासी अजय कुमार यादव को बालू लदी ट्रैक्टर ट्राली के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संसू)

# बेटियों के लिए कारगर उपाय है सेल्फ डिफेंस

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में स्टूडेंट पुलिस कैडेट प्रोग्राम की बैठक की गई। इसमें बेटियों को आत्मरक्षा के बारे में बताया गया।

क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह ने कहा कि हर माह विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का तरीका बताया जा रहा है, जो विद्यालय सूची में शामिल नहीं हैं, उन्हें तत्काल शामिल कर लें। आत्मरक्षा के कार्यक्रम शुरु करा दें। कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा, बाल अधिकार, अपराध, साइबर अपराध, यातायात प्रबंधन व सड़क दुर्घटना से बचाव के बारे में बताया। बेटियों को सेल्फ डिफेंस के साथ उन्हें वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्प केयर 1098 व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के बारे में बताया जा रहा है। कार्यक्रम में उप निरीक्षक राम भजन प्रजापति, स्वतंत्र कुमार, प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज गैंसड़ी जितेंद्र कुमार यादव, सहायक अध्यापक राजकीय हाईस्कूल बिराहिमपुर नीलम गौड़ व सुजीत कुमार पाठक मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने रैली निकालकर यातायात नियमों की दी सीख




महराजगंज तराई बाजार में यातायात जागरूकता रैली निकालते पुलिसकर्मी ● जागरण

**संवादसूत्र, महराजगंज तराई (बलरामपुर)**: यातायात माह के अंतर्गत ललिया-हरैया-महराजगंज मार्ग पर छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी।

इंस्पेक्टर दिग्विजय यादव के नेतृत्व में निकली रैली में छात्र-छात्राओं ने कहा कि नाबालिग वाहन न चलाएं। दोपहिया चालक हेल्मेट व चारपहिया चालक सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें। इसके अलावा हमेशा वाहनों के वैध कागज साथ रखने, बीमा व प्रदूषण की जांच कराने की सलाह दी। थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह, राहुल कुमार, नीरज पाल मौजूद रहे।

## 447 ने दी बीएससी प्रथम वर्ष की परीक्षा

**संसू, बलरामपुर** : नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रवेशित छात्र-छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा गुरुवार को हुई। वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित बीएससी प्रथम वर्ष के पहले सेमेस्टर की परीक्षा में 447 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय व विभागाध्यक्ष डा. राजीव रंजन ने परीक्षा कक्ष का निरीक्षण किया। डा. मोहम्मद अकमल, डा. शिव महेंद्र सिंह, राहुल यादव, श्रवण कुमार, अजय कुमार, विपिन कुमार, सौम्या शुक्ला, राशि सिंह, जहीन हसन का विशेष योगदान रहा।

# हत्या के प्रयास में दो को सात साल कारावास

**संसू, बलरामपुर :** मारपीट कर हत्या का प्रयास करने के आरोप में अमवा गांव निवासी इमाम अली व तूफान को न्यायालय ने सात-सात साल कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 80-80 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि कोतवाली देहात के खमौवा निवासी अब्दुल हसन ने दो अभियुक्तों के विरुद्ध तहरीर देकर जान से मारने के प्रयास का आरोप लगाया था। पीड़ित की तहरीर पर देहात पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। विशेष लोक अभियोजक कुलदीप सिंह व मानीटरिंग सेल प्रभारी केके यादव की ओर से अभियुक्तों के खिलाफ न्यायालय को सभी साक्ष्य उपलब्ध कराए। प्रभावी पैरवी होने पर जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को दोषसिद्ध ठहराते हुए कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# टप्पेबाजी कर सोने की चेन चुराने वाले दो गिरफ्तार

**संसू, बलरामपुर :** श्रीदत्तगंज में सराफा व्यापारी मोहम्मद शकील के यहां टप्पेबाजी कर सोने की चेन चुरा ले जाने का राजफाश पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने घटना में शामिल हरीश कुमार निवासी पूरबगली व शैलेंद्र कुमार शर्मा निवासी भोगवा महेशभारी थाना धानेपुर जनपद गोंडा को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास चोरी की गई करीब एक लाख कीमत की दो सोने की चेन व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि नौ नवंबर को दोपहर एक बजे कस्बा श्रीदत्तगंज स्थित आभूषण की दुकान पर दो बाइक सवार पहुंचे थे। सराफा व्यवसायी मोहम्मद शकील के अनुसार दोनों ने नकली सोने का आभूषण देकर दो अदद असली सोने की चेन चुरा ले गए थे। मुकदमा दर्ज कर दोनों टप्पेबाजों की तलाश की जा रही थी। अभियुक्तों की गिरफ्तारी में उपनिरीक्षक आलोक चंद्रा, हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव, कांस्टेबल योगेंद्र पाल, अभिषेक सिंह शामिल रहे।

# प्रदेश में जिला रहा अव्वल

**बलरामपुर :** आइजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के निस्तारण में बलराम्पुर को प्रदेश में पहला स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि जिले ने प्रदेश स्तर के मूल्यांकन में 130 में से शत प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। आइजीआरएस पोर्टल पर अक्टूबर में 1053 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनका शत प्रतिशत निस्तारण करा दिया गया है। (संसू)

# सास, ननद व जेठ के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट

**बलरामपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट द्रुतगामी द्वितीय ने पीड़िता के प्रार्थना पत्र को संज्ञेय अपराध मानते हुए सास, ननद व जेठ के खिलाफ महिला थानाध्यक्ष बलरामपुर को मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। गोंडा जिले की रानी बाजार निवासी संगीता देवी का विवाह पूरबाटोला निवासी आकाश गुप्त से हुआ था। पीड़िता संगीता देवी ने आरोप लगाया है कि सास धर्मा गुप्ता, ननद मेमी गुप्ता व जेठ अन्नू एवं बिन्नू गुप्ता ने दहेज के लिए प्रताड़ित किया। सामान छीनकर पीड़िता को घर से भगा दिया। वहीं, पति आकाश गुप्ता ने आत्महत्या कर लिया। पति के मौत की सूचना दिए बिना परिजनों ने शव का दाह-संस्कार कर दिया। आरोप है कि परिजनों ने जबरन अलमारी तोड़कर उसमे रखा सामान व कागजात निकाल लिया। थाने पर मुकदमा न लिखे जाने से पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। (संवाद)

# अस्पतालों का भ्रमण करेंगे अधिकारी

रविवार को डेंगू का कोई केस नहीं मिला है। बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। बुखार के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ग्रामीण अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा बेहतर की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों की निगरानी के लिए सोमवार से जिला स्तरीय अधिकारी ग्रामीण अस्पतालों का भ्रमण करेंगे।

**-डॉ. एके सिंघल, प्रभारी सीएमओ बलरामपुर**

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# विरोध देख उलटे पांव लौट गई चकबंदी टीम

## नाराजगी



चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने का विरोध करते ग्रामीण।

विशेश्वरगंज, संवाददाता। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर में गुरुवार को चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने के लिए पंचायत भवन में चकबंदी विभाग के अधिकारियों की टीम पहुंची थी। शुरुआती दौर में ही चकों के अनियोजित फेरबदल से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ गई। गांव के सभी लोगों ने चकबंदी प्रक्रिया को बंद करने की मांग करने लगे। बढ़ते विरोध व भीड़ को देखकर विभागीय अधिकारी उलटे पांव वहां से निकल लिए।

चकबंदी विभाग की चार सदस्यीय टीम में एसीओ चकबंदी रामकुमार वर्मा, कानूनगो चकबंदी राजदेव, चकबंदी लेखपाल विजेंद्र पाल व इंद्रेश पूर्व से प्रस्तावित चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने के लिए पंचायत भवन में बैठक शुरू किया। खेत को इधर-उधर करने को लेकर किसानों में विरोध शुरू हो गया। देखते-देखते गांव के लोगों ने चकबंदी का विरोध करते नारेबाजी शुरू कर दिया। भारी विरोध व गुस्से को भांपते हुए अधिकारी चकबंदी शुरू करने या फिर रोक लगाने का बिना निर्णय दिए ही वहां से निकल गए। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में चकबंदी की जरूरत नहीं है। चकबंदी के दौरान कर्मचारियों की ओर से चकों को इधर-उधर हटाने के एवज में अवैध वसूली की जाती है।

बताया कि यहां वर्ष 2009 से चकबंदी प्रक्रिया सक्रिय है। कर्मचारियों की ओर से खेतों को इधर- उधर फर्जी तरीके हटाया जा रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि खेतों को सही करने के लिए उनसे से अवैध धनराशि की मांग की जा रही है।

# महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश

महसी। एक गांव की महिला शौच गई थी, नशे में धुत एक डंपर चालक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर उसका गला दबाकर मारने की कोशिश की। महिला के देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश की। कई घंटे बाद महिला खेत में बेहोशी की हालत में मिली। जिसे इलाज के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उसकी हालत में सुधार आया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हरदी थाना के एक गांव निवासिनी महिला बुधवार की देर रात शौच के लिए गांव के बाहर गई थी। उसका कहना है घात लगाए नशे में धुत डंपर चालक युवक उसे गन्ने के खेत में खीच ले गया, और जबरदस्ती करने लगा। उसके विरोध करने पर आरोपी ने महिला का गला दबाकर मारने का प्रयास किया, जिससे वह बेहोश हो गई। जब महिला देर तक घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। काफी देर बाद महिला गन्ने के खेत में बेहोशी में मिली।

# घर में घुसकर युवक की पिटाई से मौत, केस दर्ज

- मंदबुद्धि युवक के ढेला फेंकने पर बुधवार शाम हुआ था विवाद
- पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा लाश, गैर इरादन हत्या का केस

बहराइच, संवाददाता। एक मंदबुद्धि युवक ने बुधवार की शाम छत से ढेला फेंक दिया। एक घर की बाउंड्री से ढेले के टकराने पर आधा दर्जन हमलावरों ने घर में घुसकर युवक की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। रात में उसका इलाज़ कराया गया, गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई । पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की धाराओं में चार को नामजद कर केस दर्ज कर पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दिया है।

मोतीपुर थाने के मिहींपुरवा कस्बे के कुड़वा के मजरा पांडेपुरवा निवासी लगभग 25 वर्षीय पप्पू पुत्र हरीराम बुधवार शाम छत पर टहल रहा था। उसने छत से ढेला फेंका, जो एक घर की बाउंड्री से टकरा गया। जिस पर विवाद हुआ जिसे लोगों ने शांत करा दिया। देर रात लगभग आधा दर्जन हमलावरों ने घर में घुसकर पप्पू की बेरहमी से धुनाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों के जाने पर परिजनों ने घायल का इलाज कराया। गुरुवार सुबह पप्पू सोकर नहीं उठा, तो परिजनों ने उसे जगाने की कोशिश की। तब पता चला कि पप्पू की सांसे थम चुकी हैं। जिससे घर में हाहाकार मच गया।

मिहींपुरवा चौकी इंचार्ज उमेश चन्द्र सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस बल के साथ पहुंचे। कुछ देर बाद सीओ मिहींपुरवा राहुल पांडेय, एसएचओ मुकेश कुमार सिंह भी पहुंच गए। सीओ ने मृतक के पिता का बयान दर्ज किया है।

## बिजली चोरी की वर्ष 2020 में लिखी 13 प्राथमिकी अटकीं, इस साल अब तक दर्ज हो चुके 756 केस

# थाने पर 1018 मुकदमों के विवेचना का बोझ

बहराइच, संवाददाता। बिजली थाने (एंटी पावर थेफ्ट) में साल-दर साल प्राथमिकी का बोझ बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में 1018 प्राथमिकी की विवेचनाएं लंबित हैं। थाने में मैन पॉवर की कमी के चलते एक दारोगा पर 400 प्राथमिकी की विवेचना का बोझ है। कार्य की अधिकता की वजह से दो साल बाद केस में चार्जशीट दाखिल हो पा रही है। हालांकि दो दिन पहले दो दारोगा की तैनाती होने से विवेचना को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

- पुलिस की कमी से समय पर कोर्ट में दाखिल नहीं हो रही चार्जशीट
- सरकार ने 2020 में एंटी पावर थेफ्ट थाना संचालन को मंजूरी दी थी

जिले में बिजली चोरी को रोकने के उद्देश्य से सरकार ने 2020 में एंटी पावर थेफ्ट थाना संचालन को मंजूरी दी थी, ताकि बिजली से जुड़े मामलों को तय समय पर निस्तारित कर राजस्व खजाने को भरा जा सके, साथ ही पुलिस थानों का भार कम किया जा सके। सिद्धनाथ टाकीज के पास अधिशाषी अभियंता कार्यालय परिसर में थाने का संचालन हो रहा है। इस थाने में एक इंस्पेक्टर, तीन दरोगा, छह हेड कांस्टेबल और पांच कांस्टेबल के पद सृजित हैं। स्थापना के बाद से ही थाने में सृजित पद के सापेक्ष पुलिस कर्मियों की तैनाती नहीं हुई। लिहाजा मुकदमों को बोझ साल-दर-साल बढ़ता रहा। वर्तमान में लंबित विवेचनाओं की संख्या एक हजार के पार पहुंच चुकी है। यह संख्या बढ़ती ही जा रही है।

**13** केस 2020 में कराए गए दर्ज

**249** मुकदमे वर्ष 2021 में दर्ज किए गए

**756** मुकदमे वर्ष 2022 हुए पंजीकृत

विवेचन में देरी के चलते बिजली चोरी करने वाले काफी समय तक न्यायालय के सामने पेश नहीं हो पाते। इंस्पेक्टर पीसी शुक्ल ने बताया कि प्राथमिकी की बढ़ती संख्या की तुलना में थाने में मैन पावर कम है, इसलिए विवेचनाओं का निस्तारण देरी से हो पा रहा है। अभी वर्ष 2020 में लिखी गई प्राथमिकी में से 13 की विवेचना बाकी है। थाने में मैन पावर बढ़ाने के लिए कई बार पत्राचार किया गया है। दो दिन पहले दो दारोगा की तैनाती हुई है।

### बिजली के इस साल दर्ज हुए रिकार्ड केस

बहराइच। एंटी पावर थेफ्ट थाना खुल जाने से बिजली विभाग मुकदमा दर्ज कराने में कदम नहीं खींच रहा है। उपभोक्ताओं ने जरा सी भी खींचतान किया तो रिपोर्ट थाने पर पहुंच जाती है। इससे जहां विभाग अपने कर्तव्यों से बच जाता है, वहीं पुलिस की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। इस साल 756 मुकदमें दर्ज किए गए हैं।

### जुर्माना भरने पर केस हो जाता है खारिज

बहराइच। बिजली चोरी पकड़े जाने पर सबसे पहले जेई या एसडीओ चेकिंग रिपोर्ट तैयार करते हैं। रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कराई जाती है। एक सप्ताह के अंदर बिजली चोरी करने वाला जुर्माना भर देता है, तो अधिशासी अभियंता क्लीन चिट दे सकते हैं। इसी के आधार पर रिपोर्ट को खारिज कर दिया जाता है। जिन मामलों में जुर्माना जमा नहीं होता है। उनके खिलाफ जांच कर आगे की कार्रवाई की जाती है।

> मैन पॉवर की कमी से विवेचना लंबित हैं, दो दारोगा की तैनाती हुई है। अब विवेचना में गति मिलेगी।

**पीसी शुक्ला**, प्रभारी निरीक्षक, एंटी पावर थेफ्ट थाना, बहराइच

# बहराइच में तेंदुए के हमले में 10 वर्षीय बालिका की मौत

- घर के बाहर खेलते समय बाघ ने किया हमला
- वन विभाग टीम कर रही कांबिंग, कैमरे लगाए

बहराइच, संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के मझरा बीट से लगे सोमईगौढ़ी गांव में घर के बाहर खेल रही बालिका पर गुरुवार की देर शाम तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। वन विभाग की टीम कांबिंग कर रही है। उच्च क्षमता के 10 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं।

मातीपुर रेंज के पलिहा गांव की 10 वर्षीय सीमा पुत्री राम चंद्र गुरुवार की शाम करीब सवा छह बजे घर के बाहर खेल रही थी। घर के पीछे गन्ने के खेत से निकले तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। बालिका की आवाज सुनकर घर के लोग बाहर दौड़े। लाठी-डंडों के साथ लोगों को आता देखकर तेंदुआ गन्ने में चला गया। हमले में बालिका की मौत हो गई।

घटना की सूचना पाकर रेंजर महेंद्र कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे हैं। ग्रामीणों को सजग रहने का सुझाव दिया गया है। नजर रखने के लिए कैमरे लगाए गए हैं। वन टीम गांव में कांबिंग कर रही है।

डीएफओ आकाशदीप बधावन ने बताया कि 10 हजार रुपये आर्थिक मदद पीड़ित परिजन को दिया गया है। पांच लाख रुपये की अहेतुक राशि भी मुहैया कराई जाएगी।

# तेंदुए के हमले में बालिका की मौत

## मोतीपुर वन रेंज के ग्राम सोमईगौढ़ी की घटना लोगों में दहशत

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** मोतीपुर वन रेंज के ग्राम सोमईगौढ़ी में तेंदुए के हमले में बालिका की मौत हो गई। गांव निवासी रामचंदर की नौ वर्षीय पुत्री सीमा कुमारी अपनी बड़ी बहन कविता कुमारी के साथ गुरुवार देर शाम शौच के लिए जा रही थी। झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उसको दबोच कर गन्ने के खेत में उठा ले गया। बड़ी बहन कविता के शोर मचाने पर पर ग्रामीण एकत्र हुए। काफी खोजबीन करने पर दूर गन्ने में उसका शव क्षत-विक्षत अवस्था में बरामद हुआ।

मौके पर जलिमनागर चौकी इंचार्ज सूरज कुमार पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचकर जांच की। पूर्व प्रधान कैलाश यादव ने बताया कि वन विभाग को सूचना दी गई है। अधिवक्ता ओमप्रकाश यादव ने बताया कि गांव में काफी दहशत है। आए दिन हिंसक जंगली जानवर आबादी में पहुंच कर लोगों पर हमला कर रहे हैं। प्रशासन को इसका उपाय ढूंढना चाहिए।



प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वन कर्मियों को मौके की ओर भेजा गया है। लोगों से सतर्क रहने को कहा जा रहा है। लोगों से आग्रह है कि वे जंगल की ओर अकेले कतई न निकलें।

**शिकारी गिरफ्तार-संसू, मिहींपुरवा/मुर्तिहा** : ककरहा वन रेंज के भिउरा जंगल में गुरुवार शाम वनकर्मी गश्त पर निकले थे। इस दौरान बाइक सवार किशुनदयाल निवासी पाठकपुरवा मधवापुर को पकड़ लिया गया। वन दारोगा आलोक मणि ने बताया कि उसके पास से दो किलो प्रतिबंधित जंगली सूकर का मांस बरामद हुआ।

### इस साल तेंदुए के हमले में मौत की तीसरी घटना

जंगल से बाहर भोजन की तलाश में निकल रहे तेंदुए लगातार मानव जीवन के लिए चुनौती बन रहे हैं। तेंदुए के हमले में इस वित्तीय वर्ष में तीन मौतें हो चुकी हैं, जबकि 35 लोग घायल हो चुके हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में तेंदुए के हमले में सात लोगों की मौत हुई थी, जबकि 39 लोग घायल हो गए थे। इसके पहले 2020-21 में तेंदुए के हमले में चार लोगों को जान गंवानी पड़ी थी, जबकि 46 को गंभीर चोटें आई थी। लगातार तेंदुए के हमले की बढ़ती घटनाएं वन विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। जंगल के आसपास बसा आम आदमी भी तेंदुए की सक्रियता को लेकर सहमा हुआ है।

# नेपाल के आम चुनाव में सील होगी सीमा

जासं, बहराइच : पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाले सामान्य निर्वाचन-2022 के मद्देनजर नेपालगंज के बांके जिला स्थित साल्टी होटल में भारत-नेपाल समन्वय बैठक हुई। इसमें 72 घंटे तक सीमा को सील किए जाने पर सहमति दोनों देशों के अधिकारियों ने जताई। तीन दिनों तक एसएसबी, वन विभाग व पुलिस के खुली सीमा पर पेट्रोलिंग बढ़ाए जाने पर भी चर्चा की।

- नेपालगंज के बांके जिले में हुई भारत-नेपाल समन्वय बैठक
- 17 नवंबर की रात होगी सील, 20 से शुरू होगा आवागमन



नेपाल के बांके जिले मे आयोजित बैठक मे मौजूद अधिकारीगण ● सूचना विभाग

बैठक में नेपाल के बांके व बर्दिया तथा जिलाधिकारी बहराइच डा. दिनेश चंद्र के नेतृत्व में बहराइच व श्रावस्ती जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस, एसएसबी, वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम ने आश्वस्त किया कि नेपाल के आम चुनाव में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सीडीओ बांके सूर्य बहादुर खत्री ने बताया कि आम चुनाव के दृष्टिगत नेपाल सरकार ने 17 नवंबर की रात 12 बजे से 20 नवंबर की रात 12 बजे तक भारत-नेपाल सीमा आवागमन के लिए बंद रहेगी।

बैठक के दौरान डीएम श्रावस्ती नेहा प्रकाश, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, श्रावस्ती के अरविंद कुमार मौर्य, कमांडेंट एसएसबी 42 वीं बटालियन के तपन कुमार दास, 59 वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर, 62 वीं बटालियन के आरके राजेश्वरी, एसडीओ वन मनीष शर्मा मौजूद रहे।

# घर में ईंट फेंकने के विवाद में युवक को पीटकर मार डाला

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज, शुरू की आरोपियों की तलाश

**मिहींपुरवा (बहराइच)।** मोतीपुर थाना अंतर्गत मिहींपुरवा कस्बा के पांडेयपुरवा निवासी एक युवक द्वारा पड़ोसी के घर में ईंट फेंक दी गई थी। गुस्साए पड़ोसियों ने युवक के घर में घुसकर उसकी जमकर पिटाई की। जिससे युवक की मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

मिहींपुरवा कस्बा के पांडेयपुरवा निवासी पप्पू (25) मनोरोगी था। बुधवार की रात छत पर टहलते समय उसने पड़ोसी बंटी मदेशिया के घर के शटर पर ईंट फेंक दी थी। जिससे विपक्षी आक्रोशित हो गए और घर में घुसकर उसके पुत्र की जमकर पिटाई की। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।



पांडेयपुरवा में हत्या के बाद जांच करती पुलिस। -संवाद

घटना की सूचना मृतक की मां कलावती ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए कलावती की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर के आधार पर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों क तलाश शुरू कर दी गई है।

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए नेपाल को हर संभव मदद



नेपाल के बांके में आयोजित समन्वय बैठक में मौजूद भारत व नेपाल के अधिकारी। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## नेपालगंज के बांके में हुई भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक

## चुनाव के दौरान सीमा पर तीन दिन तक बंद रहेगा आवागमन

**बहराइच/श्रावस्ती।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाले चुनाव को पूरी निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में भरात हर संभव सहयोग देगा। यह भरोसा सीडीओ बांके सूर्य बहादुर खत्री ने दिलाया। वह बुधवार देर शाम को नेपालगंज के बांके इलाके में आयोजित भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक में हिस्सेदारी कर रहे थे। चुनाव के दौरान भारतीय सीमाओं से नेपाल में होने वाला आवागमन भी तीन दिन तक बंद रहेगा।

सीडीओ ने बताया कि आम चुनाव के दृष्टिगत नेपाल सरकार द्वारा 17 नवंबर की मध्य रात्रि 12 बजे से 20 नवंबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक भारत-नेपाल सीमा पर सभी तरह का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान सीमा स्तंभों, मादक पदार्थों व मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, सीमा पर हो रहे सड़क निर्माण व अन्य तरह की प्रतिबंधित गतिविधियों पर भी पूरी सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

बैठक के दौरान भारत की तरफ से श्रावस्ती की डीएम नेहा प्रकाश व बहराइच के डीएम डॉ. दिनेश चंद्र के साथ ही दोनों जिलों के एसपी, कमांडेंट एसएसबी 42वीं बटालियन, 59वीं बटालियन डिप्टी कमांडेंट समेत दोनों ही जिलों के अन्य अधिकारी और नेपाल की तरफ से सीडीओ बर्दिया बंधु प्रसाद बस्तोला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में दोनों देशों के अधिकारियों ने एक दूसरे को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 11-11-2022

# नियम उल्लंघन पर काटे गए वाहनों के चालान

श्रावस्ती। पुलिस ने चेकिंग वाहनों के पेपर, डीएल, हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट आदि को चेक किया। इसमें नौ वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाये गए। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में चालान किया गया। चालान किए गए वाहनों के स्वामियों पर 85 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने चेकिंग करते हुए वाहन चालकों को मानक पूरा करने के साथ ही नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया।

# अवैध चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। गिलौला की पुलिस ने मोहम्मदपुर मोड़ के पास संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान व्यक्ति के कब्जे से एक अदद अवैध चाकू बरामद हुआ। इस पर बरामद चाकू को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान विपिन कुमार मिश्रा पुत्र संजय कुमार मिश्रा निवासी सुविखा थाना गिलौला के रूप में हुई।

# जनता दर्शन में एसपी ने सुनीं शिकायत

श्रावस्ती। एसपी अरविन्द कुमार मार्य ने जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनीं। एसपी ने पुलिस को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और समय से उसका निस्तारण कराया जाए। बार-बार शिकायत कर्ता को दौड़ाया न जाए। यदि इसमें लापरवाही करते पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें तीन भूमि विवाद, चार पारिवारिक विवाद जबकि सात अन्य विवाद से संबंधित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत मेले में लगा कैंप

इकौना। मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को महिला सिपाहियों ने सीताद्वार मेले में कैंप लगाया। कैंप के माध्यम से महिलाओं को मिशन शक्ति की जानकारी दी और उनके अधिकार बताए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे टोल फ्री नंबर की जानकारी दी गई।

# 58 सिलेण्डर और रिफिलिंग टूल जब्त

**छापेमारी**

**श्रावस्ती, संवाददाता।** अवैध तरीके से गैस रिफलिंग के धंधेबाज बिना लाइसेंस के गैस रिफिल कर रहे हैं। सूचना पर विभाग ने गुरुवार को छापेमारी कर एक व्यक्ति के घर 58 गैस सिलेण्डर, रिफिल टूल और कांटा जब्त किया है।

जिला पूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली कि भिनगा के एक मोहल्ले में अवैध गैस रिफलिंग किया जा रहा है। सूचना के बाद कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक जमुनहा राजेश सिंह, पूर्ति निरीक्षक भिनगा विवेक श्रीवास्तव और कनिष्ठ सहायक भिनगा विवेक तिवारी की ने अवैध रूप से गैस रिफिलिंग और स्टॉक रखने पर अतेश कुमार उर्फ रामजी पुत्र हरिमोहन निवासी मोहल्ला-टण्डवा वार्ड नंम्बर 18 रजानगर के घर पर छापेमारी की गयी। जिसमें 33 कामर्शियल सिलेण्डर, 18 घरेलू सिलेण्डर तथा सात (पांच किग्रा) का छोटा सिलेण्डर समेत कुल 58 सिलेण्डर बरामद हुआ। बरामद सिलेण्डरों के साथ टीम ने मौके से अवैध गैस रिफलिंग टूल्स व एक कुंतल वजन का इलेक्ट्रानिक कांटा जब्त कर लिया।

पुलिस ने बैंकों की
की सुरक्षा जांची

# छापेमारी में 58 अवैध गैस सिलिंडर जब्त

**जासं, श्रावस्ती :** भिनगा नगर के पुरानी बाजार के मुहल्ला रजानगर में गुरुवार को एक घर में गैस रीफिलिंग का भंडाफोड़ करते हुए जिलापूर्ति विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने 58 गैस सिलिंडर बरामद किए हैं। आरोपित के विरुद्ध भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने की तहरीर दी गई है। जिलापूर्ति अधिकारी दीपक कुमार के निर्देशन में पूर्ति निरीक्षक जमुनहा, भिनगा व कनिष्ठ सहायक ने पुलिस टीम के साथ रजानगर निवासी अतेश कुमार उर्फ रामजी के घर पर छापेमारी की। इस दौरान 33 कामर्शियल, 18 घेरलू व सात छोटे सिलिंडर बरामद हुए। गैस रीफिलिंग टूल्स व एक क्विंटल का इलेक्ट्रानिक कांटा बरामद हुआ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाओं की मौत

**संसू, जमुनहा( श्रावस्ती)** : अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध परिस्थितियों में दो महिलाओं की मौत हो गई। मल्हीपुर क्षेत्र के महजिदिया गांव निवासी रुकसाना का शव उसके कमरे में छत के कुंडे में साड़ी के सहारे लटकता मिला। इसी प्रकार ककरदरी गांव में शायमा का भी शव कमरे में छत के कुंडे में साड़ी के सहारे लटकते मिला। मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

# छापेमारी में 52 लीटर कच्ची शराब बरामद, एक बंदी

**जासं, श्रावस्ती :** आबकारी व पुलिस की संयुक्त टीम संयुक्त टीम ने गुरुवार को सोनवा के खुरुहरी गांव में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में निर्मित व अर्धनिर्मित कच्ची शराब बरामद हुई।

आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि डीएम नेहा प्रकाश के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह व अरविंद कुमार सिंह ने सोनवा पुलिस टीम के साथ खुरुहरी गांव में छापेमारी कर दबिश दी। इस दौरान छिपाकर रखी गई 52 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। टीम ने बरामद 200 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट कराया। इस दौरान टीम ने एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।


No
Un
He
Ba
Ra
Ga
Sh
Bo
do
htt
P.M
Pro
Pro
qua
no
htt
htt

# शांति भंग की आशंका में नौ को पकड़ा

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान बुधवार रात नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनके विरुद्ध शांति भंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के सुपुर्द कर दिया गया है। (संवाद)

# नौ वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने गुरुवार को नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर जांच अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने नौ वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान पुलिस ने 85,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)

# छापे में 58 गैस सिलिंडर बरामद

**श्रावस्ती।** भिनगा नगर के मोहल्ला टंड़वा स्थित एक मकान में गुरुवार को प्रभारी निरीक्षक भिनगा जितेंद्र कुमार सिंह ने छापा मारा। जहां मोहल्ला निवासी रामजी के घर से 58 गैस सिलिंडर बरामद हुए। इसमें 33 कॉमर्शियल, 18 घरेलू व सात छोटे सिलेंडर शामिल हैं। जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। (संवाद)

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने बुधवार रात गश्त के दौरान मोहम्मदपुर मोड़ के पास एक युवक को रोककर पूछताछ की। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम सुविखा निवासी विपिन कुमार मिश्रा के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने शस्त्र अधिनियम में कार्रवाई किया है। (संवाद)

# शांतिपूर्ण चुनाव के लिए नेपाल को हर संभव मदद



नेपाल के बांके में आयोजित समन्वय बैठक में मौजूद भारत व नेपाल के अधिकारी। -संवाद

## नेपालगंज के बांके में हुई भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक

## चुनाव के दौरान सीमा पर तीन दिन तक बंद रहेगा आवागमन

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच/श्रावस्ती।** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाले चुनाव को पूरी निष्पक्षता के साथ शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में भरात हर संभव सहयोग देगा। यह भरोसा सीडीओ बांके सूर्य बहादुर खत्री ने दिलाया। वह बुधवार देर शाम को नेपालगंज के बांके इलाके में आयोजित भारत-नेपाल समन्वय समिति की बैठक में हिस्सेदारी कर रहे थे। चुनाव के दौरान भारतीय सीमाओं से नेपाल में होने वाला आवागमन भी तीन दिन तक बंद रहेगा।

सीडीओ ने बताया कि आम चुनाव के दृष्टिगत नेपाल सरकार द्वारा 17 नवंबर की मध्य रात्रि 12 बजे से 20 नवंबर की मध्य रात्रि 12 बजे तक भारत-नेपाल सीमा पर सभी तरह का आवागमन बंद रहेगा। इस दौरान सीमा स्तंभों, मादक पदार्थों व मानव तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, सीमा पर हो रहे सड़क निर्माण व अन्य तरह की प्रतिबंधित गतिविधियों पर भी पूरी सख्ती से रोक लगाई जाएगी।

बैठक के दौरान भारत की तरफ से श्रावस्ती की डीएम नेहा प्रकाश व बहराइच के डीएम डॉ. दिनेश चंद्र के साथ ही दोनों जिलों के एसपी, कमांडेंट एसएसबी 42वीं बटालियन, 59वीं बटालियन डिप्टी कमांडेंट समेत दोनों ही जिलों के अन्य अधिकारी और नेपाल की तरफ से सीडीओ बर्दिया बंधु प्रसाद बस्तोला समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के अंत में दोनों देशों के अधिकारियों ने एक दूसरे को स्मृति चिन्ह भेंट किया।